* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 192















### प्रधानमंत्री का आज से दो दिवसीय झारखंड दौरा

# चाइबासा में जनसभा रांची में रोड-शो आज

- सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, रास्ते में लग रही बैरिकेडिंग
- जनसभा की तैयारी में जुटे भाजपा के प्रदेश नेता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में तीसरे फेज से चुनाव शुरू है। यहां 13 मई को पहले चरण का मतदान होगा। इसके लिए नामांकन दाखिल किये जा चुके हैं। अब प्रत्याशी चुनाव प्रचार में लगे हैं। प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के नेताओं का दौरा चल रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय झारखंड दौरा हो रहा है। नरेंद्र मोदी शुक्रवार को चाइबासा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद रांची में रोड शो होगा। अगले दिन यानी 4 मई को पलामू और लोहरदगा में सभा को संबोधित करेंगे।

**शाम को पहुंचेगे प्रधानमंत्री:** प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री शुक्रवार शाम को लगभग 4 बजे रांची हवाई अड्डा पहुंचेंगे। यहां से हैलिकाप्टर के जरिए चाइबासा जायेंगे। प्रधानमंत्री चाइबासा में 45 मिनट रुकेंगे। यहां भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में लोगों से वोट की अपील करेंगे।

**रांची में रोड-शो की तैयारी:** प्रधानमंत्री शाम करीब 5.45 में चाइबासा से रांची लौटेंगे। यहां रांची हवाई अड्डे से राजभवन तक रोड से जायेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री केरोड-शो का कार्यक्रम है। स्थानीय प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गयी हैं। लोगों की भीड़ प्रधानमंत्री के पास में न पहुंच जाये, इसके लिए भारी संख्या में सुरक्षा बल की ड्यूटी लगायी गयी है।

**राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे मोदी:** प्रधानमंत्री रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगे। राजभवन में तैयारी पूरी हो गयी है। कार्यक्रम के अनुसार पीएम रोड-शो करते हुए लगभग 7 बजे तक राजभवन पहुंचेंगे। संभव है कि यहां प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मिलें।

**4 मई को पलामू और लोहरदगा में जनसभा:** नरेंद्र मोदी 4 मई की सुबह लोहरदगा और पलामू में सभा को संबोधित करेंगे। वह राजभवन से एयरपोर्ट पहुंचेंगे और हेलिकॉप्टर से दोनों जगह जायेंगे। पहले पलामू फिर लोहरदगा में सभा होगी। लोहरदगा में वह भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव और पलामू से वीडी राम के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील करेंगे। दोनों जगहों पर दोपहर 1.30 बजे तक कार्यक्रम समाप्त कर वह रांची एयपोर्ट वापस आयेंगे और यहां से दरभंगा के लिए रवाना हो जायेंगे।

### पलामू और लोहरदगा में कल सभा



### भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह सेमत अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। मीडिया से बात करते हुए प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर 3 मई को शाम 4 बजे रांची पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा राजपथ पर हिनू चौक, बिरसा चौक, डीपीएस चौक, अरगोड़ा चौक, भाजपा प्रदेश कार्यालय, हरमू चौक,सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक पर लोग प्रधानमंत्री का स्वागत हजारों की संख्या में कतारबद्ध होकर करेंगे। भारत माता चौक से बाल्मिकी नगर, किशोरगंज चौक, गाड़ी खाना चौक, मारवाड़ी भवन गौशाला, गिरधर प्लाजा, रातू रोड चौक तक प्रधानमंत्री रोड शो करेंगे।

# झुकना आदिवासियों के डीएनए में नहीं: कल्पना

पूर्व विधायक सालखन सोरेन के परिजनों से मिलीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन चुनाव प्रचार में जुट गयी हैं। गांडेय विधानसभा क्षेत्र से नामांकन के बाद से लगातार वह सक्रिय हैं। कल्पना सोरेन ने गुरुवार को एक बार फिर भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के गिरफ्तार होने के बाद झामुमो और उनके परिवार को गहरा आघात लगा है। उन्होंने कहा कि झुकना हम आदिवासियों के डीएनए में नहीं है और हेमंत सोरेन अब और भी ज्यादा मजबूत होकर उभरेंगे। उन्होंने कहा कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। एक इंटरव्यू में परिवार में कथित विवाद और सीता सोरेन के पार्टी छोड़ने पर कल्पना ने कहा कि उनके परिवार में पूरी एकता है और झामुमो से अलग होने का फैसला सीता सोरेन का ही था। कल्पना ने कहा कि उन्हें राजनीति कभी भी पसंद नहीं रही, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें इसमें धकेल दिया। उधर, कल्पना मुर्मू सोरेन ने पूर्व विधायक सालखन सोरेन के बेंगाबाद स्थित घर पर उनकी पत्नी, कर्मिला टुडू और परिवार के अन्य लोगों से मुलाकात भी की। वह धीरे-धीरे पार्टी में लोगों को जोड़ रही हैं।

### सीता सोरेन ने कल्पना पर लगाया गंभीर आरोप

# गुरुजी की सेहत से खिलवाड़ : सीता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सोरेन परिवार के भीतर देवरानी-जेठानी का झगड़ा फिर सार्वजनिक हुआ है। इस बार शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने अपनी देवरानी कल्पना सोरेन पर गंभीर आरोप लगाये हैं। सीता ने कल्पना पर गुरुजी की सेहत के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। सीता सोरेन ने आरोप लगाया है कि शिबू सोरेन की तबीयत नासाज रहती है, बावजूद इसके उन्हें रैलियों और सभाओं में शामिल किया जा रहा है। कड़ी धूप में उनको संबोधन के लिए मजबूर किया जा रहा है। सीता सोरेन ने कहा कि चिलचिलाती धूप में बाबा (शिबू सोरेन) को रैलियों में ले जाया गया। उनको बिठा कर रखा। उन्होंने कहा कि विपक्ष सत्ता की खातिर कुछ भी कर सकता है। सीता सोरेन ने आरोप लगाया है कि कल्पना सोरेन, गुरुजी को खत्म करना चाहती है।

### झामुमो बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# भाजपा को उखाड़ फेंकना है : चंपाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के अधीन सभी छह विधानसभा सीटों से भाजपा को उखाड़ फेंका गया था। एक बार फिर वही ताकत दिखानी है। इस बार लोकसभा चुनाव में भी उसी तरह से भाजपा को जमशेदपुर क्षेत्र से हराना है। यहां से भाजपा को उखाड़ फेंकना है। इस लोकसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लें। मुख्यमंत्री गुरुवार को घाटशिला में विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

जमशेदपुर से पार्टी प्रत्याशी समीर मोहंती की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें मुख्यमंत्री के अलावा प्रत्याशी समीर मोहंती, विधायक रामदास सोरेन, संजीव सरदार आदि मौजूद थे।

### झारखंड की सलीमा टेटे बनीं कप्तान

**रांची (आजाद सिपाही)।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआइएच प्रो लीग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की, जो बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में भाग लेगी। टूर्नामेंट में टीम की कमान झारखंड के सिमडेगा की सलीमा टेटे संभालेंगी। सलीमा को हाल ही में प्लेयर ऑफ द इयर 2023 के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# संजय सेठ और अन्नपूर्णा देवी ने किया नामांकन





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/गिरिडीह।** रांची लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार संजय सेठ ने गुरुवार को नामांकन किया। इस मौके पर उनके साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, अमर बाउरी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और जदयू के खीरू महतो मौजूद रहे। नामांकन से पहले मोरहाबादी में सभा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे। धामी समेत अन्य नेताओं ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा और संजय सेठ के पक्ष में वोट करने की अपील की।

वहीं, गिरिडीह में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लिए भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक केदार हाजरा, पूर्व मंत्री मीरा यादव समेत अन्य नेतागण मौजूद थे। नामांकन मौके पर जनसभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद थे। नेताओं ने अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में वोट करने की अपील की।

- रांची में उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सभा को किया संबोधित
- अन्नपूर्णा के नामांकन में मौजूद रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी
- उत्तरप्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने गिरिडीह में सभा को किया संबोधित

### तुष्टिकरण का जहर घोल रहा कांग्रेसी गैंग: धामी



रांची। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रांची में आयोजित चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेसी गैंग तुष्टिकरण का जहर घोल रहा है। कांग्रेस आपका अधिकार छीन कर एक विशेष समुदाय को देना चाहती है। हमें भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद की सोच को सत्ता में आने से रोकना है। धामी रांची के मोरहाबादी में एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में सभा को संबोधित कर रहे थे। धामी ने कहा कि पहले भारत कमजोर हाथों में था, लेकिन अब मजबूत हाथों में है। अपने 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ाया है। मोदी जी ने प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि अभिभावक के रूप में देश और नागरिकों की चिंता की। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने का सौभाग्य भी नरेंद्र मोदी के शासनकाल में हुआ। कि एक तरफ भाजपा विकास के लक्ष्य पर काम कर रही है। दूसरी तरफ घोटालेबाज और भ्रष्टाचारियों की फौज है।

### भाजपा ही कर सकती है देश का विकास: बाबूलाल मरांडी



गिरिडीह। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में एक बार फिर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को बिजयी बना कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में मंत्री के रूप में अन्नपूर्णा देवी ने केंद्र सरकार के सहयोग से विकास के कई कार्य किये हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत कोडरमा की धरातल पर उतारने का काम किया है। पलायन सहित कुछ काम रह गये हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए वह कटिबद्ध हैं। इस दौरान उन्होंने कोडरमा लोकसभा की जनता से अन्नपूर्णा देवी पक्ष में मतदान करने की अपील की।


### दिलीप वर्मा ने नामांकन किया

गिरिडीह। गांडेय उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने नामांकन दाखिल किया। गिरिडीह की चुनावी सभा में उत्तरप्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बाबूलाल मरांडी समेत अन्य मौजूद थे ।

### भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण को लेकर कटिबद्ध : मौर्य



गिरिडीह। उत्तरप्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में पूरे देश में रिकॉर्ड बन रहा है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर रिकॉर्ड बनाना है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ मोदी सरकार, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करना है। भाजपा गरीबों की सेवा करने वाली पार्टी है, जबकि अन्य पार्टियां सिर्फ गरीबों का शोषण करना जानती हैं। मोदी जी ही एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो गरीब गुरबों और किसानों के साथ साथ जनमानस की सेवा करने के लिए घंटों मेहनत करते है। आजादी के बाद से कांग्रेस ने देश की जनता को गरीबी और अव्यवस्था की ओर धकेलने का काम किया था, जबकि मोदी जी ने सिर्फ 10 सालों में देश और देश की जनता की तस्वीर बदल दी है।

# हजारीबाग में मनीष जयसवाल और जेपी पटेल के बीच क्या है फर्क

## ■ जेपी के समक्ष इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं को एक साथ जोड़ने की चुनौती

## ■ समर्पण की भावना से मनीष के लिए काम कर रहे भाजपा और आजसू के कार्यकर्ता

**आजाद सिपाही विशेष**

जिस तरह से झारखंड में लोकसभा चुनाव की खुमारी जनता के बीच सिर चढ़ कर बोल रही है, उससे तो यही पता चल रहा है कि झारखंड में गर्मी का तापमान भी उसके सामने फीका महसूस पड़ रहा है। पिछले दिनों के घटनाक्रम पर अगर नजर डालें तो ज्ञात होता है कि राजनीतिक पार्टी का सांगठनिक ढांचा कैसा होना चाहिए। चुनाव तो कई दल लड़ते हैं, लेकिन कौन कितने अनुशासन में रह कर चुनाव की तैयारी करता है और लड़ता है वह बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। यहां बात हो रही है हजारीबाग लोकसभा की। जिस प्रकार से भाजपा और इंडी गठबंधन के संगठन कार्यकर्ता चुनावी सभा के दौरान अपना काम कर रहे हैं, उसका मैसेज भी जनता के बीच खूब जा रहा है। लोग इसे लेकर बातें भी कर रहे हैं। मंच पर लगी कुर्सियां भी पार्टी के अनुशासन को बयां करती हैं। हर नेता का अपना महत्व होता है। क्षेत्र के हिसाब से महत्व बदलता रहता है। क्षेत्र की जनता अपने नेता का सम्मान देखना चाहती है। वह उसे मंच पर सही स्थान प्राप्त करते भी देखना चाहती है। लेकिन यह हर दल की व्यवस्था निर्धारित करने वाले समझ नहीं पाते। जो समझ जाता है, वह चमक जाता है, जो ना समझा वह धूमिल हो जाता है। 1 मई को आजाद सिपाही की भ्रमण टीम हजारीबाग में थी। उद्देश्य था वहां के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल और महागठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल के नामांकन कार्यक्रम और सभा को कवर करना। दोनों ही जगहों पर यह टीम गयी और बारीकी से हर चीज को परखा। मनीष जयसवाल और जेपी पटेल के कार्यक्रमों में जो कुछ दिखा, वह हम आपके समक्ष रख रहे हैं। हम हार-जीत पर भविष्यवाणी नहीं कर रहे, बल्कि चार घंटे वहां जो कुछ देखा और महसूसा उसे आपके सामने रख रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

### चिलचिलाती धूप में समर्थकों का समर्पण बहुत कुछ बयां कर देता है

**हजारीबाग** के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल और कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के नामांकन के दौरान जिस प्रकार से जनता का उत्साह देखा गया, उससे आभास होता है कि हवा का रुख क्या है। जिस प्रकार से भाजपा की सभाओं में मेला सरीखी भीड़ आ रही है, उससे पता चलता है कि भाजपा की जड़ें कितनी गहरी होती चली जा रही हैं। भाजपा के कार्यकर्ता किस लगन और उत्साह से जमीनी स्तर काम कर रहे हैं। चिलचिलाती धूप में भी जनता के समर्पण को सिरे से नकारा नहीं जा सकता। दो मुख्य प्रत्याशियों की सभा की बात की जाये तो भाजपा की सभा में जो भीड़ उमड़ रही है, वह अंत तक मंच के करीब बनी रह रही है। इतनी धूप में भी भाजपा के समर्थकों का समर्पण देखते ही बन रहा है। वहीं इंडी गठबंधन की सभाओं की बात की जाये तो चिलचिलाती धूप में समर्थक बिखरे नजर आते हैं। यहां सबसे पहली लड़ाई तो सर चकरा देने वाली गर्मी से है, उसके बाद प्रत्याशियों से है। यहां यह भी नोटिस किया जा रहा है कि किनके समर्थकों में धूप से लड़ने की ज्यादा ताकत है।

### मनीष हैं उत्साहित, वहीं जेपी पटेल का चेहरा बहुत कुछ बोल गया


बुधवार को हजारीबाग के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल और कांग्रेस के प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में अलग-अलग जगहों पर सभा हुई। जेपी पटेल की सभा जिला स्कूल मैदान में हुई, वहीं मनीष जयसवाल की सभा कर्जन ग्राउंड स्टेडियम में हुई। आजाद सिपाही की भ्रमण टीम इन दोनों सभाओं में गयी थी। जेपी पटेल की सभा में मंच पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, गिरिडीह के झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो, कांग्रेस के प्रत्याशी जेपी पटेल और यशवंत सिन्हा, अंबा प्रसाद, उमाशंकर अकेला मुख्य रूप से उपस्थित थे। यहां समय को ध्यान में रखते हुए सभी ने अपनी-अपनी बातें रखीं।

### सभास्थल का दृश्य

जिला स्कूल मैदान में महागठबंधन की सभा में एक टेंट लगाया गया था। उसमें चालीस प्रतिशत जगह में लाल रंग की कुर्सियां लगायी गयी थीं। साठ फीसदी जगह खाली थी। मंच की दायीं ओर मैदान में कुछ पेड़ के किनारे लगभग तीन सौ लोग कुर्सी लगा कर जहां-तहां बैठे थे। सभास्थल पर लोगों का आना जाना लगा रहा। जितने लोग सभा स्थल पर होंगे, उससे लगभग आधी संख्या में लोग सभा स्थल से दूर जहां-तहां घूम रहे थे। कुछ झील की तरफ घूमने निकल गये थे, तो कुछ लौटने लगे थे, जबकि सभा मंच से अभी किसी बड़े नेता का भाषण नहीं हुआ था, लोग मंच पर आ गये थे। सभास्थल पर कुछ लोगों के हाथ में कांग्रेस का झंडा था। बाहर से आयी गाड़ियों में झंडा लगा था। उस सभा में सबसे ज्यादा मार्केबल बात जो लगी, वह यह कि मुख्यमंत्री और झामुमो के कई नेताओं के मंच पर मौजूद रहने के बावजूद वहां झामुमो का झंडा मुश्किल से दिख रहा था। हां मंच पर जरूर झामुमो का झंडा लगा था। लोगों के गले में पट्टा भी कम दिखा। सभास्थल के मंच पर स्टार प्रचारकों के साथ-साथ स्थानीय नेताओं का जमावड़ा लग गया था। सभी कुर्सी पर बैठ गये थे। काफी संख्या में खड़े भी थे। कहने का मतलब यह कि मंच पर जाने के लिए कोई क्रैटेरिया निर्धारित नहीं थी, जिसकी पहुंच थी, वह पहुंच गया, बाकी बाहर रह गये। यहां एक बात और साफ देखी गयी कि सभास्थल पर आनेवाले लोगों को बैठाने के लिए कोई कार्यकर्ता प्रयास नहीं कर रहा था। जिसका मन किया, वह बैठा और जिसका मन किया वह चलते बना। भीड़ तितर-बितर थी। वहां पानी के लिए लोग बेचैन थे। जेपी पटेल के पक्ष में हुई सभा के पास बहुत आसानी से वाहन से जाया जा सकता था। कह सकते हैं कि सड़क किनारे गाड़ियों की संख्या कम होने के कारण परेशानी नहीं हो रही थी। हां यहां पुलिस की मुश्तैदी ज्यादा देखने को मिली, कार्यकर्ताओं की नहीं। सभा के बीच में जेपी पटेल आये। उनके साथ तीन-चार स्थानीय नेता थे। वह मंच पर गये। लोगों को उन्होंने प्रणाम किया, कुछ के पैर छुए तो कुछ से हाथ मिलाया। फिर एक जगह बैठ गये। लगभग डेढ़ बजे सभा समाप्त हो गयी। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक और फिर स्थानीय नेता तक मंच से उठे और फिर अपनी गाड़ियों पर सवार होकर अपने गंतव्य की तरफ निकल गये। सभास्थल पर कुछ स्थानीय मीडियाकर्मियों की उपस्थिति थी। इनमें कुछ प्रिंट मीडिया के लोग थे, तो कुछ सोशल मीडिया के। कैमरा मैन या अन्य सोशल मीडियाकर्मियों के लिए किसी कोने में भी कोई व्यवस्था नहीं की गयी थी, ताकि वह कवरेज कर सकें। हां, तपती धूप में मीडियाकर्मी अपनी ड्यूटी निभा रहे थे। जहां-तहां खड़ा होकर। उन्हें भी पीछे से कुछ लोग दूसरी तरफ जाने को कह रहे थे। उनका कहना था कि सामने आ जाने से उन्हें दिखाई नहीं पड़ रहा है, जबकि मंच ऊंचाई पर बना था। कहने का मलतब कि यहां मीडिया मैनेजमेंट से लेकर सभा में शामिल होने आये लोगों को अपने हाल पर छोड़ दिया गया था।

### नामांकन और सभा स्थल पर जो कुछ देखा-सुना





कर्जन ग्राउंड में भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल की सभा थी। जिस समय आजाद सिपाही की भ्रमण टीम हजारीबाग पहुंची, उस समय कर्जन ग्राउंड स्टेडियम से आगे बढ़ने पर उसे लगभग पैंतालीस मिनट तीन सौ फुट की दूरी तय करने में लग गये। भला हो एक एंबुलेस का जो सभास्थल की तरफ से आयी और उसे पास कराने के लिए पुलिस जवान सक्रिय हुए। जैसे-तैसे रेंगते हुए हम जिला स्कूल मैदान के लिए आगे बढ़े। जेपी पटेल की सभा में जाने में कोई जाम नहीं मिला, हां, कुछ पुलिसकर्मी पांच सौ फुट पहले जरूर रोक रहे थे। आसानी से हम सभास्थल तक पहुंच गये और आसानी से वहां से निकल भी गये। पौने दो बजे आजाद सिपाही की टीम जिला स्कूल मैदान से कर्जन ग्राउंड पहुंची। रोड बिल्कुल क्लीयर। हम सड़क पर रूक गये, हमें लगा कि शायद सभा खत्म हो गयी है और सभी जा चुके हैं। हमारे एक सहयोगी गाड़ी से उतरे और उन्होंने कहा कि हम देख कर आते हैं। एक मिनट बाद उन्होंने हमें फोन किया कि आप लोग आइये, यहां सभा चल रही है और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बोल रहे हैं। हम सभास्थल पर पहुंचे। अंदर मैदान में एक बड़ा पंडाल बनाया गया था। वहां करीब आठ-दस हजार कुर्सियां लगायी गयी थीं। बगल में एक एक जगह मीडियाकर्मियों के लिए भी तय की गयी थी, जहां खड़ा होकर या बैठ कर वे रिपोर्टिंग और फोटोग्राफी को अंजाम दे रहे थे। कुछ लोग मंच के बगल में छाये में भी खड़े होकर रिपोर्टिंग कर रहे थे। इसमें बहुत सारे मीडियाकर्मी रांची से भी गये थे। पचास से ज्यादा मीडियाकर्मियों की वहां उपस्थिति थी। मंच पर आगे की कतार में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, बाबूलाल मरांडी, आजसू नेता चंद्रप्रकाश चौधरी, मनीष जयसवाल, मनोज यादव सहित बहुत सारे स्थानीय नेता मंच पर अपनी-अपनी कुर्सी पर बैठे हुए थे। बीच-बीच में सम्मानित करने का कार्यक्रम भी चल रहा था। सबसे अंत में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भाषण हुआ। यहां एक बात गौर करनेलायक है कि पंडाल में जो भीड़ बैठी थी, वह अंत तक बैठी रही। जो कार्यकर्ता जहां खड़ा था, वह वहां खड़ा रहा। सभा में शामिल होने आये लोगों को बैठाने से लेकर किनारे खड़ा करने तक सब कुछ व्यवस्थित तरीके से कार्यकर्ता कर रहे थे। सभास्थल के आसपास सड़क के दोनों तरफ वाहनों को व्यवस्थित तरीके से लगाया गया था। बाकी वाहन मेन सड़क पर दोनों तरफ बाकी मैदान में खाली जगह में पार्क हुए थे। वाहनों को पार्क कराने के लिए भी कार्यकर्ता मुश्तैद थे, ताकि किसी को परेशानी नहीं हो। यहां एक बात और गौर करने लायक थी कि जो भी कार्यकर्ता या समर्थक सभा में शामिल होने आ रहे थे से उनमें से अस्सी फीसदी लोगों के माथे पर गेरुवा गमछा और बाकी के गले में पटका लटका था। यहां भाजपा, आजसू, जदयू, लोजपा चिराग और लोजपा पारस गुट के झंडे कार्यकर्ताओं के हाथों में दिखे। यहां गर्मी से बचने के लिए पानी की व्ययवस्था की गयी थी। बगल में एक बड़ा सा पंडाल बना था। पूछने पर पता चला कि कार्यकर्ताओं-समर्थकों को खाने की व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम खत्म हुआ। सभा मंच से उतरने पर बाबूलाल मरांडी और भजनलाल शर्मा के पीछे मीडिया का हुजूम लग गया। मीडियाकर्मियों ने उन लोगों से सवाल जवाब किये। उन्होंने जवाब भी दिये। दस मिनट तक यह सिलसिला चलता रहा।

### कार्यकर्ताओं और समर्थकों को कनेक्ट करने की जरूरत दिखी कांग्रेस में

दोनों उम्मीदवारों की अगर बात की जाये, तो सभास्थल पर भाजपा के उम्मीदवार मनीष जयसवाल काफी उत्साहित नजर आ रह थे। वह हंसते हुए भी नजर आये और हाथ जोड़ते हुए भी- वह बीच-बीच में हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन भी स्वीकार कर रहे थे। उनकी तुलना में जेपी पटेल का उत्साह जरा फीका दिखाई पड़ा। ऐसा नहीं है कि जेपी पटेल को कम आंका जा सकता है, ऐसा करना अभी बड़ी भूल होगी। लेकिन फिलहाल जो ग्राउंड पर नजर आ रहा है, उससे यही लगता है कि कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले और ताकत लगाने और समर्पण की जरूरत है। कांग्रेस की सबसे बड़ी कमी कार्यकर्ताओं से कनेक्ट होने में दिखी। समर्पण का भी अभाव दिखा। मनीष जयसवाल के साथ प्लस पॉइंट यह है कि वह काफी मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। वह बड़ी आसानी से आम लोगों के साथ भी घुल मिल जाते हैं। लोगों का मानना है कि वह अपनी समस्याओं को मनीष जयसवाल के सामने आसानी से रख सकते हैं और दबाव भी बना सकते हैं कि उनका काम हो सके। वहीं जेपी पटेल को कई दलों के समर्थकों को एक साथ साधने की चुनौती है। कांग्रेस झारखंड में सांगठनिक रूप से बहुत कमजोर है। वह झामुमो के दम पर ही झारखंड में अस्तित्व में है। अगर झामुमो का साथ उसको नहीं मिला तो उसका हाल ठीक उत्तरप्रदेश वाला हो जायेगा। जेपी पटेल को और एनर्जी के साथ मैदान में डंटा रहना पड़ेगा। उनकी जो परेशानी सामने आ रही है, वह शायद यह है कि जब वह झामुमो से भाजपा में चले गये थे, तो झामुमो के लोगों से उनकी दूरी काफी बढ़ गयी थी। अब वह जब कांग्रेस में शामिल हुए और प्रत्याशी बने, तो झामुमो समर्थकों के साथ का रिश्ता सुधरा नहीं और यहां कांग्रेस समर्थकों और कार्यकर्ताओं में जज्बे का अभाव दिख रहा है। उन्हें इस चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ झामुमो के लोगों को भी पूरी तरह एक्टिव करना होगा।

---

## फवाद चौधरी के बयान पर प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी पर कसा तंज

# 'राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला'

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी का एक वीडियो साझा किया था और उनकी तारीफ की थी। उन्होंने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, राहुल गांधी ऑन फॉयर. फवाद ने एक ओर राहुल गांधी की तारीफ की, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जहर भी उगला। फवाद ने कहा, अतिवादियों के खिलाफ जो भी बोलेगा, वो उसके समर्थन में रहेंगे। इमरान की पार्टी के नेता फवाद ने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा, वो ऐसे हर व्यक्ति का समर्थन करेंगे, जो सही बात कहता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा, पीएम मोदी को रोहना जरूरी है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को पाकिस्तान का मुरीद करार देते हुए आरोप लगाया कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी आज जब मर रही है, तो उसके लिए पड़ोसी मुल्क के नेता दुआ कर रहे हैं और शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावले हैं, क्योंकि देश के दुश्मन यहां एक कमजोर सरकार चाहते हैं। मोदी ने कटाक्ष किया, संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। उन्होंने कहा, यह आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद है। पाकिस्तान और कांग्रेस की साझेदारी का पदार्फाश हो गया है। यह दिखाता है कि देश के दुश्मन भारत में मजबूत नहीं बल्कि कमजोर सरकार चाहते हैं।

### मोदी की मजबूत सरकार न तो झुकती है और न ही रुकती है

पीएम मोदी ने कहा, एक कमजोर सरकार जो 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के समय थी। वे एक भ्रष्ट सरकार चाहते हैं, जो 2014 से पहले थी, लेकिन मोदी की मजबूत सरकार न तो झुकती है और न ही रुकती है। उन्होंने कहा कि अब पहले जैसी स्थिति नहीं है, जब कांग्रेस सत्ता में थी, अब पाकिस्तान के आतंक के टायर पंक्चर हो गये है। मोदी ने कहा, जो देश अतीत में आतंक का निर्यात करता था, वह अब आटा आयात करने के लिए जूझ रहा है। जिन हाथों में बम होते थे, वे अब भीख का कटोरा पकड़े हुए हैं।

### यहां कांग्रेस मर रही है, तो वहां पाकिस्तान रो रहा है

उधर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र ने आणंद की जनसभा में कहा, 'भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। यहां कांग्रेस मर रही है, तो वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए पाकिस्तान के आका दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पाकिस्तान और कांग्रेस की यह पार्टनरशिप पूरी तरह एक्सपोज हो गयी है।

---

## राहुल गांधी का अमेठी से चुनाव लड़ना तय

- राहुल के नाम से ऑनलाइन नामांकन फॉर्म खरीदा
- आज नॉमिनेशन करने की आखिरी तारीख

**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** अमेठी से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना लगभग तय है। राहुल गांधी के नाम से अमेठी से ऑनलाइन नामांकन फॉर्म खरीदा गया है। वह शुक्रवार को नामांकन कर सकते हैं। गुरुवार सुबह को अमेठी पहुंचे सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने कहा-गांधी परिवार का सदस्य ही चुनाव लड़ेगा।

जब उनसे पूछा गया कि क्या राहुल लड़ेंगे? उन्होंने कहा- सारी तैयारियां उनके ही लिए है। किसी दूसरे व्यक्ति के लिए नहीं। गुरुवार को गांधी परिवार के नामांकन का काम देखने वाले वकील केसी कौशिक पहले रायबरेली और फिर अमेठी पहुंचे। ऐसे में कयास यह भी है कि प्रियंका रायबरेली से चुनाव लड़ सकती हैं। वहीं भाजपा ने रायबरेली से योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दे दिया है। वे 2019 में सोनिया गांधी के खिलाफ चुनाव लड़े थे।

दिनेश कांग्रेस से 2010 में पहली बार और 2016 में दूसरी बार विधान परिषद सदस्य बने थे।

---

# संदेशखाली केस में सीबीआइ की जांच सही दिशा में है : कलकत्ता हाइकोर्ट

- कहा- ममता सरकार सीबीआइ जांच में सहयोग करे- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भी पार्टी बनाने की दी इजाजत- इस मामले में अगली सुनवाई 13 जून को

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट में गुरुवार को फिर से सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को भी पार्टी बनाने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने यह भी कहा कि सीबीआइ ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि उसे पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों का जांच में सहयोग नहीं मिल रहा है। मामले में एजेंसी की जांच जारी है। ऐसे में कोर्ट एजेंसी की रिपोर्ट का खुलासा करना नहीं करना चाहेगा। क्योंकि इससे जांच पर असर पड़ सकता है। चीफ जस्टिस टीएस शिवगनम और जस्टिस हिरणमय भट्टाचार्य की बेंच ने सीबीआइ की रिपोर्ट को गोपनीय रखने की अपील भी मान ली। मामले की अगली सुनवाई 13 जून को होगी। कोर्ट ने खुद मामले की बारीकी से निगरानी करने की बात कही है। साथ ही कहा है कि यौन उत्पीड़न के पीड़ितों में आत्मविश्वास पैदा होना चाहिए। इसलिए सीबीआइ की महिला अधिकारियों की एक टीम भी तैनात की जायेगी।

**कोर्ट का निर्देश- जांच में सहयोग करे बंगाल सरकार :** सुनवाई के दौरान सीबीआइ ने कहा कि जमीन हड़ने के 900 से ज्यादा आरोप हैं। इसलिए कोर्ट राज्य प्राधिकारियों को सहयोग करने का निर्देश दे। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर सरकार के पास कर्मचारियों की कमी है, तो अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किए जाएं जो सीबीआइ के साथ मिलकर काम करेंगे। कोर्ट ने 13 जून को सीबीआइ को भी प्रोग्रेस रिपोर्ट जमा करने को कहा है।

**25 अप्रैल को सीबीआइ ने दर्ज की थी पहली एफआइआर :** इससे पहले 25 अप्रैल को कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआइ ने पहली एफआइआर दर्ज की थी। इसमें 5 मुख्य आरोपियों के नाम शामिल हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखाली मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी थी। अपने आदेश में कहा था कि सीबीआइ कोर्ट की निगरानी में जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी।

### जांच सीबीआइ को सौंपने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

वहीं, पश्चिम बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के संदेशखाली केस की जांच सीबीआइ को सौंपने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। उस पर 29 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। सुप्रम कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद मामले को जुलाई के लिए लिस्ट कर दिया था। जस्टिस बीआर गंवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सवाल किया था कि निजी लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए राज्य सरकार ने याचिका क्यों लगाई है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखाली केस सीबीआइ को सौंपा था। हाईकोर्ट ने 2 मई को सुनवाई तय की थी, लेकिन इसके पहले ही ममता सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी।

# पाकिस्तान से लेकर वोट जिहाद तक पहुंची बात

सलोनी

तीसरे चरण में चुनावी रथ के प्रवेश के साथ ही हेट स्पीच के मामले बढ़ने लगे। यूपी के सीतापुर में जनसभा के दौरान बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने जूता मारने जैसे अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया। इस मामले में उनके साथ ही बसपा के जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, लखीमपुर के प्रत्याशी अंशय कालरा, धौरहरा के प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी, सीतापुर के प्रत्याशी महेंद्र सिंह यादव पर भी मुकदमा दर्ज हुआ है। फर्रुखाबाद में पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम की वोट जिहाद की अपील चुनाव आयोग को नागवार गुजरी और सलमान और उनकी भतीजी पर मुकदमा दर्ज हो गया।

**माफिया को शहीद बताने की लगी होड़ :** ध्रुवीकरण करके अपनी जीत पक्की करने के लिए सूबे के माफिया और अपराधियों को शहीद बताने की होड़ भी शुरू हो गयी है। संभल में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जनसभा में मुरादाबाद के सपा के जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान ने माफिया अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, शहाबुद्दीन को याद करते हुए वोट करने की अपील की। वहीं, संभल से सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क ने तो माफिया को शहीद तक बता डाला। उनके खिलाफ मुकदमा भी हो चुका है।

## नेताओं में बढ़ी जुबानी रार




### औकात बताने में फंसे

मुरादाबाद में चुनावी मंच से पुलिस और सरकारी अधिकारियों को धमकाने और औकात में रहने की नसीहत देने वाली सपा प्रत्याशी रुचि वीरा पर भी मुकदमा दर्ज हुआ है। इसमें जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह भी नामजद हैं। कैराना में बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने और बिना अनुमति जनसभा करने का केस दर्ज हुआ है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा मुख्तार अंसारी को जेल में जहर देने के बयान की शिकायत भाजपा ने चुनाव आयोग से की है। सहारनपुर में कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद द्वारा दिये गये बयान की शिकायत भी भाजपा ने आयोग से की है। मसूद ने कहा था, यह चुनाव अपने आपको बचाने का है। अगर बीजेपी वापस आ गयी, तो सबसे पहले इलाज मेरा और तुम्हारा होगा।

### ओवैसी की शिकायत

भड़काऊ भाषण देने पर नेताओं के खिलाफ चुनाव आयोग से लगातार शिकायतें की जा रही हैं। एआइएमआइएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ भाजपा ने वाराणसी में भड़काऊ भाषण देने की शिकायत दर्ज करायी है। वहीं, सपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कई बयानों पर आपत्ति जताते हुए आयोग में शिकायत की है।

### यूपी में ज्यादा भड़काऊ भाषण

चुनाव सुधारों पर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म द्वारा पिछले वर्ष सांसदों एवं विधायकों द्वारा भड़काऊ भाषण दिये जाने पर रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट के मुताबिक यूपी के सात सांसदों और नौ विधायकों ने भड़काऊ भाषण से संबंधित मामले दर्ज होने की घोषणा की थी, जो देश में सबसे ज्यादा है। इसके बाद बिहार का नंबर है।

### अब तक 17 मुकदमे हुए दर्ज

डीजीपी मुख्यालय के मुताबिक हालिया लोकसभा चुनाव में हेट स्पीच, धार्मिक उन्माद, वैमनस्यता, शत्रुता संबंधी बयानों को लेकर अब तक उत्तरप्रदेश में 17 मुकदमे दर्ज किये जा चुके हैं। बीते 16 मार्च से अब तक कानपुर कमिश्नरेट और सीतापुर में दो-दो, जबकि गाजियाबाद, फतेहपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, कानपुर देहात, मुरादाबाद, गोंडा, मेरठ, संभल, बलिया, फतेहगढ़ में एक-एक मुकदमा दर्ज हो चुका है।

### आजम को हो चुकी है सजा, अब्बास पर चल रहा केस

2019 के चुनाव में सीएम योगी और रामपुर के डीएम के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने के मामले में पूर्व मंत्री आजम खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें उनको तीन साल की सजा सुनायी जा चुकी है। हालांकि बाद में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उनको बरी कर दिया था। यह मामला ऊपरी अदालत में अभी चल रहा है। वहीं दूसरी ओर विधानसभा चुनाव में भड़काऊ भाषण देने पर सुभासपा प्रत्याशी अब्बास अंसारी पर भी मुकदमा दर्ज हुआ था।

# फिजा में भगवान दिलचस्प घमासान

## पंजाब में जुबां पर किसान



प्रशांत

अमरनाथ एक्सप्रेस से जब लखनऊ से लुधियाना रवाना हुए, ट्रेन अगले दिन सुबह बिल्कुल सही वक्त पौने पांच बजे अंबाला पहुंच गयी। पर, यहां पता चला कि शंभू रेलवे स्टेशन (पंजाब-हरियाणा बॉर्डर) के ट्रैक पर किसानों का कब्जा है। ट्रेन डायवर्ट होकर चंडीगढ़ वाया लुधियाना जायेगी। ट्रेन में सवार लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी। इससे होने वाली देरी का तो कोई अंदाज ही नहीं था।

पास में बैठे वैशाली (बिहार) के निर्मल प्रसाद की बातों ने पंजाब को लेकर कई सवालों के जवाब दे दिये। बतौर कंटेंट एनालाइजर 2019 से ही निर्मल पंजाब में सियासी सर्वे कर रहे हैं। वे बोले, यहां के जमींदार किसानों ने रोज-रोज सड़क और रेल की नाकेबंदी कर पंजाब के भविष्य को ही डायवर्ट कर दिया है। चुनाव के बीच धरना-प्रदर्शन कभी नहीं सुना था। भाई! सरकार से नाराजगी है, तो वोट से उखाड़ फेंको।

निर्मल ने पंजाब में भाजपा के कांग्रेसीकरण के किस्से सुनाये, तो यह भी बताया कि बड़े-बड़े नेताओं को लाकर टिकट देने से भाजपा अचानक 6-7 सीटों पर चर्चा में आ गयी है। भाजपा-शिरोमणि अकाली दल (बादल) का गठबंधन नहीं होने से कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की संभावनाएं बेहतर नजर आने लगी हैं। यहां मुद्दों के केंद्र में किसान हैं, तो फिजा में भगवान राम हैं। चर्चा में सीएम भगवंत मान हैं, तो राजा (कैप्टन अमरिंदर सिंह), रानी (परनीत कौर) के साथ दलबदलू दूसरे नेता भी। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के मिट्टी में मिलाने और फातिहा पढ़ाने वाले बयान चर्चा में हैं, तो राम मंदिर की बातें भी खूब हो रही हैं। पर, ये बातें सियासत पर कितना फर्क डालेंगी, इसका आकलन तो चुनाव में ही होगा।

### किसान भाजपा छोड़ सबके साथ

लंबे समय से आंदोलन करने वाले किसान किसी एक पार्टी के साथ नहीं हैं। अलग-अलग सीटों पर अलग-अलग कारणों से आप, कांग्रेस और अकाली दल में वे बंट रहे हैं। आप के लिए निराशा की बात यह है कि राज्य में एमएसपी का वादा पूरा न कर पाने से बड़ा तबका कांग्रेस और अकाली में बंटता दिख रहा है। हालांकि, फ्री बिजली के चलते एक तबका साथ है।

### राममंदिर ने बढ़ायी भाजपा की उम्मीदें

राजनीतिक विश्लेषक प्रो. केहर सिंह कहते हैं, यहां सभी 13 सीटों पर चतुष्कोणीय मुकाबला होगा। अलग-अलग फैक्टर की वजह से आप, अकाली दल, कांग्रेस और भाजपा सभी सीटों पर लड़ती दिखेंगी। पहले शहरी हिंदू कांग्रेस के साथ थे। राममंदिर बन जाने से यह तबका भाजपा में जाता दिख रहा है।

### प्रवासी फैक्टर, कई सीटों पर भूमिका

पंजाब में किसानी से लेकर मंडियों तक में यूपी, बिहार, के प्रवासी भरे पड़े हैं। राजस्थान, झारखंड और हिमाचल के प्रवासी सर्विस सेक्टर में मिल जाते हैं। कई तो यहीं के बाशिंदे हो गय हैं। लुधियाना, जालंधर और अमृतसर की फैक्टरियों में प्रवासी बड़ी तादाद में हैं। यहां गेंहू की मड़ाई के लिए देवरिया से आये रमेश यादव कहते हैं कि विधायक और प्रधानी के चुनाव में बुलावा आता है। इस बार किसी का फोन तक नहीं आया, तो अपना काम कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं, विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर प्रवासी बड़ा फर्क डाल देते हैं, लेकिन लोकसभा क्षेत्र का दायरा बड़ा होने से वह बात नहीं है। 2022 में तत्कालीन सीएम और कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने प्रवासियों के खिलाफ बोल दिया था। तब प्रवासियों ने आप का साथ दे दिया था। इस बार प्रवासी राम-राम भज रहे हैं।

### दलितों और सिखों में भी भाजपा की सेंध

दलित मतदाता पहले कांग्रेस और अकाली दल में बंटे रहते थे। इस बार रुझान भाजपा की ओर भी दिख रहा है। सिख मतदाता मुख्य रूप से कांग्रेस और अकाली दल में बंटते नजर आ रहे हैं। कई बड़े सिख नेताओं को लाने से सिख मतदाताओं में भी भाजपा सेंधमारी की उम्मीद कर रही है।

### असली जंग पंजाब में, एक चरण में मतदान

पंजाब में आखिरी चरण में 1 जून को वोट डाले जायेंगे। अभी यहां प्रत्याशियों का एलान चल रहा है। आप और अकाली दल (ब) ने सभी 13 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। भाजपा और बसपा 9-9 और कांग्रेस ने अभी 12 उम्मीदवार उतारे हैं।

चौथे चरण के मतदान के बाद यहां सभी दलों के नेताओं का एक साथ फोकस बढ़ने की उम्मीद है। असली रंग तभी चढ़ेगा। दशकों बाद बिना किसी गठबंधन लोकसभा चुनाव की असली जंग यहीं चार मुख्य दलों के बीच नजर आयेगी।

### इस तरह समझिए पार्टियों की रणनीति

भाजपा : हिंदू-शहरी पार्टी की छवि से बाहर आने की कवायद सियासी पंडित बताते हैं कि ढाई दशक तक शिअद के साथ गठबंधन में रह कर 1 से 3 सीट जीतने वाली भाजपा बखूबी समझ गयी है कि अगर उसे आगे जाना है, तो नये रास्ते खोजने होंगे। जब तीन कृषि कानूनों में एमएसपी के मुद्दे पर अकाली दल गठबंधन से बाहर हुई, तो भाजपा को जैसे मौका मिल गया।

# कॉमेडियन श्याम रंगीला वाराणसी से लड़ेंगे चुनाव

## वाराणसी मैं आ रहा हूं... : श्याम रंगीला

विद्यासागर

मशहूर कॉमेडियन श्याम रंगीला भी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने एलान किया है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ वाराणसी से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किये गये एक वीडियो संदेश में कॉमेडियन श्याम रंगीला ने पीएम मोदी की हर किसी को अपनी भाषा में जवाब मिलना चाहिए वाली टिप्पणी की नकल की। उन्होंने कहा कि वह पीएम को उनकी ही भाषा में जवाब देने के लिए वाराणसी आ रहे हैं।

सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये एक वीडियो में श्याम रंगीला ने लिखा, किसी को अपनी भाषा में प्रतिक्रिया मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह पीएम को उनकी भाषा में जवाब देने के लिए वाराणसी आ रहे हैं।

वीडियो में कहा, मैं, कॉमेडियन श्याम रंगीला, आपसे 'मन की बात' करने आया हूं। आप सभी के मन में एक सवाल है, क्या आप जो समाचारों में सुन रहे हैं कि श्याम रंगीला वाराणसी से चुनाव लड़ रहे हैं, वह सच है? क्या यह मजाक है? दोस्तों मैं आपको बता दूं, यह मजाक नहीं है... मैं वाराणसी से पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ रहा हूं।

### वीडियो में श्याम रंगीला ने क्या कहा?

राजस्थान के 29 वर्षीय कॉमेडियन ने वीडियो में आगे कहा कि दोस्तों, आप सोच रहे होंगे कि इसकी क्या जरूरत पड़ी, श्याम रंगीला वहां क्यों चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र में कोई भी चुनाव लड़ सकता है। मैं जो चुनाव लड़ रहा हूं, उसका भी एक कारण है।

इसका कारण ये है कि हमने पिछले दिनों देखा, सूरत में जो हुआ, चंडीगढ़ में जो हुआ, इंदौर में जो हो रहा है। मुझे लग रहा है कि वहां भी ऐसा न हो जाये। इसलिए ऐसा ना हो कि वहां वोट देने के लिए कोई अन्य उम्मीदवार ही न हो।



### श्याम रंगीला को है इस बात का डर

श्याम रंगीला ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी उम्मीदवार के खिलाफ वोट करना भी चाहता है, तो उसे यह अधिकार है। किसी का नाम ईवीएम पर होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे इस बात का डर है कि उन लोगों के पास वाराणसी से वोट करने के लिए केवल एक ही उम्मीदवार होगा। इसलिए मैंने वहां से चुनाव लड़ने का निर्णय किया है। श्याम रंगीला ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मेरी आवाज वहां तक पहुंचेगी। वाराणसी के लोगों ने मुझे बहुत प्यार दिया है। अपनी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद मुझे जो प्रतिक्रिया मिली है, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैं जल्द ही वाराणसी आ रहा हूं। मैं पीएम मोदी को उनकी ही भाषा में जवाब देने आ रहा हूं।

# बंगाल की इस सीट पर कभी वामपंथियों का था बोलबाला, 2019 में भाजपा जीती

राजीव

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। आगामी 7 मई को तीसरे चरण का मतदान किया जाना है। पश्चिम बंगाल में इस बार भाजपा पूरा जोर लगा रही है कि 2019 से बेहतर प्रदर्शन कर सके। उधर, ममता बनर्जी की टीम की पूरी कोशिश है कि वह अपने गढ़ में भाजपा को बुरी तरह हराये। इस बार लोकसभा चुनाव में आसनसोल पश्चिम बंगाल की हॉट सीटों में एक है। इसका इतिहास काफी रोचक है। यह सीट कभी माकपा का गढ़ हुआ करती थी। अब इस सीट पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच वर्चस्व की जंग चल रही है। 2019 में भाजपा जरूर जीती, लेकिन, 2022 उपचुनाव में टीएमसी बाजी मार गयी। इस सीट पर 13 मई को मतदान होना है।

आसनसोल लोकसभा सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। बाबुल सुप्रियो के भाजपा छोड़ने के बाद सीपीआइ के इस किले में टीएमसी ने 2022 के उपचुनाव में सेंध लगाश्र। अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा इस सीट पर विजयी हुए। टीएमसी ने एक बार फिर उन पर दांव लगाया है। वहीं उप-चुनाव में सीट गंवानेवाली भाजपा ने जीत पक्की करने के लिए भाजपा नेता एसएस अहलूवालिया को मैदान में उतारा है। दोनों दल दावा कर रहे कि वे इस बार रिकॉर्ड वोटों से जीत दर्ज करेंगे।

**अहलूवालिया पर भाजपा को कितना विश्वास :** एसएस अहलूवालिया 2014 के आम चुनाव में दार्जिलिंग और 2019 के चुनाव में बर्दवान-दुर्गापुर सीट से चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि आसनसोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सात सीटें आती हैं। इसमें से पांडवेश्वर, रानीगंज, जमूरिया, आसनसोल उत्तर, बारबानी पर तृणमूल कांग्रेस का कब्जा है। वहीं दो सीटें कुल्टी और आसनसोल दक्षिण पर भाजपा का कब्जा है।

**रोचक रहा है इतिहास :** आसनसोल सीट पर पहला चुनाव 1957 में हुआ था। 1957 और 1962 का चुनाव कांग्रेस ने, 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी जीती थी। कांग्रेस चार, जबकि सीपीआइएम नौ बार जीती है। 1989 से 2009 तक लगातार सात बार सीपीआइएम जीती। भाजपा के टिकट पर 2014 और 2019 का चुनाव बाबुल सुप्रियो जीते। सुप्रियो के भाजपा छोड़ने के बाद सीपीआइएम के किले में तृणमूल ने 2022 के उपचुनाव में पहली बार सेंध लगायी और शत्रुघ्न सीट से सांसद चुने गये।

भाजपा के टिकट पर जीते बाबुल सुप्रियो मार्च 2014 में भाजपा में शामिल हुए थे। 2014 के आम चुनाव में भाजपा ने इन्हें आसनसोल से मैदान में उतारा और उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार डोला सेन को हरा दिया। केंद्र सरकार में उन्होंने शहरी विकास और आवास और शहरी कार्य मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाली। 2019 की सरकार में इन्हें पर्यावरण राज्यमंत्री बनाया गया। 31 जुलाई 2021 को उन्होंने पार्टी से इस्तीफे की घोषणा कर दी और 18 सितंबर 2021 को अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल का दामन थाम लिया। 16 अप्रैल 2022 को बालीगंज विधानसभा सीट से विधायक बने और ममता सरकार ने इन्हें मंत्री बनाया। भाजपा ने भोजपुरी संगीतकार पवन सिंह को मैदान में उतारा था, लेकिन बाद में उन्होंने नाम वापस ले लिया था।

## रोचक है इतिहास



### शत्रुघ्न सिन्हा पर ममता को पूरा भरोसा

उधर, आसनसोल से चुनाव लड़ रहे शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा है कि जनता मुझे रिकॉर्ड बहुमत से संसद पहुंचायेगी। मेरी जीत का पिछला रिकॉर्ड भी इस बार टूट जायेगा। आसनसोल संसदीय क्षेत्र से लगातार पिछड़ रही तृणमूल की जीत का सपना शत्रुघ्न सिन्हा ने ही साकार किया है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने विजेता बनने के लिए काफी मेहनत की थी। हालांकि भाजपा ने यहां बाजी मार ली थी।

### मौजूदा सांसद शत्रुघ्न सिन्हा

शत्रुघ्न सिन्हा 1992 के लोकसभा उप-चुनाव में राजेश खन्ना के खिलाफ पहली बार चुनाव लड़े थे, इस चुनाव में वह 25 हजार मतों से हार गये थे। 1996 से 2002 और 2002 से 2006 तक राज्यसभा सांसद भी रहे, अटल सरकार में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री रह चुके हैं।

# भाग्यविधाता, सपा-बसपा और भाजपा में भीषण टक्कर

राजवीर

आज बातें इटावा की। यहां के सियासी मिजाज और अंदाज की। इटावा का नाम आते ही जेहन में कई सवाल उभर आते हैं। वह सीट जिसने बसपा के संस्थापक कांशीराम को जिताया। मुलायम परिवार का गढ़ बनी। वह सीट, जहां दलित आबादी 26.85 फीसदी है। वह सीट, जो 2009 से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। पर, दलितों को केंद्र में रख कर सियासत करने वाली बसपा सीट सुरक्षित होने के बाद यहां जीत दर्ज नहीं कर सकी।

मुलायम के परिवार से भले ही कोई यहां के मैदान में नहीं रहा हो, पर परिवार का असर इस सीट पर देखने को मिलता रहा है। बहरहाल, 2009 में सपा के प्रेमदास के प्रेम का जादू लोगों के सिर चढ़ कर बोला। इसके बाद तो यहां भगवा रंग चटख हो गया। 1957 में अस्तित्व में आने के बाद से अब तक इस सीट से सिर्फ सपा के रघुराज सिंह शाक्य ही लगातार दो बार जीते। दूसरी बार भगवा खेमे से मैदान में ताल ठोक रहे मौजूदा सांसद रमाशंकर कठेरिया के सामने रिवायत को तोड़ने की चुनौती है। बहरहाल सपा से मैदान में उतरे जितेंद्र दोहरे से कांटे की टक्कर है। ऐसे में देखना होगा यहां कौन किस पर भारी पड़ेगा।


इटावा लोकसभा क्षेत्र का भूगोल भी बेहद रोचक है। इसमें इटावा की दो विधानसभा सीटें- इटावा सदर और भरथना हैं। वहीं, औरैया जिले की औरैया सदर और दिबियापुर और कानपुर देहात की सिकंदरा विधानसभा सीट है। भरथना और दिबियापुर सीट सपा के पास है, तो अन्य भाजपा के।

आगरा एक्सप्रेसवे से इटावा की ओर बढ़ने पर बसरेहर कस्बा है। यहां चाय की दुकान पर बैठे लोगों से चुनावी माहौल को लेकर सवाल करते ही अजित शाक्य टूटी सड़क की ओर इशारा कर देते हैं। कहते हैं, सपा की सरकार होती तो यह नौबत नहीं आती। भाजपा ने इस इलाके की उपेक्षा की। जो काम पहले हुए थे, वे भी धीरे-धीरे ध्वस्त हो रहे हैं। शाक्य ने वाक्य का आखिरी शब्द बोला ही था कि विमल पालीवाल बीच में कूद पड़े। वह बोले, मंदिर का निर्माण हो गया, रही बात सड़क की तो वह भी बन रही है। काम पूरा होने में वक्त तो लगता ही है। वहीं, देवेश दोहरे, राजकुमार और पंकज भी भाजपा और सपा में सीधी टक्कर की बात कहते हैं। उनका तर्क है कि बसपा को कम तवज्जो मिल रही है। क्योंकि सपा ने कभी बसपा के जिलाध्यक्ष रहे जितेंद्र दोहरे पर दांव लगा कर खेल रोचक बना दिया है।

दतावली की ओर बढ़े तो कई दुकानें टूटी मिलीं। पूछने पर पता चला कि सड़क चौड़ी की जानी है, इसलिए इनको तोड़ना पड़ा। सड़क के किनारे खड़ी मिलीं जग्गी शाक्य अपने घर की ओर से इशारा करते हुए तंज कसती हैं, यही विकास है। जो था, वह भी तोड़ दिया। इसलिए इस बार साइकिल को वोट दूंगी। वहीं, पास में खड़े विजय कठेरिया भाजपा की वकालत करते हैं। वह कहते हैं, विकास होगा तो कुछ नुकसान भी सहना पड़ेगा।

इटावा शहर में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय के पास हमें अध्यापक शिवराम और संतोष शाक्य मिले। वे कहते हैं, इस बार तो भाजपा ही आयेगी। पर, अध्यापिका सुनीता विरोध जताती हैं। वह कहती हैं कि इस सरकार ने हर काम अध्यापिकाओं पर लाद दिया है। पढ़ाई छोड़कर अन्य सभी काम करवाया जा रहा है। पुरानी पेंशन देने का सिर्फ वादा ही है।

## दलित मतदाता



### लॉयन सफारी तो बना, रोजगार के साधन नहीं

बलरामपुर चौराहे पर मिले उदय प्रताप सिंह कहते हैं, हम तो राम के नाम और मोदी के काम पर वोट देंगे। शिवांश तर्क देते हैं कि राम मंदिर तो कोर्ट के आदेश पर बना है। यहां रोजगार का कोई साधन नहीं है। अंकित बात को आगे बढ़ाते हुए कहते हैं, इटावा के लोगों को रोजगार के लिए दिल्ली, नोएडा जाना पड़ता है। लॉयन सफारी से रोजगार के कोई साधन नहीं बढ़े। स्वास्थ्य सेवाएं अच्छी नहीं हैं। कुछ ऐसा ही तर्क अंकित भी देते हैं। सिकंदरा कस्बे के युवा रामकुमार और संतोष सिंह शाक्य भी रोजगार का सवाल उठाते हैं। हालांकि व्यापारी रामभजन कहते हैं कि टैक्स जरूर ज्यादा देना पड़ रहा है, लेकिन कानून-व्यवस्था अच्छी है।

सिपेट प्रवेश परीक्षा
सिपेट CIPET
CIPET
हेहल, रॉंची, झारखण्ड-834005
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार
ईमेल:ranchi@cipet.gov.in, वेबसाइट: www.cipet.gov.in
पाठ्यक्रम 1. प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीएमटी)
2. प्लास्टिक टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीटी)
ऑनलाईन आवेदन करें-https://cipet24.onlineregistrationform.org/CIPET/
नामांकन हेतु न्यूनतम योग्यता 10वीं/12वीं/ITI पास एवं कोई आयु सीमा नहीं
नामांकन की अंतिम तिथि 31 मई 2024
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:- 8058128857, 9873453987,7896083741

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 84,000 रु./प्रति किलो |








## संकल्प : 400 मोतियों की माला में एक मोती रांची भी जड़ेगा

# जोश और उत्साह से लबरेज दिखे कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के नामांकन के बाद मोरहाबादी मैदान में सभा को लेकर प्रचंड गर्मी भी कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह ठंडा नहीं कर पायी। हो भी क्यों नहीं, राजधानी रांची की सीट का जो सवाल है। पार्टी के नेताओं का जमावड़ा लगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो समेत अन्य नेता पहुंचे। इस मंच से यह संदेश दिया कि प्रधानमंत्री के 400 मोतियों के माला में एक मोती रांची लोकसभा से भी जड़ा जायेगा। इसके साथ ही नेताओं के चेहरे की चमक साफ इशारा कर रही थी कि अब रांची किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा। यह भी अब महानगर की तरह कदम से कदम मिलाकर चलेगा। किसी हाल में अब इस क्षेत्र की उपेक्षा नहीं होगी। कार्यकर्ता भी इस संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित दिखे। पुलिसिया व्यवस्था भी चुस्त-दुरुस्त दिखी। नेताओं के विचारों को बड़ी ही एकाग्रता से कार्यकर्ता सुन रहे थे। इनकी सोच और संकल्प को आत्मसात भी किया। कार्यकर्ताओं के नारों से नेताओं के चेहरे खिल रहे थे। इस दौरान कांग्रेस, झामुमो की नीतियों पर प्रहार भी किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वह चुप बैठने वाले नहीं हैं और जनता के बीच जाकर इन पार्टियों की पोल खोलेंगे। साथ ही हर हाल में रांची से कमल खिलायेंगे। इसमें आजसू के कार्यकर्ता भी काफी संख्या में मौजूद थे। ढोल-नगाड़े के साथ पहुंच रहे थे। पुष्प वर्षा भी की जा रही थी।




### उत्साहित दिखे रमेश सिंह और ललित

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के नामांकन सभा में शामिल भाजपा नेता रमेश सिंह और ललित ओझा भी उत्साहित दिखे। एक तरफ रमेश सिंह क्रेन पर सवार दिखे। वहीं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के महामंत्री ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में पंडरा बाजार समिति प्रांगण से हजारों की संख्या में मजदूर रैली के रूप में पहुंचे। इसमें संजय मिनोचा, मदन प्रसाद, प्रशांत राज, रोहित साहू, संजय यादव, मनोज पासवान, मथुरा राय, सनोज महतो, माखन पासवान, महेंद्र यादव, गौरी शंकर राय, परमानंद राय, संतोष राय सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### चंपाई सोरेन को विदाई देने की तैयारी शुरू हो गयी है: सुदेश

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए की पूरी सेना झारखंड की 14 सीटों पर तत्परता से कम कर रही है। रांची लोकसभा सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव से बेहतर परिणाम आयेगा। उन्होंने कहा कि 10 साल में नरेंद्र मोदी ने देश के लिए काफी काम किया, लेकिन 10 साल में विपक्षी गठबंधन एनडीए से इंडिया बन गया। वे अब तक यह तय नहीं कर पाये हैं कि मोदी जी के सामने उनका नेता कौन होगा। इंडिया गठबंधन का बाराती पूरी तरह तैयार है, लेकिन दूल्हा ही नहीं मिल रहा है। यह तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग हैं। सुदेश ने कहा कि यह परिपाटी चली आ रही है कि गांधी परिवार में जन्म लेने वाला प्रधानमंत्री ही बनेगा। झारखंड प्रदेश में भी ऐसा ही चल रहा है। सोरेन परिवार को झारखंड में आदिवासी मुख्यमंत्री ही चाहिए, लेकिन वह आदिवासी मुख्यमंत्री अपने ही घर का होना चाहिए। यही कारण है कि अब मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को विदाई देने की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

### राम को ठुकरानेवालों को देश की जनता ठुकरा देगी: संजय सेठ

संजय सेठ ने कहा कि देश की तकदीर और तस्वीर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बदली है। मोदी जी की गारंटी ही काम की गारंटी है। झारखंड की जनता ने भी गारंटी दे दी है कि वह 14 के 14 सीट एनडीए को देगी। संजय सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश में इतना विकास कर दिया है, जिससे इंडी गठबंधन के लोग डर गये हैं। उनको इडी, सीबीआइ, चुनाव आयोग पर विश्वास ही नहीं है। सिर्फ गांधी परिवार के दो-तीन लोगों पर ही विश्वास है। उन्होंने राम को ठुकराया है, लेकिन इस बार देश की जनता उनको ठुकरा देगी।

### ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचे राजीव रंजन

भारतीय जनता पार्टी के रांची लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के नामांकन कार्यक्रम में भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा, अर्जुन राम, शंकर दुबे, सुनील गुप्ता, प्रेम वर्मा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में ढोल-नगाड़ों के साथ शामिल हुए। सांसद संजय सेठ का भव्य स्वागत किया गया। श्री मिश्रा ने संजय सेठ को जीत की अग्रिम बधाई दी।

### कांग्रेस तुष्टिकरण करनेवाले दलों की जनक: अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि अगर बीजेपी नहीं होती, अटल बिहारी वाजपेई नहीं होते तो आज झारखंड राज्य का निर्माण नहीं हुआ होता। कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाले दलों की जनक है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूसीसी लागू करने की बात करते हैं तो विरोधियों में हड़कंप मच जाता है। बाउरी ने कहा कि 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब अपनी तीसरी पारी शुरू करेंगे, तब पूरे देश से परिवारवादी दलों का सफाया हो जायेगा। हेमंत सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने उन्हें 5 साल का मौका दिया था। लेकिन भ्रष्टाचार के कारण 4 साल में ही उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी। कहा कि मोदी की भ्रष्टाचार रहित नीति से देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि भाजपा की सरकार चुने और इंडी गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंके।

# चुनावी मैदान का अखाड़ा बना सोशल मीडिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समय के साथ ही लोकसभा चुनाव के प्रचार का तरीका भी बदलता जा रहा है। अब प्रत्यक्ष चुनाव प्रचार और जनसंपर्क के अलावा इस संसदीय चुनाव में सोशल मीडिया बड़ी भूमिका निभा रहा है। पर्दे के पीछे का यह चुनाव प्रचार काफी महत्वपूर्ण हो गया है। सही मायने में चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया की भूमिका काफी व्यापक हो गयी है। लगभग सभी राजनीतिक दलों और स्वतंत्र उम्मीदवारों ने चुनाव में जीत हासिल करने और मतदाताओं को रिझाने के लिए मीडिया वार रूम बना रखा है।

विपक्षियों की कमजोरियों को उजगर करने, चुनाव प्रचार को धार देने और अपने उम्मीदवार की छवि निखारने में सोशल मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उम्मीदवारों के चुनावी दौरेए सभाए बड़े नेताओं के भाषण और स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जाता है। इसमें भी आचार संहिता का खास खयाल रखा जाता है। सोशल मीडिया पोस्ट नजर रखने के लिए लगभग सभी बड़े राजनीतिक दल कानून के जानकारों की सलाह लेते हैं। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पिछले कई चुनावों पर पैनी नजर रखने वाले संतोष जयसवाल कहते हैं कि सोशल मीडिया कई तरह की जानकारियों का घर बन गया है। उनका कहना है कि पहले अखबारए टीवी, रेडियो थे, पर आज सोशल मीडिया इन सबसे काफी आगे निकल गया है। सही मायने में आजकल चुनाव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लड़े जाते हैं। फेसबुक, ट्विटर, वाटसएप, इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, एक्स जैसे कई मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग इस चुनाव में बेधड़क किया जा रहा है।



### सभी दलों ने बना रखे है अपने-अपने पेज

चुनावों में सोशल मीडिया की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। सोशल मीडिया पर प्रोमोट करने के लिए उम्मीदवार और राजनीतिक दल जमकर पैसे खर्च कर रहे हैं। कई राजनीतिक दलों ने तो सोशल मीडिया के लिए एजेंसियों को भी हायर कर रखा है, जो चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। सोशल मीडिया के जानकार चंदन कुमार कहते हैं कि इस बार बैनर-पोस्टर लगे चुनाव प्रचार वाहनों के काफिले नजर नहीं आ रहे हैं। छोटे नेताओं की चुनावी सभाओं में भी अपेक्षाकृत कम भीड़ उमड़ रही है। इस बार चुनावी महा समर पूरी तरह वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर निर्भर है। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव प्रचार का समय निर्धारण और कई अन्य तरह की पाबंदियों के कारण राजनीतिक दल सोशल मीडिया पर अपनी ताकत झोंक रहे हैं। पार्टी के नेता और समर्थक फेसबुक, ट्विटर, वाटसएप, इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, एक्स जैसे कई मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं।

# मजदूरों की बेटी-बहन बन कर हक के लिए लड़ूंगी: यशस्विनी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राष्ट्र के नवनिर्माण में मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी सहभागिता के बिना विकास की बातें नहीं की जा सकती। मजदूरों का समुचित सम्मान जरूरी है। मजदूर राष्ट्र निर्माता हैं। उक्त बातें रांची संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने एचइसी मुख्यालय के समक्ष एचइसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति की ओर से आयोजित जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने एचइसी क्षेत्र से ही राजनीति की शुरुआत की थी। यहां के कारखाना में कार्यरत मजदूरों से उनका विशेष लगाव रहा है। उनके हक और अधिकार के लिए हुए हमेशा संघर्षरत रहे हैं। अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए वह भी मजदूरों की बेटी और बहन बनकर मजदूरों के हक और अधिकार के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी। दुनिया के मजदूरों एक हो का नारा दिये जाने के पीछे यही उद्देश्य रहा कि मजदूरों को उनके वाजिब हक से वंचित न रखा जा सके। उन्होंने कहा कि एचइसी कारखाना देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने में सफल रहा है। इसका श्रेय यहां के मजदूरों को जाता है। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एचइसी के मजदूरों की बदौलत ही यह कारखाना देश के मातृ उद्योग के रूप में अपना स्थान बना पाया। इस अवसर पर श्रमिक नेता लीलाधर सिंह, भवन सिंह, हरेंद्र प्रसाद, अर्जुन रविदास, रामकुमार नायक, मनोज पाठक समेत अन्य मौजूद थे।

# मोदी के कंधों को मजबूत करना प्राथमिकता: कमलेश

### सभी सीटों के लिए एनसीपी के दो-दो प्रभारी प्रतिनियुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कमेटी के पदाधिकारियों समेत सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों के साथ एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बैठक की। कहा कि नरेंद्र मोदी के कंधों को मजबूत करना सभी की प्राथमिकता है। देश में एनडीए 400 पार सीटें देने जा रहा है। इसी तरह झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी की जीत दिलाने में एनसीपी के सभी कार्यकर्ता जुट जायें। श्री सिंह ने कहा कि झारखंड की सभी सीटों पर एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार को जीत दिलानी है। लोकसभा चुनाव में एनडीए को ताकत देने के उद्देश्य से सभी लोस क्षेत्रों में एनसीपी ने दो-दो प्रभारियों की प्रतिनियुक्ति की है। इसकी सूची प्रदेश भाजपा कार्यालय को भी उपलब्ध करा दी गयी है। इस बार देश के साथ साथ झारखंड में एनडीए गठबंधन इतिहास रचने का काम करेगा।

# 7 को सोशल मीडिया पर मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कैंपेन

### मतदान के लिए जागरूकता अभियान का बनें हिस्सा: रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोकतंत्र के महापर्व के रूप में चल रहे लोकसभा चुनाव के लिए लोगों को मतदान करने के लिए प्रशासन विभिन्न स्तर पर जागरुकता अभियान भी चल रहा है। इसी क्रम में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर को सोशल मीडिया कैंपेन चलाया जायेगा। इसमें राज्य के सभी स्कूल-कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलिब्रिटी समेत सभी लोग भाग लेंगे। उक्त विचार गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य के सभी सीबीएसइ-आइसीएसई स्कूल के प्रधानाध्यापकों के साथ गूगल मीट के माध्यम से निर्वाचन सदन में आयोजित बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें। उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेजों के बच्चों ने मतदाताओं के बीच मतदान की अहमियत को बताने के लिए स्वीप कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह हमारे फ्यूचर और फर्स्ट टाइम वोटर के रूप में निर्वाचन में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। बच्चों ने स्कूल-कॉलेजों में स्वीप संबंधी कई गतिविधियां करायी जा रही हैं। इन बच्चों द्वारा क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पत्र लेखन आदि कई रोचक, मनोरंजक गतिविधियों द्वारा अपने अभिभावकों, आसपास के मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया है। 7 मई को होने वाले सोशल मीडिया कैंपेन में स्कूल प्रबंधन इन सभी गतिविधियों के डिजिटल कंटेंट को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग के साथ अपलोड करें।

# गिरिडीह उम्मीदवार जयराम महतो पर प्राथमिकी दर्ज

### छह समर्थकों को बोकारो पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने वाले जयराम महतो पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। उनके छह समर्थकों को भी बोकारो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

जयराम महतो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पूरी तरह से एक्शन में है। लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए रांची से नगरी थाना के इंस्पेक्टर और डीएसपी बोकारो पहुंचे थे। जयराम ने उनसे कहा कि नामांकन दाखिल करने के बाद वह चास में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। रांची पुलिस ने उनकी बात मान ली, लेकिन जनसभा को संबोधित करने के बाद से जयराम महतो कहां हैं, इसके बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल रही है।

# तानशाह ताकतों को मुंह तोड़ जवाब दें: कल्पना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड के वीर पुरुखों और वीरंगनाओं के संघर्ष और शहादत से जल, जंगल, जमीन और अधिकारों की रक्षा हुई है। अपना हक-अधिकार लड़ कर कैसा लेना है।

यह पूर्वजों ने हमें सिखाया है। गांडेय विधानसभा की जनता से आग्रह है कि 20 मई को होने वाले उपचुनाव में तीर-धनुष पर बटन दबाकर तानशाही ताकतों को मुंह तोड़ जवाब दें। कहा कि झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रूकेगा नहीं। गांडेय के बड़की टांड मोड़, पंडरी, नावाटांड, भंडारीडीह, अंबेडकर चौक, बदगुंदा, कोरबंधा, कनारी, लुपैय्या समेत कई स्थानों पर सभा की।



# हेमंत सहित अन्य की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले मामले के आरोपित जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढ़ा दी है। मामले में अगली पेशी 16 मई को होगी। मामले को लेकर इडी ने इसीआइआर 6-2023 दर्ज किया है। मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ इडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। इडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया गया था। मामले में इडी ने अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

## 12वीं की परीक्षा में सीएन कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** जैक बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं परीक्षा में सीएन कॉलेज रामगढ़ के विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत शानदार रहा। कला संकाय में स्नेहा गुप्ता 389 अंक लाकर प्रथम, अनिकेत कुमार 364 अंक लाकर द्वितीय, विशाल कुमार दास 362 अंक लाकर कॉलेज में तृतीय स्थान रहा। जबकि विज्ञान संकाय में राहुल कुमार महतो 389 अंक लाकर प्रथम, शुभम कुमार 376 अंक लाकर द्वितीय, अरुण कुमार 365 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहा। जबकि वाणिज्य संकाय में लक्ष्मण कुमार ने 384 अंक लाकर प्रथम, आरती कुमारी 362 अंक लाकर द्वितीय तथा सृष्टि कुमारी 348 अंक अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक- शिक्षिकेतर कर्मचारी ने बच्चों की सफलता पर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## टंडवा में सर्वब्राह्मण समाज की हुई बैठक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** शहीद चौक में गुरुवार को सर्वब्राह्मण समाज की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता उपेन्द्र पांडेय, संचालन प्रकाश पाठक ने किया। सर्वसम्मति से 10 मई 2024 को टंडवा के टाउन हॉल में भगवान श्री परशुराम जी की जयंती को मनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि उक्त तिथि को भव्य शोभायात्रा के माध्यम से टंडवा का नगर भ्रमण किया जायेगा। इस मौके पर कामेश्वर पांडेय, गोविंद तिवारी, विकाश पांडे, विजय गिरी, बैजनाथ पाण्डेय, अरबिंद पांडेय, अजित पांडेय, मिथलेश पांडेय, सरोज पाण्डेय, धनंजय चौबे, अभिनय मिश्रा, प्रवेश पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

## नामांकन के पांचवें दिन आठ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र किया दाखिल

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के नामांकन के पांचवे दिन समाहरणालय स्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप के समक्ष 8 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमें मो अबुजर खान निर्दलीय, कामदेव डिहो राणा राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी, कर्मलाल उरांव पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया, महेश बांडों बहुजन मुक्ति पार्टी, श्री राम सिंह निर्दलीय, जय प्रकाश सिंह भोक्ता निर्दलीय , योगेश कुमार सिंह झारखंड पार्टी से अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी नागमणि का नामांकन पत्र प्रस्तावक द्वारा दाखिल किया गया। नामांकन के पाचवें दिन तक कुल 20 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं अब तक कुल 28 फॉर्म खरीदे गये।

## चतरा के पूर्व सांसद नागमणि चतरा व्यवहार न्यायालय से फरार घोषित



उनके प्रस्तावक और समर्थक ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा के पूर्व सांसद नागमणि को पिछले दस वर्षो से चतरा व्यवहार न्यायालय द्वारा फरार घोषित किया गया है। नागमणि के विरूद्ध व्यवहार न्यायालय से लाल वारंट जारी है। 2014 के चुनाव में आचार संहित उल्लंघन के मामले में इनके विरूद्ध इटखोरी थाना में भद्रकाली मंदिर में अचार संहिता उल्लंघन मामले में हुआ था। इस मामले में चतरा कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के कारण स्थानीय व्यवहार न्यायालय द्वारा नागमणि के विरुद्ध लाल वारंट जारी किया गया है। उन पर इटखोरी थाना कांड संख्या 20/14 मामला दर्ज है। पुलिस को उनकी बेसब्री से तलाश है। गिरफ्तारी के डर से ही वे नामांकन करने आज नहीं आये। जिला पुलिस ने उनकी सुरक्षा में लगे जवानों को भी वापस ले लिया है। इस संदर्भ में एसडीपीओ संदीप सुमन ने कहा कि न्यायालय द्वारा वारंट जारी है तो उसका अनुपालन किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर नागमणि का कहना है कि इस मामले में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। न तो आज तक कोई सम्मन मिला है और न ही कोई नोटिस। जबकि पुलिस का कहना है कि दो बार चतरा स्थित इनके आवास पर जाकर नोटिस दिया गया है, लेकिन उसके बावजूद कोर्ट में पेश नहीं हुए। तीन दिनों से चर्चा चल रही थी की नागमणि बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चतरा लोकसभा चुनाव के लिये अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। लेकिन आज पांचवें दिन निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नागमणि ने नामांकन दाखिल किया, लेकिन वे स्वयं नामांकन करने नहीं आये, उनके समर्थक और प्रस्तावक ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया।

## पर्यावरण और कैरियर जागरूकता कार्यशाला



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सभागार में वार्डेन लीलावती कुमारी की अध्यक्षता में इको क्लब के तहत पर्यावरण जागरूकता, जल संरक्षण, छात्राओं को कैरियर प्रति जागरूक बनाने और मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार के द्वारा किया गया।अभय कुमार के द्वारा सभी छात्राओं को पर्यावरण के प्रति स्वयं सजक रहते हुए समुदाय, अभिभावकगण और संपर्क में रहने वाले सभी लोगों को जागरूक करने के लिए कहा गया। विद्यालय में संचालित इको क्लब के कार्य और दायित्वों के साथ-साथ पानी के सदुपयोग पर विस्तृत चर्चा की गयी। अभय कुमार के द्वारा बताया गया कि छात्राएं कैसे अपने कैरियर को बना सकती हैं उस विषय में बिंदुवार चर्चा की गयी। कहा गया कि सर्वप्रथम जीवन में लक्ष्य का निर्धारण अति आवश्यक है। लक्ष्य के अनुसार दैनिक दिनचर्या में कर्म किया जाना चाहिए तभी लक्ष्य की प्राप्ति हो सकते है। छात्राओं को मानव जीवन की विभिन्न अवस्थाओं के बारे में समझाते हुए उनके वर्तमान अवस्था के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। सभी बच्चियों को अगले कार्य दिवस में स्वयं मनन करते हुए हमारा लक्ष्य शीर्षक पर निबंध लिखने के लिए कहा गया। वहीं कार्यशाला में बड़कागांव प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पंकज गुप्ता और प्रखंड कोऑर्डिनेटर भास्कर राज के दिशा निर्देश सन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी किया गया। उक्त कार्यशाला में छात्राओं को पर्यावरण एवं कैरियर के प्रति जागरूक बनाने के लिए वार्डेन लीलावती कुमारी के द्वारा प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार को धन्यवाद देते हुए सभा समाप्ति की घोषणा की गयी। इस बैठक में संकुल साधन सेवी दीपक कुमार, अंशकालिक शिक्षक और शिक्षिका संगीता कुमारी, विनीता कुमारी, रूबी कुमारी, सीताराम महतो, चिंतामणि महतो, प्रमोद कुमार कुशवाहा आदि शामिल थे।

# मनीष जयसवाल ने नामांकन के बाद शुरू किया तूफानी दौरा, 25 स्थानों पर जनसंवाद

**नामांकन में उमड़े जनसैलाब को करता हूं सलाम, याद रखें कमल का छापः मनीष**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल बिना रुके, बिना थके अनवरत सुबह से लेकर देर रात्रि तक जनता के बीच बने हुए हैं। वे लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में धुआंधार जनसंपर्क और जन संवाद कार्यक्रम कर रहे हैं। अपने नामांकन के दूसरे दिन गुरुवार को मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड और रामगढ़ नगर निगम क्षेत्र के करीब दो दर्जन से अधिक क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। आगामी 20 मई को होने वाले हजारीबाग लोकसभा के चुनाव में भाजपा के पक्ष में कमल छाप पर मतदान करने का अपील किया। नामांकन में उमड़े जनसैलाब को किया सलामः भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने नामांकन सह आशीर्वाद सभा में उमड़े जनसैलाब के लिए पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार जताया है। कहा कि जनता का यह प्रेम, स्नेह, आशीर्वाद और समर्थन इसी तरह बना रहें। उन्होंने कहा की देश की तरक्की और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए मुझे अपना सांसद और तीसरी बार देश में मोदी सरकार चुने।

मौके पर आजसू के केंद्रीय महासचिव विजय साहु, केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, दुलमी भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश कुमार, भाजपा नेता रंजित पांडेय, सरदार अनमोल सिंह, विजय जायसवाल, बसुध तिवारी, आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, आजसू के छात्र संघ जिला अध्यक्ष देवा महतो, जिला उपाध्यक्ष दया सागर महतो, जिला उपाध्यक्ष दिलीप महतो, प्रखंड सचिव सुरेश पटेल, भाजपा के जिला मंत्री दिलीप कुमार सिंह, रामगढ़ विधानसभा कोर कमेटी के सदस्य इंद्रदेव साव, आनंद बेदिया, महामंत्री विक्की कुमार महतो, हरेंद्र करमाली, एसटी मोर्चा के द्वारिका करमाली, एससी मोर्चा रंजीत नायक, मच्छेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### हर तरफ मिल रहा है मनीष को समर्थन

**वहीं हर क्षेत्र में मनीष जायसवाल को आशीर्वाद और समर्थन देने के लिए लोगों का अपार भीड़ जुट रहा है। लोगों ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का गाजा-बाजा के साथ फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। मनीष जायसवाल ने गुरुवार को दुलमी प्रखंड क्षेत्र के जमीरा, कोरचे, उसरा, इचातु, जामसिंघ, दुलमी बाजार, दुलमी सीआइडी चौक, सिरु, प्रियातु चौक, पोटमदाग, कुल्ही, उरवां, व्यांग और रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र स्थित बाजार टांड़, पासवान टोला, पुराना शांति टॉकीज, महतो टोला, सुभाष चौक, लोहार टोला, बिजुलिया, पतरातू बस्ती, विकास नगर, पंचवटी अपार्टमेंट और पोचरा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया।**

## पत्थलगड़ा के लालू मैदान में आयोजित जनसभा को यूपी के डिप्टी सीएम ने किया संबोधित

# राम के चरणों में इतना कमल चढ़ायें जिससे झारखंड सहित भारत कांग्रेस मुक्त हो जाये: केशव प्रसाद मौर्य

**पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराने के लिए चार सौ पार की आवश्यकता है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** कांग्रेस ने कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान को सौंप दिया था। उस पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराने के लिए चार सौ पार की आवश्यकता है। साथ ही गरीबों को मुफ्त में अनाज, बिजली,पानी और मकान मिलता रहे, इसके लिए भी मोदी सरकार को 400 पार की आवश्यकता है। आज पत्थलगड़ा के लालू मैदान में एक महती जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यह बातें कहीं। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने जो 60 साल में नहीं किया, मोदी ने वह काम 10 साल में पूरा कर दिखाया है। विपक्ष कहता है कि लोकतंत्र खतरे में है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। सिर्फ विपक्ष का नींद हराम हो गया है और उनकी पार्टी खतरे में है, जिससे उसका मनोबल गिरता चला जा रहा है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए झारखंड में भी डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील किया। उन्होंने आगे कहा कि अगर मोदी नहीं होते तो सर्जिकल स्ट्राइक नहीं होता। अगर 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प साकार करना है तो चतरा लोकसभा क्षेत्र से स्थानीय लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर 2047 तक विकसित भारत संकल्प में अपना अहम योगदान दें। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि आज सभी कोई हाथ उठाकर यह संकल्प लें कि कालीचरण सिंह को पांच लाख मतों से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजने का काम करेंगे, जिससे प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत किया जा सके। आज यहां से संकल्प लेकर जाएं की राम के चरणों में इतना कमल चढ़ाया जाए जिससे झारखंड सहित भारत कांग्रेस मुक्त हो जाए। उन्होंने आगे कहा कि अगर धारा 370 हटा है तो हर बूथ पर 370 वोट अधिक चाहिए।

इस मौके पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, पूर्व मंत्री रणधीर कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, अशोक शर्मा, उज्जवल दास, सुजीत भारती, बालेश्वर कुशवाहा सहित सहित अन्य वक्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार व संचालन बासुदेव दांगी ने किया।

# पतरातू में अपराध को अंजाम देने पहुंचे तीन अपराधी गिरफ्तार

**गिरफ्तार अपराधियों के पास से देशी पिस्टल, कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद**

**किसी भी हाल में जिले में अपराधियों को पनपने नहीं दिया जायेगाः एसपी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** अवैध हथियार के साथ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में जगन अपराध को अंजाम देने पहुंचे तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। इस मामले की जानकारी गुरुवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में रमेश मुंडा, रूपन हांसदा और बालतू मांझी शामिल हैं। यह तीनों रांची जिला क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनके पास से पुलिस ने एक लोडेड देशी कट्टा, एक 7.65 एमएम का देसी पिस्टल, .315 एमएम का जिंदा दो कारतूस और एक मोटरसाइकिल जब्त किया है।

**एंटीक क्राइम चेकिंग के दौरान पकड़े गये अपराधीः** एसपी डॉ बिमल कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रामगढ़ जिला में रांची से कुछ अपराधकर्मी मोटरसाईकिल से हथियार से लैश होकर किसी जघन्य अपराध को अंजाम देन लिए आये हुए हैं। इस सूचना के आधार पर एसपी ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान शुरू किया। इस अभियान के दौरान पतरातू एसडीपीओ के नेतृत्व में पतरातू-खलारी मुख्य मार्ग पर एक काले नीले रंग की डिस्कवर बाइक संख्या जेएच 01 आर 2171 पर सवार तीन व्यक्तियों को रुकने को कहा। वे लोग पुलिस बल को देख मोटरसाईकिल पीछे मुड़ाकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस बल के द्वारा उक्त बाइक सवार तीनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्तियों की तलाशी लिया गयी। इस एक लोडेड देशी कट्टा, एक 7.65 एमएम का देशी पिस्टल, .315 एमएम का दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने पतरातू थाना कांड संख्या 113/14 धारा 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट किताब मामला दर्ज कर गिरफ्तार तीनों अपराधियों को जेल भेज दिया गया।

**लूट की योजना को अंजाम देने पहुंचे थे अपराधीः** अपराधियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वे लोग लूट की योजना को अंजाम देने के लिए पतरातू पहुंचे थे। गिरफ्तार अपराधियों में रमेश मुंडा का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वर्ष 2018 में रांची जिले के नगड़ी थाना क्षेत्र में भी उसने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

छापामारी टीम में पतरातू एसडीपीओ बीरेंद्र राम, पतरातू पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, सब इंस्पेक्टर शिव कश्यप सहित पतरातू थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में चार की मौत

**प्रतापपुर /चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के जोगियारा गांव के रहने वाले बसंत साहू के भतीजा और स्वर्गीय नीरू साहू जो होमगार्ड के जवान थे उनके पुत्र पंकज साव जो खुद भी होमगार्ड के जवान के रूप में कार्यरत थे उनकी मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज साहू अपने दो बच्चे और पत्नी के साथ चतरा जिले के बचरा गांव जा रहे थे, लेकिन कुदरत को यह मंजूर नहीं था । मंजिल पहुंचने से पहले ही बचरा में स्कॉर्पियो चालक ने इनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही पंकज साव, उनकी पत्नी और उनका मासूम एक बेटा और एक बेटी की मृत्यु हो गई। यह घटना बुधवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे की है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-3-एफएएन-24-25, दिनांक: 30.04.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-3-एफएएन-24-25, दिनांक: 30.04.2024 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे दिनांक 24.05.2024 को अपराह्न 4.00 बजे या उसके बाद खोला जाना निर्धारित है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** रांची मंडल में बीएलडीसी पंखा तथा प्रीपेड एनर्जी मीटर के प्रावधान के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,53,58,595.54। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,26,800। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 24.05.2024 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: https://www.ireps.gov.in**। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।

(PR-102)

## श्रम दिवस पर किया गया शहीदों को नमन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन बरकाकाना शाखा परिसर में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान ऑल इंडिया रेलवमेंस फेडरेशन के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने यूनियन के लाल झंडे को फहराकर कार्यक्रम की शरुवात की। मौके पर उपस्थित इसीआरकेयू बरकाकाना शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर वेलफेयर फेडरेशन बरकाकाना के सचिव सरयू प्रसाद, सेवानिवृत्त रेलकर्मी सकील अहमद, अशरफी प्रसाद सहित उपस्थित रेलकर्मियों ने शहीद वेदी पर पुष्प गुच्छ चढ़ा कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन श्रमिकों के योगदान को पहचानने और उनके अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। श्रम दिवस आयोजन का उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों के संबंध में जागरूकता बढ़ाना और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए उनके संघर्ष को उजागर करना है। मौके पर संजय कुमार, डी के नायक, इश्वर, कमल किशोर, सुजीत, प्रणव, सूरज, मो हलीम, राजेश पंडित, बैजनाथ, रणविजय, रामलाल, कुतुबुद्दीन, अशोक, वकील, बिनोद, कुंदन, महादेव, चन्द्रदेव, राहुल, रवींद्र, सुनील, रामचन्द्र, मुकेश लाल, गंगादयाल, नंदलाल सहित कई अन्य रेलकर्मचारी उपस्थित रहे।

## 32 बोरा स्टीम कोयला जब्त, दो गिरफ्तार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में कोयले का अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने का दावा पुलिस प्रशासन करती है, लेकिन पर्दे के पीछे यह खेल सिस्टम के साथ चल रहा है। इसका उदाहरण रामगढ़ थाने में पकड़े गये अवैध स्टीम कोयला लदा बोलेरो से स्पष्ट हो रहा है। यह कारोबार लगातार जारी है और कई बार जब सिस्टम में दरार आती है तो गाड़ियों को पड़कर अवैध कारोबार पर नकेल कसने की बात कह दी जाती है। जानकारी के अनुसार रामगढ़ थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर निशिकांत शर्मा को गस्ती के दौरान सूचना मिली कि एक बोलेरो संख्या जेएच 01एबी 8418 से अवैध स्टीम कोयला रांची की और जा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए उक्त बोलेरो को चुटूपालू घाटी के चेटर मोड़ के पास रोका गया। जब बोलेरो की जांच की गई तो उसमें अवैध स्टीम कोयला लदा था। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दी। पुलिस में बोकारो सहित चालक व सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। रामगढ़ पुलिस ने इस मामले में मां तारा कोल डिपो के मालिक विजय साहू, कारोबारी कुलेश्वर महतो और उमेश महतो पर कांड संख्या 120/14 धारा 414/34 धारा 30 कोल माइन्स एक्ट 33 भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जबकि, गिरफ्तार चालक बाजार टांड़ राकेश कुमार महतो पिता भोला महतो, पप्पू कुमार कुशवाहा उर्फ पंकज कुशवाहा पिता जय राम प्रसाद कुशवाहा को जेल भेज दी।

## केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय सरना स्थल रिवर साइड भुरकुंडा में गुरुवार को केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति द्वारा सरहुल पूजा की समीक्षा बैठक रखी गयी। इसकी अध्यक्षता बालेश्वर बेदिया और संचालन संतोष उरांव ने किया। बैठक में आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। बैठक में कमेटी द्वारा सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि संरक्षक राजन करमाली को कमेटी का नियम उल्लंघन और समाज विरोधी कार्य करने के आरोप में केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति रिवर साइट भुरकुंडा से निष्कासित किया जाता है। बैठक में रितिका भोगता, देवलाल मुंडा, मिथिलेश टुड्डू, राजू मुंडा, संजय कुमार बेदिया, संजयनाथ करमाली, प्रकाश राम, रविंद्र तिर्की, गोविंद कुमार, मिंटू मुंडा, जूलियस मिंज, सूरज करमाली, राजेंद्र मुंडा, सेरोफिना एक्का, राजकुमार गोंड आदि मौजूद थें।

## वर्कर्स यूनियन ने मनाया मजदूर दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल सौन्दा हाथीदाड़ी क्षेत्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन (सीटू) के तत्वावधान में बुधवार को मजदूर दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता जगरनाथ पासवान और संचालन आजाद भुंइया ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष आरपी सिंह चंदेल और विशिष्ट अतिथि यूनियन के केन्द्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने झंडोत्तोलन कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि आरपी सिंह चंदेल व मनोज गुप्ता ने कहा कि मजदूर दिवस के दिन ही अमेरिका के शिकागो शहर में मजदूरों के उपर बम विस्फोट किया गया था। जिसमें 100 से अधिक मजदूर घायल हो गये थे। उस समय मजदूरों से 16-17 घंटा काम लिया जाता था। मालिकों से मजदूरों का कहना था कि सिर्फ 8 घंटा ही काम लिया जाये। जिसे लेकर मालिकों द्वारा बम विस्फोट किया गया। इसमें कई लोग मारे गये जबकि सौ से अधिक लोग घायल हो गये थे। मजदूरों के खून से पूरा शहर लाल हो गया। उसी की याद में लाल झंडा उत्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी यूनियन का मुख्य उद्देश्य मजदूरों की हर सुख-दुख में खड़ा रहकर उनका हक-अधिकार दिलाना है। श्री चंदेल ने कहा कि मजदूर दिवस शहीद मजदूरों की याद दिलाती है। उन्होंने मजदूरों से एकजुट होकर अपनी चट्टानी एकता बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं श्री गुप्ता मोदी सरकार द्वारा लाये गये मजदूर किसान विरोधी और काला कानून के विरोध में मजदूरों को एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आहवान किया। इसके पूर्व शहीद मजदूरों के प्रति दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। साथ ही दुनिया के मजदूर एक हो का नारा भी बुलंद किया गया। मौके पर आजाद भुंइया, विक्की टंडन, अमित सोरेन, गोविंद करमाली, के.डी. सिंह, त्रिभुवन साव, सुरेश महतो, बिरेन मांझी, भोला कुमार राणा सहित कई लोग मौजूद थें।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# पार्टी के रुख पर सवाल

ऐन चुनावों के बीच जिस तरह के संगीन आरोप लगे और विवाद खड़ा हुआ, उसके बाद हासन लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद, इन चुनावों में प्रत्याशी और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ की गयी जेडीएस की कार्रवाई स्वाभाविक ही कही जायेगी। लेकिन सवाल यह है कि अगर अभी कर्नाटक में वोटिंग बाकी न होती और विपक्षी कांग्रेस के साथ ही सहयोगी बीजेपी का भी दबाव न होता, तब भी क्या पार्टी नेतृत्व का यही रवैया होता? मंशा पर सवाल इसलिए उठ रहे हैं, क्योंकि इस मामले की सुगबुगाहट पिछले साल जून से थी। तब प्रज्वल रेवन्ना ने अदालत का रुख किया था। उन्होंने कोर्ट से मांग की थी कि उनसे जुड़े कुछ फेक विडियो हैं, जिन्हें पब्लिश करने से मीडिया संस्थानों को रोका जाये। कर्नाटक में बीजेपी का जेडीएस के साथ गठबंधन है। हासन के एक स्थानीय बीजेपी नेता ने आम चुनाव से पहले अपनी पार्टी को इस मामले की जानकारी देते हुए आगाह किया था कि प्रज्वल और उसके पिता एचडी रेवन्ना को टिकट नहीं मिलना चाहिए। विडियो सामने आने के बाद जेडीएस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी की प्रतिक्रिया भी निराश करने वाली रही। उन्हें इस मामले में बड़ी बात यही दिखी कि विडियो हासन में वोटिंग के पहले क्यों रिलीज किए गये। साथ ही, उनकी चिंता थी कि केस से देवेगौड़ा का नाम न जोड़ा जाये। आरोपी प्रज्वल ने जब विडियो पब्लिश होने से रोकने के लिए अदालत का रुख किया, तो उनकी भी चिंता अपनी इमेज को लेकर थी। इन सबके बीच पीड़ित महिलाओं का दर्द कहीं खो जाता है। क्या उनकी इमेज के कोई मायने नहीं? सबसे दुखद पहलू यह है कि इस पूरे प्रकरण का घटनाक्रम चौंकाता नहीं है। यह आम बात लगने लगी है - ताकतवर नेता, मजबूर महिलाएं और कमजोरों की अनदेखी करने वाला सिस्टम। हाल के कितने सारे मामले ध्यान में आ जाते हैं। कुछ ही समय पहले ऐसे ही आरोपों के साथ देश के जाने-माने और ओलिपिंक मेडल विनर पहलवान सड़क पर उतरे थे। उन्हें भी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा था। इस तरह की घटनाओं का बार-बार होना बताता है कि कुछ ताकतवर लोग खुद को नियम-कानून से ऊपर समझते हैं और तंत्र अपने लुंज-पुज व्यवहार से उनकी इस समझ को मजबूती देता है। दिक्कत सामाजिक परिवेश में भी है, जहां एक महिला के लिए अपनी लड़ाई लड़ना मुश्किल होता है। लड़ाई में साथ देना तो दूर, उसे भावनात्मक समर्थन भी नहीं मिल पाता। जरूरी है कि इस मामले की तह तक जाकर सचाई का पता लगाया जाये और दोषी के खिलाफ जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करके इसे एक नजीर की तरह पेश किया जाये।

**कर्नाटक में बीजेपी का जेडीएस के साथ गठबंधन है। हासन के एक स्थानीय बीजेपी नेता ने आम चुनाव से पहले अपनी पार्टी को इस मामले की जानकारी देते हुए आगाह किया था कि प्रज्वल और उसके पिता एचडी रेवन्ना को टिकट नहीं मिलना चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पांच साल बाद स्थिति काफी बदल चुकी है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी कर्नाटक में 25 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। वहां विधानसभा चुनाव हारने के बाद पार्टी कमजोर नजर आ रही थी, परंतु जेडीएस के साथ गठबंधन करने के बाद वहां का राजनीतिक समीकरण पूरी तरह से बदल गया है। अब बीजेपी पहले के मुकाबले मजबूत स्थिति में दिख रही है और ऐसे आसार भी दिख रहे हैं कि वह 2019 के प्रदर्शन को दोहरा सकती है।**

# दक्षिण का किला भेद पायेगी बीजेपी!

**आकाश कुमार गुप्ता**

दक्षिण भारत के पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में कुल मिला कर 130 लोकसभा की सीटें हैं। बीजेपी को लेकर एक आम धारणा यह है कि यह उत्तर भारत की पार्टी है और दक्षित भारत में इसका कोई खास प्रभाव नहीं है, परंतु जब हम आंकड़ों को देखते हैं, तो स्थिति कुछ और ही नजर आती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी 29 सीटों के साथ दक्षिण भारत की सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी थी, जबकि 28 सीटों के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर थी। यह बात और है कि बीजेपी की 29 सीटें केवल दो राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना से आयी थी, जबकि दक्षिण के अन्य राज्यों में वह खाता भी नहीं खोल पायी थी।

पांच साल बाद स्थिति काफी बदल चुकी है। पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी कर्नाटक में 25 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। वहां विधानसभा चुनाव हारने के बाद पार्टी कमजोर नजर आ रही थी, परंतु जेडीएस के साथ गठबंधन करने के बाद वहां का राजनीतिक समीकरण पूरी तरह से बदल गया है। अब बीजेपी पहले के मुकाबले मजबूत स्थिति में दिख रही है और ऐसे आसार भी दिख रहे हैं कि वह 2019 के प्रदर्शन को दोहरा सकती है। आंध्रप्रदेश की बात करें, तो यहां पिछली बार बीजेपी को एक भी सीट नहीं मिली थी, जिसका मुख्य कारण टीडीपी के साथ गठबंधन का टूट जाना था। परंतु इस बार स्थिति अलग है। चंद्रबाबू नायडू की एनडीए में वापसी हो चुकी है और ऐसी संभावना है कि बीजेपी पिछली बार के मुकाबले यहां अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। इसका एक मुख्य कारण मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी के 10 साल के कार्यकाल के प्रति विरोध लहर भी है। तेलंगाना में कुछ महीने पहले ही सत्ता परिवर्तन हुआ है। दो बार के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी और रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी। विधानसभ चुनाव में बीजेपी का प्रदर्शन काफी खराब रहा, परंतु जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, कुछ सीटों में वह अपने पक्ष में लहर बनाती दिख रही है। राजनीतिक विद्वान तो यहां तक कह रहे हैं कि बीजेपी पिछली बार के प्रदर्शन से कुछ बेहतर ही करेगी।

**अब बीजेपी पहले के मुकाबले मजबूत स्थिति में दिख रही है और ऐसे आसार भी दिख रहे हैं कि वह 2019 के प्रदर्शन को दोहरा सकती है।**



**आंकड़ों के मामले में बीजेपी इस बार दक्षिण भारत में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। बीजेपी इसके लिए पिछले कुछ सालों से प्रयास भी कर रही है। आंध्रप्रदेश में अपने पुराने सहयोगी टीडीपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ना हो या कर्नाटक में जेडीएस के साथ गठबंधन, बीजेपी दक्षिण में अपनी पैठ बनाने की लगातार कोशिश कर रही है।**

तमिलनाडु में पिछली बार बीजेपी अपना खाता भी नहीं खोल पायी थी और 2014 की एकमात्र जीती हुई सीट कन्याकुमारी भी हार गयी थी। पिछले चुनाव में बीजेपी का एआइडीएमके के साथ गठबंधन था, परंतु इस बार वह गठबंधन टूट चुका है। अन्नामलाई के रूप में बीजेपी के पास एक लोकप्रिय चेहरा है, जिनकी सभाओं में जोरदार भीड़ देखने को मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां अधिक सक्रिय दिख रहे हैं और कई दौरे कर रहे हैं। बीजेपी ने तेलंगाना की राज्यपाल तमिलसाई सुंदरराजन से इस्तीफा दिलाकर उन्हें दक्षिण चेन्नई सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। तमिलनाडु में बीजेपी का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन 1999 के लोकसभा चुनाव में रहा है, जब वह डीएमके के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ी थी और चार सीटें जीतने में कामयाब रही थी। इस बार बीजेपी किसी भी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है। इसके बावजूद राजनीतिक पंडित कह रहे हैं कि इस बार बीजेपी का वोट शेयर बढ़ने की संभावना है और अगर वह 1999 के प्रदर्शन को पीछे छोड़ देती है, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। केरल में बीजेपी का जनाधार हमेशा से कमजोर रहा है। यहां मुख्य रूप से लड़ाई कांग्रेस और लेफ्ट के बीच है। इस लोकसभा चुनाव में बीजेपी यहां कुछ कमाल करेगी, इसके आसार बहुत कम दिख रहे हैं। तिरुवनंतपुरम सीट से केंद्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर चुनावी मैदान है, जो वहां के वर्तमान सांसद शशि थरूर को कड़ी टक्कर देते दिखाई दे रहे हैं। दक्षिण भारत की पांच राज्यों में बीजेपी सबसे कमजोर इसी राज्य में दिख रही है।

आंकड़ों के मामले में बीजेपी इस बार दक्षिण भारत में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। बीजेपी इसके लिए पिछले कुछ सालों से प्रयास भी कर रही है। आंध्रप्रदेश में अपने पुराने सहयोगी टीडीपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ना हो या कर्नाटक में जेडीएस के साथ गठबंधन, बीजेपी दक्षिण में अपनी पैठ बनाने की लगातार कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस क्षेत्र में किये गये हालिया दौरे इसका स्पष्ट संकेत देते हैं। दक्षिण भारत के प्रदेशों की अपनी शिकायतें हैं। भविष्य में होने वाले परिसीमन को लेकर भी लगातार सवाल उठते रहते हैं। दक्षिण सवाल करता है कि क्या उन्हें मानव विकास और परिवार नियोजन में अच्छा काम करने के लिए दंडित किया जा रहा है। यह देखना दिलचस्प होगा कि यदि बीजेपी को दक्षिण भारत में एक बड़ा जनादेश मिलता है, तो वह इन सवालों का जवाब कैसे देती है।

**(लेखक आइटी प्रोफेशनल एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं। व्यक्त विचार निजी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### सनातन दल के संस्थापक ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का थामा दामन

# संविधान देश का विधान है, इसे किसी भी सूरत में बदला नहीं जा सकता: अर्जुन मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खरसावा।** सरायकेला खरसावां जिले के राजवाड़ी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सनातन दल के संस्थापक देवाशीष नायक अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। मौके पर देवाशीष नायक के साथ करीब 60 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर खूंटी से भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत किया। वही देवाशीष नायक ने कहा कि भाजपा की जीत तय है। लोकसभा चुनाव में खास कर युवाओं का रुझान भाजपा की ओर है। उन्होंने कहा जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे। इधर खूंटी से भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खरसावां विस क्षेत्र के चामारु, रंगामाटिया, झापुडागुड़ा और लाल बाजार में जनसंपर्क अभियान चलाया। इसके पश्चात उन्होंने खरसावां में प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक की। मौके पर अर्जुन



मुंडा ने कांग्रेस व झामुमो पर कटाक्ष करते हुए कहा ये दौनों ही दल उलजुलूल बातें कर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा संविधान कोई कुर्ता-कमीज नहीं है जब चाहें बदल दिया जाये। उन्होंने कहा संविधान देश का विधान है। इसे किसी भी सूरत में बदला नहीं जा सकता।

**इंडि गठबंठन बिन दूल्हे की बारात :- मुंडा**

अर्जुन मुंडा ने विपक्षी इंडि गठबंधन पर चुटकी लेते हुए कहा यह गठबंधन बगैर दुल्हा के बारात जैसा है। इन्हें देश से कोई मतलब नहीं है। इंडि गठबंधन के नेताओं की दोस्ती सांप और मेढ़क की दोस्ती जैसी है। कांग्रेस ने हमेशा अपने सहयोगी दलों का दोहन किया। उन्होंने कहा इतिहास गवाह है जो दल कांग्रेस के साथ हुए उनका क्या हस्र हुआ। कांग्रेस का साथ देने वाले जयपाल सिंह मुंडा, सुशील बागे से लेकर शिबु सोरेन जैसे नेताओं का इतिहास देखा जाये तो किसी का दल समाप्त हो गया, या फिर किसी को तिहाड़ जाना पडा। अभी कांग्रेस के साथ खडे होने वालों का भी यहीं हस्र होगा।अपने हित में चुनाव लडने वालों को खूंटी की जनता सबक सिखायेगी।

**पत्थलगड़ी के नाम पर लोगों को भडकाने वाले खुद लड़ रहे चुनाव**

अर्जुन मुंडा ने कहा कुछ वर्ष पहले पत्थलगडी के नाम पर लोगों को भड़का कर वोटर कार्ड जलवाने वाले आज खुद चुनाव लड़ रहे है। अपनी रोटी सेंकने के लिये लोगों को भड़काया गया था। अभी भी कुछ दल के नेता अलग- अलग मुद्दों को लेकर दुष्प्रचार कर रहे है। उन्होंने कहा एजेंडा विहिन राजनीतिकरने वालों से देश को बचाना है। ऐसे दलों को चुनाव में सबक सिखाना है। अर्जुन मुंडा ने केंद्र सरकार के दस साल की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताया। उन्होंने कहा आज मोदी सरकार ने जो काम किया, वह सब के सामने है। उन्होंने कहा आपका अधिकार कोई छीन नहीं सकता।इसकी गारंटी मैं लेता हूं। जो भी स्थानीय मुद्दे है उसे दूर कर लिया जायेगा। इस अवजर पर विजय महतो, अशोक षाडंगी, उदय सिंहदेव, मीरा मुंडा, जींगी हेंब्रम, सावित्री बानरा समेत खरसावां विस क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बुद्धीजीवी मौजूद रहे।

# समीर मोहंती आज करेंगे नामांकन, मंगल कालिंदी ने सभा स्थल का लिया जायजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** इंडिया गठबंधन के जमशेदपुर लोकसभा प्रत्याशी सह झामुमो विधायक समीर मोहंती शुक्रवार को नामांकन करेंगे। साकची बोधि टेंपल के बगल मैदान में सभा के लिए भव्य तैयारी की गयी है। शुक्रवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सभा स्थल का जायजा लिया। इंडिया गठबंधन के जमशेदपुर लोकसभा प्रत्याशी सह झामुमो विधायक समीर मोहंती के



सभा में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, मंत्री आलमगीर आलम, झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरवा, मंत्री बना गुप्ता, जोभा मांझी सहित इंडिया गठबंधन के अन्य विधायक गण और सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती का नामांकन सभा ऐतिहासिक होगी। सभा स्थल में इंडिया गठबंधन के शहर से लेकर गांव तक के हजारों हजार कार्यकर्ता उपस्थित होंगे।

## विधायक की पहल पर जल्द मिलेगी जुस्को की बिजली

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। विधायक सरयू राय के पहल पर जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में टाटा स्टील यूआईएसएल की बिजली प्रदान करने का कार्य जारी है। बारीडीह बस्ती, शांतिनगर और शक्तिनगर में जुस्को बिजली प्रदान किया जाना है। इसके लिए एक सब स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। शुक्रवार को सब स्टेशन निर्माण के लिए स्थल का चयन करने के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल के एक प्रतिनिधिमंडल ने बारीडीह क्षेत्र का भ्रमण किया।**

# झारखंड स्टील ठेका मजदूर संघ ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित जेनरल ऑफिस गेट के पास विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर शहीदों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। झांरखंड स्टील ठेका मजदूर संघ के बैनर तले सैकड़ो ठेका अस्थाई मजदूरों ने अपने हक की लड़ाई में मजदूर आंदोलन के दौरान शहीद हुए सहयोगी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने टाटा स्टील के जेनरल ऑफिस के सामने सड़क किनारे मजदूर हित मे आवाज को बुलंद करते हुए मजदूर एकता जिन्दावाद का जमकर नारा लगाया। इस अवसर पर झारखण्ड स्टील ठेका मजदूर संघ के नामधारी गौड़ ने बताया आदिवासी सोसाइटी,एस जी पटेल एंड कंपनी और आदिवासी वेलफेयर संगठन के सैकड़ो मजदूर अपने हक की लड़ाई में बीते 34 साल से आंदोलित है। आंदोलन में कई मजदूर शहीद भी हुए थे। आज विश्व मजदूर दिवस पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने बताया आन्दोल के दौरान टाटा स्टील ने साल 1990 में लगभग 1640 मजदूरों को स्थाई किया। उसके बाद साल 1992 में 300 मजदूरों को स्थाई किया। उसके बाद अब तक 34 साल में बचे 700 मजदूर व उनके परिजन आज भी आस लगाए बैठे है। जबकि लगभग 200 मजदूर हाय हाय करते हुए काल का गाल में जा बसे। उसके बाद भी बुढ़ापा के मार झेल रहे 500 मजदूर का टाटा स्टील के आस में शांति पूर्ण आंदोलन जारी है। उन्होंने बताया सभी मजदूर प्रत्येक सोमवार को जेनरल ऑफिस गेट के सामने सड़क किनारे एकजुट होकर अपने हक और अधिकार की मांग करते है। उन्होंने बताया बीते 34 साल से टाटा प्रबंधन के खिलाफ यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

# वेद प्रकाश सिंह के पक्ष में गोलबंद हो रहे समर्थक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अधिवक्ता वेद प्रकाश सिंह काफी लंबे समय से जिला बार संघ से जुड़े हैं। वैसे इस वर्ष जिला बार संघ के चुनाव में अधिवक्ता वेद प्रकाश सिंह कार्यकारी सदस्य की उम्मीदवार के पद पर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा वर्ष 2012 में बार संघ में शामिल हुए तब से बौद्धिक संपदा अधिकार, श्रम कानून, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, कंपनी, फर्म गठन



व अचल व चल संपत्ति पंजीकरण के क्षेत्र में अभ्यास कर रहे हैं। को-ऑपरेटिव कॉलेज जमशेदपुर से विज्ञान में स्नातक किया है।भारतीय विधापीठ पुणे से तीन साल कानून की पढ़ाई की। साथ ही मानव संसाधन प्रबंधन में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विशेषज्ञता में मास्टर डिग्री भी प्राप्त की। बेहतर काम के लिए कई बार सम्मानित भी हुए। उनके विशेष लगाव कानूनी क्षेत्र से है।उन्होंने जिला बार एसोसिएशन जमशेदपुर की सभी विकास गतिविधियों में शामिल रहे। हमेशा फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जिला स्तर से राज्य स्तर तक खेल कार्यक्रम आयोजित करते रहें। स्वच्छ भारत अभियान की गतिविधियों में भी शामिल रहकर उल्लेखनीय कार्य किए। जिला बार संघ द्वारा आयोजित खेल गतिविधियां में भी इन्होंने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। 2012 से लगभग 15 टूनार्मेंट आयोजित की। जिनमें क्रिकेट, वाटर पोलो, तैराकी, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, जिला स्तर से राज्य स्तर तक मैराथन शामिल हैं।उन्होंने आगामी 10 अप्रैल को जिला बार चुनाव के लिए सभी अधिवक्ताओं से उनके पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। वेद प्रकाश सिंह ने संकल्प लेते हुए कहा चुनाव जीतकर जिला बार संघ के उद्देश्यों व अधिवक्ताओं के विश्वास पर आवश्य खड़ा उतरेंगे।

## तीन वरिष्ठ मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर पर ही अपना वोट डाला

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में होने वाले मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। गुरुवार को प्रखंड अंतर्गत कुंबाखुर्द और जमुआ गांव के 85 वर्ष से ऊपर के तीन वरिष्ठ मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने घर पर ही अपना वोट डाला। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग की ओर से इस बार लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में असमर्थ हैं वैसे मतदाताओं को घर पर ही पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा की गयी है। पोस्टल बैलेट से पहले दिन घर पर जमुआ गांव के बचिया देवी पति बलराम राम तथा कुंबा खुर्द गांव के खरियाहा टोला की कालो देवी पति सुखी सिंह व अकरा टोला की समुंद्री देवी पति जगत उरांव ने अपना वोट डाला। मतदान कराने के लिये प्रथम मतदान अधिकारी सुरेश राम, द्वितीय मतदान अधिकारी चंद्रदेव चंद्रवंशी और माईक्रो ऑब्जर्वर विनीत कंडुलन प्रतिनियुक्ति थे। वहीं सेक्टर पदाधिकारी रवि कुमार व बीएलओ सुपरवाईजर रणधीर कुमार, पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार केसरी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल क्षेत्र के चिनियां प्रखंड कार्यालय के सभागार में 2 अप्रैल दिन गुरुवार को 10:30 बज दिन से झारखंड स्टेट लाईब्लीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तहत जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुशील दास की अध्यक्षता में स्वीप एक्टिविटी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनोज कुमार, एफटीसी सुदामा कुमार रवि, सामुदायिक समन्वयक रोहित कुमार, आशीष, संजीत और डीईओ अजय कुमार सहित काफी संख्या में महिला दीदी उपस्थित थे।

# पति ने पत्नी की चाकू से गोदकर की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



धुरकी। धुरकी सनकी पति ने पत्नी की धारदार चाकू से गोद-गोदकर हत्या कर दी, वहीं साला को घायल किया। यह मामला धुरकी थाना क्षेत्र के टाटीदीरी पंचायत अंतर्गत मीरचइया गांव स्थित बिचला टोला का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका फुल कुमारी उर्फ कवित्री देवी की शादी पलामू जिला के पड़वा थाना अंतर्गत बरवाडी गांव में हुई थी। वहीं मृतका कवित्री अपनी बिमार और विधवा मां को देखने गत जनवरी माह में अपने मायके मीरचइया गांव में आयी थी। वहीं इसके बाद पति मंगरू भुइयां अपनी पत्नि से मिलने के बहाने गुरूवार को सुबह तड़के तीन बजे अपनी पत्नी के मायके पहुंचा, और नींद में सो रही पत्नी कवित्री 40 वर्ष को धारदार चाकू से गोद-गोदकर घायल कर दिया। वहीं शोर मचाने पर बगल के कमरे में सो रहा मृतका का भाई बब्लू ने जब शोर की आवाज सुनकर नीद से जागा, तब मंगरू ने अपने साले बब्लू को भी धारदार चाकू से वार कर उसे भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं घटना के बाद वह फरार हो गया। इसके बाद दोनों भाइ-बहन की इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान कवित्री देवी की मौत हो गयी। चिकित्सकों ने घायल बब्लू की गंभीर स्थिति को देखकर रांची रेफर कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने तत्काल मीरचइया गांव में घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त घटनाक्रम की पुरी जानकारी ली। इधर मृतका की मां फुलबसिया कुंअर के द्वारा थाने में लिखित आवेदन देने के बाद थाना प्रभारी ने आरोपी मंगरू भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद पुलिस गहनता से घटनाक्रम की छानबीन करने में जुट गयी है। इधर मृतका के दो नाबालिग बेटी है। इधर इस घटना के बाद मीरचइया गांव मे सन्नाट पसर गया है।

# भाजपा दिन प्रतिदिन अंदर से खोखली होती जा रही है : धीरज

**झामुमो के बूथ और पंचायत प्रभारियों को दिया गया प्रशिक्षण**

**गठबंधन के प्रत्याशी को जीतने की रणनीति भी बनायी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर गुरूवार को झामुमो के बूथ और पंचायत प्रभारियों की जिला कमिटी के साथ बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में डंडा, रमकंडा और चिनियां के बूथ प्रभारियों और पंचायत प्रभारियों को लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक वोट दिलाकर भारी मतों से विजयी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बूथ और पंचायत कमिटी को प्रत्येक गांव और पंचायत में डोर टू डोर कैंपेनिंग करने, मतदाताओं को जागरूक करने, बूथ कमिटी के लोगों का चुनाव करने आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महागठबंधन प्रत्याशी को जीताने का संकल्प लिया।

मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि भाजपा दिन प्रतिदिन अंदर से खोखला होती जा रही है। गत लोकसभा चुनाव में 303 सीट पर सांसद विजयी हुए थे। परंतु आज की तिथि में भाजपा के पास सिर्फ 292 सांसद बचे हैं। शेष सभी उपचुनाव हारते गये। भाजपा का ग्राफ पूरे देश में गिर रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा मात्र 430 सीट पर चुनाव लड़ रही है और नारा दे रही है कि 400 के पार सीट जीतेंगे। यह बिल्कुल हास्यास्पद है। यह नारा विपक्षियों का मनोबल गिराने और अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए है। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि भाजपा झूठ का पुलिंदा है। सिर्फ जुम्लेबाजी पर ही भाजपा की सरकार चल रही है। बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता काफी मजबूत स्तंभ हैं। हमारे जितने भी बूथ प्रभारी और अन्य सभी पदाधिकारी हैं। वे अपने-अपने क्षेत्र में मजबूती के साथ संकल्पित होकर भाजपा की ठगनीति और जुमलेबाजी से जनता को अवगत करायें। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के जिला सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, केंद्रीय समिति सदस्य राजकिशोर यादव, शरीफ अंसारी, रकमंडा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता, चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, डंडा प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर चौधरी सहित तीनों प्रखंडों के पंचायत प्रभारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 13 मई को इंडी गठबंधन प्रत्याशी ममता को दिलायें जीतः अनंत प्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता



रमना। पलामू लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी ममता भुईया को बड़ी जीत दर्ज कराने को लेकर इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन गुलहरी बांध के समीप किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष तुलसी सिंह खरवार व संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष जगदीश यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित अनंत प्रताप देव ने कहा कि 13 मई को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां लालटेन छाप पर मुहर लगाकर जीत दिलाने का अपील किया। वहीं जीप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने पलामू लोक सभा से ममता भुइयां प्रत्याशी देकर महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। जिसे हम सभी को मिलकर जीत सुनिश्चित करानी है। वहीं झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है देश को अडानी अंबानी चला रहे है, गरीब असहाय लोगों को सुनने वाला कोई नहीं है। पलामू में दस वर्षो तक सांसद रहने के बावजूद बेरोजगारी दूर करने का सपना देख रहे है जिसे पलामू की जनता देख चुकी है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबदुल्लाह अंसारी ने कहा कि आज भाजपा के दस वर्षो के शासन काल में महंगाई चरम है। राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने दो नंबर लालटेन छाप प्रत्याशी ममता भुइयां को आपार मतों से जीत दिलाकर पहुना को विदाई करने की बात कही।

कार्यक्रम को 20सूत्री उपाध्यक्ष सह कांग्रेस नेता मंसूर अंसारी, रोहित वर्मा, प्रदीप सिंह, अनुज कुमार आदि ने संबोधन किया। मौके पर गोपाल प्रसाद गुप्ता, कुलदीप पासवान, गुलामली अंसारी, राजेंद्र उरांव, रामचंद्र राम, उदय प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता को जिताने के लिए झामुमो पंचायत प्रभारी और बूथ कमेटी की बैठक

रंका। पलामू लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन (राजद) प्रत्याशी ममता भुईयां को भारी मतों से जिताने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय रंका में बुधवार को झामुमो के युवा जिलाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू की अध्यक्षता में पंचायत प्रभारी और बुथ कमेटी के सदस्यों की बैठक की गयी। बैठक में संजय सिंह छोटू ने कहा कि पंचायत प्रभारी अपने अपने पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी बुथ कमेटियों के साथ बैठक कर सक्रिय और सशक्त बनाने का काम करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव को लेकर गांव घर चौक चौराहे पर चुनावी चर्चा अवश्य करें, ताकि जनता केंद्र की तानाशाही मोदी सरकार के कथनी और करनी तथा झारखंड सरकार के बीच का अंतर को समझ सके। उन्होंने 3 मई को 4 बजे दिन से गढ़वा बैठक में सभी बुथ कमेटी और पंचायत प्रभारियों को उपस्थित होने का अपील की। प्रखंड बीस सूत्रि उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा कराये गये विकास कार्यों के बोर्ड में प्रोटोकॉल के तहत लिखे गये नाम को दिखाकर भाजपा के प्रत्याशी बीडी राम जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। इस मौके पर कंचनपुर पंचायत प्रभारी राजेश कुमार मद्धेशिया, विश्रामपुर के अनिल चंद्रवंशी, चुतरू के इज्हार अंसारी, दुधवल के अहमद अली अंसारी, चुटिया के संजय सिंह छोटू, कटरा के विवेक सिंह उर्फ छोटू सिंह, मानपुर के दीपक सोनी, सोनदाग के भंडुल पाठक, बाहाहारा के कार्तिक पांडेय, सहित प्रखंड के सभी झामुमो कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे।

## दो विकलांगों के लिए हुआ पोस्टल पेपर का प्रयोग



भंडारिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित गढ़वा जिला के भंडरिया प्रखंड में डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र 76 भंडारिया पंचायत अंतर्गत माइक्रो आब्जर्वर रविंद्र दास व एसीटी शैलेंद्र कुमार निर्वाचित पदाधिकारी के भंडारिया के द्वारा पंचायत में दो विकलांग भंडारिया निवासी पिता जलील खान के लड़का खुर्शीद खान भूरका दोहर निवासी चंद्र देव माझी सहित एक वरिष्ठ नागरिक ग्राम नवका निवासी टोला डाडी कुइयां के रहने वाले बोधन सिंह जिसका उम्र 85 बर्ष हो गया है, उनके लिए पोस्टल बैलेट पेपर से होम वोटिंग कराया गया। भंडारिया पंचायत के ग्राम सेवक सह पंचायत सेवक मोजेस केरकेटा बीएलओ चमेली देवी झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की, भारतीय जनता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंह, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष निर्मल ठाकुर, राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी यादव सहित सभी राजनीतिक दल के पोस्टल बैलट पेपर वोटिंग में उपस्थित थे।

## दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा, टोपी, टी शर्ट का वितरण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वाधान में शहर के मुख्य पथ पर स्थित सत्यम बेग हाउस के पास ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा, टोपी तथा टी शर्ट का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित जायंट्स सदस्यों ने गर्मी को देखते हुए दिहाड़ी मजदूरों को भीषण गर्मी से बचने की सलाह दी। गर्मी के दिनों में पानी, निंबू पानी तथा ग्लूकोज पीते रहे, साथ ही पानी साथ में रखें, ताकि जब-जब भी प्यास लगे पानी पीते रहे। जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित रह सके और लू से बचाव हो सके। मौके पर जायंट्स वेलफेयर फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केसरी रूपा गंजी, गढ़वा ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, ध्रुव केशरी, राकेश केशरी, रवींद्र केशरी, चंदन चंद्रवंशी, विजय केशरी, संदीप केशरी आदि सदस्य उपस्थित थे।

## रंका में पनशाला का हुआ शुभारंभ





रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के समाजसेवी गीता देवी पति संजय भुईयां ने अनुमंडल मुख्यालय रंका के जननायक कर्पुरी ठाकुर चौक के समीप भोला ठाकुर के घर के पास इस भीषण गर्मी से लोगों की प्यास बुझाने के लिए पनशाला का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन रंका उतरी जिला परिषद सदस्य संपूर्णा तिवारी के ससुर देवेंद्र नाथ तिवारी और झामुमो रंका अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर शुभारंभ किया। इस मौके पर झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, पूर्व उप मुखिया भोला ठाकुर, शिक्षक घनश्याम ठाकुर, लखन यादव, कन्हाई यादव सहित कंचनपुर, झगराहा, होन्हेकला और रंका के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पिपरडीह में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत चटनिया पंचायत के पिपरडीह गांव निवासी सुरेश यादव की 32 वर्षीया पत्नी सरिता देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार की देर रात की है। इस घटना की सूचना पाकर कांडी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया। उक्त महिला की शादी 2010 में हुई थी। उसका मायके मझिआंव थाना क्षेत्र के बूढ़ीखांड गांव में है। मृतका अपने पीछे एक पुत्री 10 वर्षीया काजल कुमारी व एक पुत्र 08 वर्षीय मनीष कुमार को छोड़ गयी।

# सरकारी हैंडपंप में लगा दिया समरसेबल पंप

आजाद सिपाही संवाददाता



डंडई। इस भीषण गर्मी में जहां लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे हैं कि सरकारी संसाधनों को भी नहीं छोड़ रहे हैं और उसे अपने निजी उपयोग में ला रहे हैं। जिसके कारण वास्तविक जरूरतमंदों को विभाग द्वारा लगायें गये संसाधनों का लाभ नहीं मिल पाता है। दबंगों की मनमानी तो यहां तक हो चली है कि उनके द्वारा सरकारी संपत्ति को अपनी निजी सम्पत्ति मान लिया जाता है और उसका जमकर दुरुपयोग किया जाता है। जिसे रोकने न तो प्रशासनिक अमला सामने आता है और नहीं संबंधित विभाग कोई कार्रवाई करता है। ऐसा ही एक मामला डंडई प्रखंड के सोनेहरा गांव से आया है। यहां एक सरकारी हैंडपंप में सबमर्सिबल लगाकर सिंचाई करने का काम किया जा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। बाजार टोला निवासी रेयाज अंसारी, नजबुन बीबी, हेमा देवी, अनीता देवी, संतोष साह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि टोला में पीएचईडी विभाग के द्वारा पांच वर्ष पूर्व हैंडपंप लगाया गया है। जिससे टोले के करीब 20 घरों के लोग अपनी प्यास बुझाते हैं। लेकिन सुजाहुदीन अंसारी के द्वारा पिछले करीब दस माह से जबरन हैंडपंप के मुड़ी को निकाल कर समरसेबल लगा दिया गया और उससे कृषि कार्य के साथ-साथ अपने निजी कार्य किया है। जिससे इन दिनों टोल के ग्रामीणों को पीने का पानी को लेकर दर-दर भटकना पड़ रहा है। टोले के ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी हैंडपंप में सुजाहूद्दीन अंसारी के द्वारा समरसेबल लगाने के बाद पीएचईडी विभाग को तीन माह पूर्व लिखित आवेदन दिया था। इसके बाद जांच करने पहुंचे अधिकारियों के समक्ष दो दिनों में हैंडपंप से समरसेबल निकाल लेने की बात कही थी। लेकिन आज तक समरसेबल को नहीं निकाला गया।

# मतदान के दिन लोग अपने घरों से निकल मतदान अवश्य करें : डीसी

**46 आर्म्स के लाइसेंस कैंसल किये गये हैंः एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पलामू लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण में चुनाव होना है। जिसके लिए 18 अप्रैल 2024 को अधिसूचना की तिथि है, 25 अप्रैल 2024 नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि है, 26 अप्रैल 2024 को नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि है, 29 अप्रैल 2024 को अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि है, 13 मई 2024 को मतदान की तिथि है, और 4 जून 2024 को मतगणना की तिथि है। उन्होंने बताया कि डिस्पैच सेंटर के रूप में 80 गढ़वा और 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा जबकि 76 डाल्टनगंज और 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय डाल्टनगंज को तैयार किया गया है। सभी के लिए रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार समिति पलामू को बताया गया। गढ़वा जिले में मतदाताओं कि संख्या 1041022 है, वहीं प्रथम बार मतदान करने वाले नये मतदाताओं की संख्या 30142 है। जिसमें 80 गढ़वा में 14790 और 81 भवनाथपुर में 15352 है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा महिला मतदान केंद्र, मैनेज्ड बूथ, यूनिक मतदान केंद्र के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। कंपोजिट कंट्रोल रूम के बारे में उन्होंने बताया कि यह 24/7 कार्यरत है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि अबकी बार 80 पार के नारे के तहत जिले में 80% से अधिक मतदान सुनिश्चित करना हमारा प्रयास है, उन्होंने मीडिया के माध्यम से आमजनों से अपील किया कि 13 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे के बीच मतदान के दिन लोग अपने घरों से बाहर निकल कर, मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल के अन्तर्गत पूर्व में पदस्थापित निम्नलिखित सहायक अभियंता/कनीय अभियंताओं के नाम के विरूद्ध वर्षों से अस्थाई अग्रिम एवं राजस्व शीर्ष की राशि लंबित है। इस संबंध में इस कार्यालय द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक–1397, दिनांक–25.08.2014, पत्रांक–1460, दिनांक–25.08.2015 एवं ज्ञापांक–466, दिनांक–05.06.2020 तथा ज्ञापांक–546, दिनांक–09.06.2022 के माध्यम से सूचना देने के बावजूद अभी तक इसके समायोजन हेतु आपके स्तर से कोई भी कार्रवाई नही की गई है। लंबित अस्थाई अग्रिम की विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 | सहायक अभियंता का नाम जिनके द्वारा कनीय अभियंता को अस्थाई अग्रिम दी गई है। | कनीय अभियंता का नाम | अग्रिम प्राप्त करने का वर्ष | लंबित राषि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेन्द्र कुमार, तदेन सहायक अभियंता, हजारीबाग | श्री इन्द्रदेव राम, कनीय अभियंता, प्रशाखा, बड़कागांव | वर्ष 1996 के पूर्व | 87311.96 | कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। उपायुक्त, हजारीबाग एवं भभुआ को राषि वसूली हेतु आग्रह किय गया। परन्तु राषि अप्राप्त है। |
| 2 | श्री प्रमोद कमार सिन्हा, तदेन सहायक अभियंता, हजारीबाग | – | वर्ष 1993 के पूर्व | 8466.20 | सहायक अभियंता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। |
| 3 | श्री रघुनाथ मिश्रा, तदेन सहायक अभियंता, कोडरमा | – | वर्ष 1987 के पूर्व | 4414.89 | नवसृजित कोडरमा प्रमण्डल में शामिल। |
| 4 | श्री कौषल किशोर वर्मा, तदेन कनीय अभियंता, बडकागांव | – | – | 1196.05 | कनीय अभियंता इस कार्यालय से स्थानान्तरित। |

अतः प्रेस विज्ञप्ति से आपको स्मारित किया जाता है कि अविलम्ब उक्त उल्लेखित सरकारी अस्थाई अग्रिम की राशि इस प्रमण्डल में जमा कर दें अन्यथा बाध्य होकर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,
हजारीबाग ।

PR 324323 Rural Work Department(24-25)D

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय,राँची
(समाहरणालय भवन, ब्लॉक-बी, कमरा संख्या-413,
ईमेल-itda-ranchi@jharkhandmail.gov.in):0651-2209737
(PB & ETBPs Cell)

### प्रेस – विज्ञप्ति

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28A में निहित प्रावधानानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्त मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो आब्जर्वर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडियोग्राफर, वेब कास्टिंग कर्मी सभी प्रकार के पुलिस पदाधिकारी आवश्यक सेवा मे लगे अनुपस्थित मतदाता, वाहन चालक आदि के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्नानुसार सुविधा केन्द्र (FC) एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (PVC) का अधिष्ठापन किया गया है :–

4th Phase Voter's on election duty (For Postal ballots) Facilitation Centre

| क्र० | लोकसभा/विधानसभा क्षेत्र का नाम | Postal Ballot हेतु स्थल (सुविधा केन्द्र) का नाम | मतदान तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 58–तमाड (ST) विधानसभा (11–खूंटी (ST) लोकसभा)<br>66–माण्डर (ST) विधानसभा 12–(लोहरदगा (ST) लोकसभा)<br>अन्य (10–सिंहभूम (ST),11–खूंटी (ST), 12–लोहरदगा (ST), 13–पलामू (SC) | राजकीय + 2 उच्च विद्यालय, कांके, राँची। | 06.05.2024 से 11.05.2024 तक |

4th Phase Voter's on election duty (Police Personal) (For Postal ballots)

| क्र० | लोकसभा/विधानसभा क्षेत्र का नाम | Postal Ballot हेतु स्थल (सुविधा केन्द्र) का नाम | मतदान तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 58–तमाड (ST) विधानसभा (11–खूंटी (ST) लोकसभा)<br>66–माण्डर (ST) विधानसभा 12–(लोहरदगा (ST) लोकसभा)<br>अन्य (10–सिंहभूम (ST),11–खूंटी (ST), 12–लोहरदगा (ST), 13–पलामू (SC) | पुलिस लाईन, राँची। | 06.05.2024 से 11.05.2024 तक |

4th Phase Voter's on election duty (Driver, Conductor & Cleaner's etc.) (For Postal ballots)

| क्र० | लोकसभा क्षेत्र का नाम | Postal Ballot हेतु स्थल (सुविधा केन्द्र) का नाम | मतदान तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 3 | 10–सिंहभूम (ST)<br>11–खूंटी (ST)<br>12–लोहरदगा (ST)<br>13–पलामू (SC) एवं अन्य | हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची। (वाहन कोषांग के समीप) | 06.05.2024 से 11.05.2024 तक |

4th Phase Voter's on Essentials Service (For Postal ballots)

| क्र० | लोकसभा क्षेत्र का नाम | Postal Ballot हेतु स्थल (डाक मतदान केन्द्र) का नाम | मतदान तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | 10–सिंहभूम (ST)<br>11–खूंटी (ST)<br>12–लोहरदगा (ST)<br>13–पलामू (SC) एवं अन्य | समाहरणालय भवन ब्लाक–A, कमरा संख्या – 204 | 07.05.2024 से 09.05.2024 तक |

निर्वाचन कार्य से जुड़े मतदाता उपरोक्त निर्धारित तिथि को सम्बन्धित सुविधा केन्द्र में एवं आवश्यक सेवा के मतदाता डाक मतदान केन्द्र में जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, राँची

PR 324315 Ranchi(24-25).D

# मनीष जायसवाल के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

## राजस्थान के सीएम सहित एनडीए के कई नेता हुए शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के बिरसा चौक स्थित हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) परिसर में बुधवार को एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का नामांकन- सह- आशिर्वाद सभा का आयोजन हुआ। जिसमें विशेषरूप से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड के विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी, जदयू के राज्यसभा सांसद खीरू महतो, गिरिडीह के आजसू के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, कोडरमा विधायक नीरा यादव, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, कांके विधायक समरी लाल, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, सिमरिया विधायक किसुन दास, धनबाद विधायक राज सिन्हा, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री सह विधायक मनोज कुमार यादव, लोकनाथ महतो सहित अन्य सैकड़ों भाजपा, आजसू, जदयू, लोजपा ( रामविलास) पार्टी के नेता मौजूद हुए। सभी नेताओं को अंग- वस्त्र भेंटकर और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात बारी-बारी से सभी नेताओं ने मनीष जायसवाल के पक्ष में चुनावी नामांकन सह आशीर्वाद सभा को संबोधित किया। जनसभा में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा रामगढ़, सदर, मांडू, बदकगांव और बरही विधानसभा क्षेत्र से जनसैलाब उमड़ पड़ा। लोग गाजे- बाजे, ढोल- तासे संग नाचते- झूमते और हाथों में एनडीए गठबंधन में शामिल भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा (रामविलास) का पताखा लहराते हुए थिरक रहे थे। सभा की अध्यक्षता रामगढ़ के भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने किया। वहीं मंच संचालन भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह हजारीबाग लोकसभा के सह-संयोजक रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू ने किया।

**आपके मान सम्मान को बढ़ाऊंगा और हजारीबाग को विकास के नये बुलंदी तक पहुंचाऊंगा: मनीष जायसवाल:** मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा की आशीर्वाद दें, मैं हजारीबाग का बेटा और भाई हूं, आपका सम्मान बढ़ाऊंगा और हजारीबाग के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करूंगा।

### हजारीबाग में कमल खिलेगा: भजनलाल शर्मा

मनीष जायसवाल के नामांकन सह आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान और झारखंड की धरती वीरों की धरती रही है। इतनी कड़ी धूप में भी विशाल संख्या में आये हजारीबाग की जनता को नमन करता हूं और अनुरोध करता हूं कि जिस तरह से पिछले तीन बार से हजारीबाग की जनता भाजपा को लोकसभा में चुनाव जितवा रही है आने वाले चुनाव में भी मनीष जायसवाल जी को ही अपना सांसद बनायेगी इसका मुझे पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लूट की राजनीति की है और कभी भी गरीबों और किसानों की चिंता नहीं की है। कांग्रेस पार्टी यह झूठा प्रचार कर रही है की आने वाले समय में भाजपा द्वारा संविधान को बदल दिया जायेगा, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से यह साफ कर दिया है कि ऐसा कांग्रेस पार्टी झूठा प्रचार कर रही है और जनता को बरगलाने का काम कर रही है।

### तीसरी बार बनायें मोदी सरकार: बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 20 मई को हम सबको एक-एक वोट कमल फूल को देना है और मनीष को जिताना है ताकि नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री देश का प्रधानमंत्री बन सके। उन्होंने कहा की मोदी जी ने पिछले 10 सालों में गरीब, किसान, महिला और युवाओं के लिए अभूतपूर्व काम किया है। कांग्रेस पार्टी ने कभी भी झारखंड की जन भावना का सम्मान नहीं किया। भाजपा जो कहती है वह करती है।

### मनीष जयसवाल को प्रचंड मतों से जितायें: बाउरी

भाजपा विधायक दल के नेता सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी ने हजारीबाग की जनता से अपील करते हुए कहा की इस बार हजारीबाग के लाडले विधायक और भाजपा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल मोदी जी के कमल लेकर खड़े हैं, अतः आप मनीष जायसवाल को जिताकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें।

## जेपी पटेल ने किया नामांकन, रैली में उमड़ी भीड़

# देश और संविधान को बचाना है, जेपी पटेल को जिताना है: चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद जेपी के समर्थन में आयोजित जनसभा जिला स्कूल मैदान में किया गया। जनसभा में कांग्रेस समेत गठबंधन के कई धुरंधर नेताओं ने हिस्सा लिया जिसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक अकेला यादव, फागू बेसरा, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक ममता देवी, पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह, शहजादा अनवर, मुन्ना सिंह, संजीव बेदिया, जयशंकर पाठक, कमल नयन सिंह आदि शामिल हुए। नेताओं ने गठबंधन की एकजुटता और ताकत दिखाई।

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की ललकार, कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार:** जनसभा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कोने कोने से लोग पहुंचे हुए थे। हजारों की तादाद में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जब प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को ललकारा तो कार्यकर्ताओं में जोश दोगुना हो गया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार इस देश को पूंजीपतियों के हाथों बेचने का काम कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह से तानाशाही हो चुकी है। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा की विपक्षी दलों के नेताओं को चुनाव के वक्त फंसा कर जेल में डाल दिया गया है। अरोपों को सही साबित नही कर पा रहे फिर भी सिर्फ आरोप की बुनियाद पर उन्हें कैद कर के रख गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा की मुझे हजारीबाग की शुरू से फिक्र रही है। देश को मोदी से बचाना है और हजारीबाग को मनीष से। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा की यह दर्शाता है कि देश प्रधानमंत्री मोदी डरे हुए हैं। नामांकन कार्यक्रम में हजारीबाग कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, झामुमो के संजीव बेदिया, बिनोद कुशवाहा, सुखदेव साहू के अलावा कांग्रेस, झामुमो, राजद, माले, आप के पदाधिकारियों, कार्यकर्तागण एवं हजारों की संख्या उपस्थित समर्थकों की उपस्थिति रही।



### शहर भ्रमण कर जेपी ने मांगा समर्थन

जनसभा के बाद जेपी भाई पटेल ने समर्थकों के साथ शहर भ्रमण कर लोगों का आशीर्वाद लिया। जुलूस की शक्ल में सभी लोग जिला स्कूल मैदान से निकल कर महिला महाविद्यलय, अन्नदा चौक, पैगोडा चौक, झंडा चौक होते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। भ्रमण के दौरान जेपी पटेल के साथ खुली जीप पर विधायक अकेला यादव, विधायक अम्बा प्रसाद, पूर्व विधायक ममता देवी, मुन्ना सिंह आदि साथ रहे। रैली में मौजूद समर्थकों ने राह भर कांग्रेस, गठबंधन और जेपी पटेल के समर्थन में गगनचुंबी नारे लगाये।

## पानी में गिरने से बच्चे की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को कोडरमा थाना अंतर्गत गरहाई मे डेढ़ साल के मासूम बच्चा की पानी भरे टब में गिर जाने से मौत हो गयी। मृतक बच्चे की पहचान आयुष कुमार (पिता शिबू यादव, ग्राम गराहाई, कोडरमा) के रूप मे हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह एक टब में पानी भरा हुआ था। बच्चा खेलने के दौरान उसी में गिर गया। टब में लगभग एक घंटा रह जाने से उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने देखा तो कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## दो गुटों के बीच जमीन विवाद को लेकर मारपीट, पांच गंभीर रूप से घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बासोडीह पंचायत के ग्राम डुमरी में बुधवार की देर रात्रि एक बार फिर आपसी जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों के अनुसार आपसी जमीनी विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हुई जमकर मारपीट हुई। घायलों में डुमरी निवासी अर्जुन राउत 65 वर्ष पिता रामधनी राउत और उनके पुत्र 39 वर्षीय अशोक कुमार राउत, 36 वर्षीय संतोष कुमार राउत पिता हरि रावत और दूसरे गुट के 45 वर्षीय मनोज यादव पिता हरि राउत, 35 वषीर्या सावित्री देवी पति मुकेश यादव शामिल हैं। घटना के बाद दोनों पक्ष के घायल लोगों को सतगावां प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को कोडरमा रेफर कर दिया गया।

## चुनाव को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी की समीक्षा सनिनि पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार के द्वारा सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ गुरुवार को मध्य विद्यालय सांथ में बैठक कर किया गया। जिसमें मुख्य रूप से चुनाव के दिन रसोइया, बीएलओ, वॉलिंटियर्स द्वारा मतदान कर्मियों के लिए मूलभूत सुविधाएं और बिजली, शौचालय, पानी, खाना, गद्दा, तकिया आदि की जानकारी ली और संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## दिव्यांग मतदाताओं को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में गुरूवार को अंचल अधिकारी ओम प्रकाश बड़ाइक की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 के 18 वर्ष से ऊपर के दिव्यांगजनों के सुगम मतदान के हेतु मतदान अधिकारियों हेतु दृष्टि अक्षम और मूक बधिर मतदाताओं से संप्रेषण करने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक बीआरपी मोहम्मद शहजाद आलम और रिसोर्स शिक्षक शिक्षक उमेश कुमार यादव, सुजीत कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। बताया कि सामान्य नागरिकों तरह ही दिव्यांगजनों को मतदान करने का पूर्ण अधिकार है तथा चुनाव बूथ पर उन्हें विशेष सुविधा प्रदान की जायेगी जिससे वे भी मतदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। दिव्यांगजनों की मिलने वाली सुविधा, ब्रेल और सांकेतिक भाषा की विस्तृत रूप से चर्चा की। प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरभ कुमार ने कहा कि सामान्य नागरिकों की तरह ही दिव्यांगजनों को भी पूर्ण अधिकार है। मौके पर प्रखंड साधन सेवी बिरेन्द्र कुमार यादव, संकुल साधन सेवी संतोष कुमार, प्रसादी यादव, कपिलदेव यादव, कुलदीप कुमार, सर्वेश कुमार, सुपरवाइजर रेखा कुमारी उपस्थित थे।

## डीसी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा प्रखंडवार मतदान केंद्रों, क्लस्टर प्वाइंट व इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम पर मूलभूत सुविधाएं, रूट चार्ट, मतदान कर्मियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था इत्यादि की जानकारी ली जा रही है। इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने प्रखंड का दौरा किया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा प्राथमिक विद्यालय काटियो मतदान केंद्र 360, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय डगरनवां मतदान केंद्र 361, नव सृजित प्राथमिक विद्यालय बनमुरहा मतदान केंद्र 362 और उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसाबाद मतदान केंद्र 363 के समेत अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, एस आई रवि प्रकाश पंडित समेत बीएलओ और अन्य मौजूद रहे थे।

# राजकुमार कुशवाहा ने किया नामांकन दाखिल

**जनता का अपार समर्थन हमारे साथ है : राजकुमार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा अपने समर्थकों संग हजारीबाग समाहरणालय पहुंचे और निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर झारखंड पार्टी (झापा) के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल उल हक अंसारी, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार कुशवाहा, झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा सहित झारखंड पार्टी के कई केंद्रीय नेता शामिल थे। राजकुमार कुशवाहा अपने पैतृक गांव तिलैया झुमरा से सुबह निकल गाजे बाजे के साथ निकले। तत्पश्चात हजारीबाग के गांधी मैदान पहुंचकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, समर्थकों और लोकसभा क्षेत्र की जनता के साथ गाजे बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में हजारीबाग डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक, डीवीसी चौक होते हुए हजारीबाग समाहरणालय पहुंचे जहां उन्होंने निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के समक्ष अपना नामांकन प्रचा दाखिल किया। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद मीडिया से मुखातिब होकर राजकुमार कुशवाहा ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पांचो विधानसभा का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चला रहा हूं। झारखंड पार्टी जो झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी है के लिए समर्थन की अपील कर रहा हूं और जनता जनार्दन से अपार बहुमत के रूप में आशीर्वाद और जनसमर्थन की अपील कर रहे हैं। कहा की चुनाव तो जनता जनार्दन लड़ती है और जनता काफी सूझबूझ के साथ इस बार के चुनाव में मतदान करेगी और क्षेत्रीय पार्टी झारखंड पार्टी के उम्मीदवार को जीताने का काम करेगी। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद ने कहा की झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा को जनता विकल्प के रूप में देख रही है और विजय बनाने का काम करेगी। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार कुशवाहा ने कहा की हजारीबाग लोक सभा का विकास राजकुमार कुशवाहा ही कर सकते हैं। मौके पर केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी, झारखंड पार्टी के मीडिया सेल हेड लाल किशोर दास, झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा, सपना कुमारी आभा कुमारी, बबलू खान, हसन बाबू, योगेंद्र महतो, नारायण प्रसाद शामिल थे।

# साइंस-आर्ट्स के प्रखंड टॉपर हुए सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव के गुरु चट्टी स्थित आर के अकादमी में प्रखंड टॉपर विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता आर के अकादमी के निदेशक रंजीत कुमार ने किया। मुख्य अतिथि प्लस टू हाई स्कूल के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप सिंह शामिल हुए। ये दोनों विद्यार्थी प्लस टू हाई स्कूल में पढ़ाई करते थे। इस समारोह में गंगादोहर निवासी संजय प्रसाद दांगी के पुत्र नीरज कुमार साइंस में प्रखंड टॉपर और बड़कागांव के गुरुचट्टी निवासी विनोद प्रसाद जयसवाल की पुत्री खुशी जयसवाल को आर्ट्स में प्रखंड टॉपर होने पर सम्मानित किया गया। गंगा दोहर निवासी नीरज कुमार साइंस में 434 अंक लाया है। जिसमें से सबसे अधिक केमिस्ट्री में 89, अंग्रेजी में 95, बायोलॉजी में 88 अंक लाकर सफलता अर्जित की है। बड़कागांव के गुरु चट्टी निवासी खुशी जयसवाल 429 अंक लाई है। जिसमें से सबसे अधिक अंक भूगोल में 93, पॉलिटिकल साइंस में 90 लाकर सफलता अर्जित की है। मुख्य अतिथि प्लस टू हाई स्कूल के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि प्रबंधन समिति के नेतृत्व में प्लस टू हाई स्कूल के विद्यार्थियों का हर वर्ष उत्कृष्ट सफलता मिलती आयी है। यहां की विद्यार्थियों की मेहनत और लगन से अन्य गांव के विद्यार्थी प्रेरणा ले रहे हैं। मैं विद्यार्थियों को उत्साह बढ़ाने के में हमेशा है।

# कैले गांव के ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार का एलान

**लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन**




आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के इचाक प्रखंड के गोहरबंदा पंचायत अंतर्गत कैले गांव के ग्रामीणों ने सड़क नहीं तो वोट नहीं, बिजली नहीं तो वोट नहीं का नारा बुलंद किया है। पांच सौ आबादी वाला कैले गांव जंगल से घिरा है। जो एनएच 33 से 10 किलोमीटर दूर नेशनल पार्क रजडेरवा जंगल में बसा है। आजादी के 77 साल बाद भी गांव आज भी बिजली, सड़क, सिंचाई जैसे बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा है। लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर डीसी को आवेदन दिया है। जिसमें सांसद विधायक को गांव में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के साथ वोट बहिष्कार का जिक्र किया है। गोलबंद ग्रामीणों ने मौजूदा सांसद और विधायक के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी गुस्से का इजहार किया है। डीसी को सौंपे आवेदन में कहा है कि सांसद विधायक को कैले गांव के समस्याओं से कई बार अवगत कराया जा चुका है बाबजूद इस ओर कभी ध्यान नहीं देते। ऐसे में जब तक गांव वालों को बिजली, सड़क और सिंचाई नहीं, तब तक गांव वाले वोट का वहिष्कार करते रहेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद से गांव को बिजली सड़क और सिंचाई की व्यवस्था नहीं होना नेताओं के उदासीनता को दर्शाता है। ऐसे में ग्रामीण आला अधिकारियों से बिजली की मांग कर चुके हैं, जिसमे केवल आश्वासन के सिवा लोगों को कुछ नहीं मिला। जिससे कैले गांव के ग्रामीण खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। बताया कि गांव जंगल से घिरा है, जिस कारण शाम होते ही हिंसक जानवरों का झुंड गांव में मंडराने लगता है। जिस कारण लोगों के जान का खतरा बना रहता है। जंगली जानवरों के हमले में कई लोग जान गवां चुके है। दूसरी तरफ बिजली नहीं रहने से बच्चे की पढ़ाई बाधित होती है, जिसके चलते आज भी यहां के लोग पिछड़े और विकास से कोसों दूर है। इचाक सीओ रामजी गुप्ता से जानकारी लेने पर बताया की मामले की जानकारी मिली है, ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन को आवेदन नहीं दिया है, फिर भी शुक्रवार को गांव जाकर लोगों से बात की जायेगी। दिये ज्ञापन में कौशल्या देवी, दुनी देवी, फागु महतो, खेदु महतो, नामु महतो, सिकेंदर महतो, कृष्णा कुमार, रामदेव कुमार महतो, रमन, बाबूलाल महतो, सोनालाल महतो, तारकेश्वर कु महतो, बालकेश्वर महतो, भुवेश्वर महतो, सोहन महतो, रितेश कुमार, राजशेखर महतो, प्रेम कुमार, यशरन कुमार समेत ग्रामीणों का नाम शामिल है।

## हजारीबाग से शशि भूषण केशरी ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भरा पर्चा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग क्षेत्र के लिए निर्दलीय अभ्यर्थी के रूप में शशि भूषण केशरी ने निर्वाची पदाधिकारी नैंसी सहाय के समक्ष अपना नामांकन दर्ज किया। नामांकन दर्ज करने के बाद शशि केशरी ने कहा की हजारीबाग लोकसभा का विकास करना है, इसी सोच के साथ चुनावी मैदान में आया हूं। मठ मंदिर की रक्षा ही हमारा मुख्य मुद्दा है। साथ ही कहा की यहां की जनता तीसरे विकल्प की तलाश कर रही थी जो मेरे आने से पूरा हो गयी। यहां की जनता इस बार मुझे महुमत देकर जितायेगी और संसद भेजेगी।

## जेपी पटेल इमानदार और कर्मठ नेता, करेंगे हजारीबाग का विकास: मुन्ना सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने चानो स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान मुन्ना सिंह ने कहा जयप्रकाश भाई पटेल ईमानदार और कर्मठ नेता हैं, वही हजारीबाग का विकास करेंगे। हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ रहने वाले नेता हैं। निश्चय ही इस बार हम लोग जीत रहे हैं और जनता पूरी मन बना चुकी है। इस बार धन बल नहीं जन बल जीतेगी। मौके पर सदर प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता, उप प्रमुख रविकांत सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मजदूर दिवस पर सम्मानित हुए श्रमिक




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के द्वारा श्रमिकों के सम्मान के लिए अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया। इस अवसर पर केरेडारी कोल परियोजना के प्रमुख प्रभारी शिव प्रसाद ने केरेडारी परियोजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संविदा कर्मियों को सम्मानित किया। श्रमिकों के सम्मान में आयोजित किये गये इस दिवस का मुख्य उद्देश्य उनके मेहनत और योगदान की सराहना करना और और उन्नत कार्य करने की प्रेरणा देना है। इस मौके पर शिव प्रसाद ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए उनके योगदान के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने श्रमिकों के संघर्षों और परिश्रम की सराहना की और विशेष रूप से उनके अदम्य उत्साह को गौरवित किया और कार्य स्थल पर सुरक्षा पर प्रमुखता से ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी संविदा कर्मियों ने परियोजना के प्रमुख प्रभारी और सभी अधिकारियों के साथ विचार साझा किये कि किस तरह से उन्होंने अपने जीवन की कठिनाईयों का सामना किया और केरेडारी परियोजना के विकास में अपना सहयोग दिया। श्रमिकों ने सभाकक्ष में कार्य स्थल पर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी सुझाव दिऐ श्रमिकों ने एनटीपीसी कार्यालय की कार्यशैली और कार्य स्थल व्यवस्था की सराहना कि। श्रमिकों के अनुभवों एवं विचारों को समझने से कार्य स्थल में सकारात्मक बदलाव आता है एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा श्रमिकों के सम्मान का यह उत्सव एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उनके उत्साह को बढ़ावा देगा और परियोजना के विकास में उनकी भूमिका को ओर भी मजबूत करेगा।

## मोदी के विजन और मिशन की तर्ज पर क्षेत्र का विकास : समीर उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार सह राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू की अध्यक्षता में किसको बाजार चौक में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन संपन्न हुआ। ग्राम नवाडीह में मौलाना अशरफी के आवास के निकट मुस्लिम अल्पसंख्यकों से भी भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव रू ब रू हुए। मौके पर भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने पीएम मोदी की विजन और मिशन को विस्तार पूर्वक बताया। कहा फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पार। मौलाना अशरफी ने कहा समीर उरांव सिर्फ हर दिल अजीज ही नहीं समाज के सभी तबकों के लिए हर दिल के करीब हैं। इसलिए भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव की जीत पक्की होगी और मोदी जी की गारंटी के लिए हम सब गारंटर साबित होंगे। मौके पर भाजपा नेता अजय पंकज, बाल कृष्णा सिंह, मुन्नीलाल उरांव, राजकुमार मुंडा, मदन साहू, रामचरण साहू इत्यादि शामिल थे।

## सरना कोड से ही सभी कानून का अधिकार मिलेगा : चमरा लिंडा

**भीषण गर्मी के बावजूद भंडरा में निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा की सभा में उमड़ी भीड़**




आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** सरना कोड से ही आदिवासियों को कानून के सभी अधिकार मिलेंगे. सरना कोड को लेना जरूरी है. साजिश के तहत समय-समय पर सरना कोड को जनसंख्या प्रपत्र सहित अन्य संचिकाओ से हटाया जाता रहा है। आदिवासियों की आवाज बुलंद करने के लिए दिल्ली की लोकसभा में प्रतिनिधित्व जरूरी है। लोकसभा में सारण कोर्ट का आवाज बुलंद कर आदिवासियों का हक लिया जा सकता है। आप सभी का प्यार मिला तो सरना कोड लेने के लिए लोकसभा में आवाज बुलंद करने का काम में करूंगा। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टी आदिवासी विरोधी हैं। 70 वर्षों तक कांग्रेस देश में राज किया परंतु आदिवासियों की दशा और दिशा जहां की तरह है बल्कि आदिवासियों की कई अधिकार कानून छीन लिए गये हैं। आदिवासियों की हक अधिकार दिलाने के लिए वर्ष 2004 से मैं निरंतर प्रयास कर रहा हूं परंतु साजिश के तहत मुझे आदिवासियों का हक लेने से दूर रखा जाता है। झारखंड सरकार में भी पिछले सरकारों के द्वारा मंत्री पद देने की घोषणा कर मंत्री पद नहीं दिया गया जिसके कारण में ठगा महसूस कर रहा हूं। आदिवासियों को अपना अस्तित्व बचाए रखना जरूरी है। उक्त बातें लोहरदगा लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा के द्वारा चुनावी सभा संबोधित करते हुए कहा। इंडिया गठबंधन से हटकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे चमरा लिंडा के द्वारा भंडारा प्रखंड क्षेत्र के भैंसमुंदो गांव में चुनावी सभा का आयोजन किया गया था। इस सभा में लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी सहित कार्यकर्ता एवं आम लोग उपस्थित थे। प्रचंड गर्मी के बाद भी चुनावी सभा में भारी भीड़ देखी गयी।

कार्यक्रम को शिवराम कच्छप ने भी संबोधित किया। शिवराम कच्छप ने कहा कि चमरा लिंडा आदिवासियों की पहचान को बनाए रखने का काम किए हैं। कांग्रेस और भाजपा को आडे हाथो लेते हुए शिवराम कच्छप ने कहा कि आदिवासियों को हक और अधिकार दिलाने के लिए चमरा लिंडा ही एक सक्षम नेता है। मंच का संचालन शामिल उरांव के द्वारा किया गया। इस जनसभा में जिप सदस्य राजमणि उरांव, सुखदेव उरांव सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी मुख्य रूप उपस्थित थे।

## मतदाता सूची पर्ची वितरण को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर दी गयी जानकारी




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार लोकसभा निर्वाचन के निमित्त मतदाता सूची पर्ची वितरण को लेकर उप निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नें बताया कि लातेहार एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र में कल से मतदाता पर्ची का वितरण शुरू किया जाएगा। माइक्रो प्लान तैयार कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बीएलओ के माध्यम से शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी एवं कर्मी निर्वाचन संबंधित दायित्वों का निर्वाह सजगता के साथ पूरी ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर जिले में निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराया जा सकें। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार कौशल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ रतन कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## कुडू में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा जिला के अंतर्गत पलाश (जेएसएलपीएस ) द्वारा कुडू प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप बैनर के तले सखी मंडल की दीदियों के द्वारा बैठक का आयोजन करके स्वीप पर शपथ दिलायी गयी और स्वीप लीफलेट का वितरण भी किया गया तथा सबको 13 मई को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। कैरो प्रखंड में सखी मंडल की दीदियों के द्वारा स्वीप के अन्तर्गत संयुक्त रूप से एक साथ स्वीप स्लोगन के साथ पैदल , साईकिल एवं बाईक रैली निकली गयी और ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक भी किया।

## ब्रीफ खबरें

### चुनाव को लेकर झाममो की जिला स्तरीय बैठक




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा लोकसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को झामुमो जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा की यह चुनाव हमारे लिए महत्वपूर्ण है। अपने-अपने गांव पंचायत पर ध्यान केंद्रित करें। झारखंड की अस्मिता, देश का संविधान, आपसी समरसता और भाईचारा को कायम रखना है, तो हमें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को भारी बहुमत जीता कर गठबंधन को मजबूती प्रदान करनी होगी। मौके पर जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेत्री राधा तिर्की, जिला सचिव अनिल उरांव, केन्द्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी, विनोद यादव, इंजीनियर जफर इकबाल, महिला जिलाध्यक्ष सरिता भगत, जिला उपाध्यक्ष मुकेश साहू, विनोद यादव, समेत बड़ी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कैरो और भंडरा में भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उदघाटन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो और भंडरा मंडल में भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा चुनाव के निमित कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा बिंदेश्वर उरांव ने फीता काटकर किया। मौके पर श्री उरांव ने कहा कि लोहरदगा लोकसभा सीट भाजपा की आन बान और सान है। कार्यकर्ता इस बार भारी अंतर से जीतेंगे और यह सीट देश के विकाश के लिए समर्पित होगा। सांसद सुदर्शन भगत ने बहुत काम किया है। बचे हुए कार्यों को सांसद निर्वाचित होने के बाद समीर उरांव पूरा करेंगे। सभा को अनुसूचित जनजाति मोर्चा विधानसभा प्रभारी बजरंग उरांव, विशेश्वर प्रसाद ब्रजबिहारी प्रसाद, नीरज नलिन, त्रिवेणी दास, उमेश कास्यकार और आजसू से विपिन कुमार ने भी संबोधित किया। सभी ने एक स्वर में समीर उरांव को जिताने की बात कहीं।

### मतदाता जागरूकता मंच की बैठक, शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलायी गयी



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज व अंचलाधिकारी मनोज कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में प्रखंड जागरूकता मंच की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड के सभी विभागों के कर्मी, जनप्रतिनिधि समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए। बैठक में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर सभी विभाग के लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। वही शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर उपस्थित सभी लोगों को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने संयुक्त रूप से शपथ दिलायी। निर्देश दिया गया कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र से शत प्रतिशत मतदान को लेकर जागरूकता अभियान चलाते हुए। सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक मे प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी विजय शंकर राम, सीआई सुरेश राम, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि, प्रभारी बीपीओ त्रिवेणी राम मनोज कुमार, जावेद अख्तर, देव लाल राम, सर्वेश सिंह समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### लखन उरांव ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**कैरो (आजाद सिपाही)।** 2 माई 2024 दिन वृहस्पति को कैरो मंडल भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष लखन उराव की अगुवाई में कैरो मंडल के हनहट सक्ति केंद्र के ग्राम हुदू, गीतिलगड़, तोडाग, खरता, टाटी सदाबे एडादोन, नरौली नागजुवा इत्यादि अन्य गांवो में जनसंपर्क चला कर 4 माई 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन लोहरदगा लोक सभा के सिसई विधानसभा में आगमन होना है और भाजपा उमीदवार समीर उराव की जीत के लिए विशाल जन सभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में कैरो मंडल से अधिक से अधिक संख्या में आने की निमंत्रण दिया गया।

## राजद ने सुखदेव भगत के पक्ष में गांव में चलाया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को लोकसभा चुनाव में जीत दिलाने को लेकर राजद जिला अध्यक्ष सुनील मेहता की अगवाई में राजद नेताओं ने सुदूरवर्ती पठारी ग्रामीण इलाकों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पठारी ग्रामीणों से सभा कर समस्याओं को चिन्हित किया गया। उनके निपटारे के लिए मौके पर पहल की गयी। पेशरार प्रखंड के तुईमुपाट, वरपाट, निंदी, जालिम, चपरोंग, मन्हेपाट,सेरेंगदग आदि पथरी गांव में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। सुदूरवर्ती बरपाट में एक वर्ष से ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण अंधेरे में है।तुईमु गांव में पेजल की गंभीर समस्या है। ग्रामीण चुआ का पानी पीने के लिए विवश है। इस पर राजद जिला अध्यक्ष सुनील मेहता ने सेरेंगदग माइंस अधिकारी मनोज पांडे से वार्ता किया। हिंडालको अधिकारी ने यथाशीघ्र पेयजल की समस्या दूर करने का भरोसा दिया। इस दौरान ग्रामीणों से सभा करते हुए राजद जिला अध्यक्ष सुनील मेहता ने कहा कि, भाजपा के शासनकाल में देश में अराजक स्थिति उत्पन्न हो गयी है। कहा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को भारी मतों से जीत दिलाने की जरूरत है। देश के अस्मिता, सामाजिक समरसता और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में ग्रामीण भारी मतों से मतदान कर भाजपा के तानाशाही का जवाब दें। राजद जिला अध्यक्ष सुनील मेहता ने कहा कि, देश में महंगाई, बेरोजगारी गंभीर समस्या बन गई है। बावजूद, अपनी विफलता छुपाने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार जात पात की राजनीति कर लोगों को गुमराह करने में लगी है। देश के गंभीर हालत को सुधारने के लिए गठबंधन के प्रत्याशी को लोहरदगा सीट से ग्रामीण भारी मतों से विजय दिलाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर राजद पेशरार प्रखंड अध्यक्ष अमर असुर, जिला सचिव साकिर खान, विजय लोहार, सरवन तिर्की समेत बड़ी संख्या में पठारी गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

## दो महीने से नहीं आ रहा जलमीनार में पानी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के नदिया गांव के इस जलमीनार में लगभग दो महीने से पानी नहीं आ रहा है। आजसू नेता कंवलजीत सिंह ने बताया कि जलमीनार के मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं प्रतिनिधियों से कितनी बार कहा गया है बावजूद कोई करवाई नहीं हुई है। सबसे बड़ी बात है की इस जलमीनर से आदिवासी समाज के 20 से 25 घर के लोग पानी पीते हैं, लेकिन आज की तारीख में लगभग 1 से 2 किलोमीटर दूरी से इनको पानी लाना पड़ रहा है। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं हैं, उसके बावजूद जल मीनार में पानी नहीं है लेकिन सरकारी पैसे के गबन करने के लिए सोखता बनाया जा रहा है।

## इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों की बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जुबली चौक के समीप होटल कार्निवास में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के प्रखंड अध्यक्ष एवं जिले के सभी पदाधिकारी वर्ग संगठन के प्रखंड अध्यक्ष तथा सभी सम्मानित साथियों के साथ एक बैठक 3:00 बजे दिन में रखी गयी। इस बैठक में लोकसभा चुनाव में मजबूती से लड़ने के लिए एक समन्वय समिति का गठन कर आगे मुख्य रूप बातों पर चर्चा की गयी। बैठक में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से महागठबंधन की ओर से घोषित प्रत्याशी केएन त्रिपाठी, गठबंधन दल के ओर से झामुमो, राजद, आम आदमी पार्टी, माले सहित कई बड़े कार्यकर्ता का जुटान हुआ। गठबंधन दलों के नेताओं कार्यकर्ताओं और सामाजिक न्याय पसंदों, प्रखंड के सम्मानित आमजनों, प्रबुद्ध नागरिकों, समाज सेवीयों, जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक से अधिक संख्यां मे शामिल हो कर प्रखंड के अध्यक्ष अब गांव की ओर जाकर लोगों को समझाएं और पार्टी के आने वाले एजेंडा के बारे में बताएं कि लोकल प्रत्याशी जो आप लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे। केएन त्रिपाठी 1532 ई. के खतियानी हैं, जो चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। मौके पर चतरा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि गरीब बेरोजगार को रोजगार देने संबंधित एजेंडा तैयार किया गया है और पार्टी हर एक बूथ स्तर पर एक कमेटी का गठन करेगी, जो बेरोजगारों को चिन्हित कर बताएगी। आप लोगों का बहुत अरसे बाद यह संयोग बना है कि चतरा लोकसभा में इंडिया गठबंधन ने लोकल उम्मीदवार को चुनाव में भेजा है। आप लोगों से मेरा यही आग्रह होगा जन-जन तक पहुंचाएं चतरा लोकसभा सभी कार्यकर्ता के साथ मतभेद नहीं रखें और इस कार्यक्रम में संचालित महागठबंधन के सदस्यों कार्यकर्ता को बुलंद करना है। अंतर्गत लातेहार जिला के अध्यक्ष के साथ बैठक रखी गयी। प्रखंडों से इंडिया गठबंधन दलों अध्यक्ष को बुलाया गया और इस कार्यक्रम में लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने कहा पंचायतो के विभिन्न गांवो में जनसंपर्क करना चाहिए। सभी का अविश्वसनीय समर्थन के साथ से ऐसा प्रतीत हुआ कि यह चुनाव हमारे प्रत्येक साथी अपना चुनाव समझकर गंभीर और उत्साहित है। ऐसा समर्थन और विश्वास देने के लिए सभी को आभार आने वाले समय में महागठबंधन के साथ चतरा लोकसभा विकास के लिए गाथा लिखेंगा कार्यक्रम में सम्मिलित रूप से शामिल हुए। मुनेश्वर उरांव जिला अध्यक्ष कांग्रेस लाल मोती नाथ शाहदेव जिला अध्यक्ष झामुमो, केंद्रीय सदस्य दीपू सिन्हा रामप्रवेश यादव जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय जनतादल, बिरजू राम जिला सचिव भाकपा माले् लातेहार प्रमोद पांडे, आप पार्टी लातेहार संसदीय क्षेत्र के सभी गठबंधन के नेता शामिल थे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर सात लोगों से साढ़े बारह लाख की ठगी




सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के पालकोट रोड निवासी गोडविन मिंज,अमित रोशन लकड़ा, मौसमी किंडो, नीलम किंडो, जीवन मुक्ति कुजूर, सुमित टोप्पो,सुमित इन्दवार तथा रोहित इन्दवार ने हस्ताच्छर युक्त आवेदन एसपी को देकर नौकरी का झांसा देकर साढ़े बारह लाख रुपये ठगी किये जाने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। एसपी को दिए आवेदन में गॉडविन ने कहा है कि पढाई के दरम्यान वर्ष 2022 में अमर जय एक्का जो टुकुटोली शांति नगर का रहने वाला है से दोस्ती हुई।दोस्ती के बाद अमर के साथ रहते हुए बसिया निवासी प्रकाश राम जो बसिया प्रखंड कार्यालय में डाटा ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है उनसे मुलाकात हुई।बातचीत व मिलने जुलने के दौरान उपरोक्त दोनो व्यक्तियों द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि पढ़ाई की डिग्री से नॉकरी नही मिलेगा।पैसा खर्च करने पर सरकारी नॉकरी लगवा दिया जाएगा।फिर प्रकाश राम के द्वारा बताया गया कि उनका भाई बिरसा मुंडा एग्रो पार्क के समीप लक्ष्मण नगर के रहने वाले रमेश राम व उसकी पत्नी किरण लकड़ा उर्फ किरण देवी दोनो पुलिस विभाग गुमला में कार्यरत है। इनलोगों के द्वारा प्रस्ताव दिया गया की प्रति व्यक्ति दो लाख रुपया खर्च करने से सरकारी नौकरी का जोइनिंग लेटर तथा ऑफर लेटर दिया जायेगा। विश्वास दिलाने के लिए उनके द्वारा यह भी कहा गया कि लेटर मिलने के बाद ही पूरे पैसे का भुगतान करना है। तब तक काम कराने के एवज में 75% का भुगतान करना होगा। जनवरी 2023 में बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में अमर, प्रकाश, रमेश व किरण सभी से भेंट की। जहां रमेश के द्वारा कई लोगो को नौकरी दिलाए जाने की बात कहकर अपने मोबाइल के वाट्सअप पर सरकारी विभाग का जॉइनिंग व ऑफर लेटर दिखाया। बताया गया की रमेश व उसकी पत्नी स्वयं पुलिस विभाग में कार्यरत है। फिर रमेश राम तथा किरण देवी के द्वारा हमलोगों को विश्वास में लेकर फरवरी 2023 में सभी का शैक्षणिक प्रमाण पत्र लिया गया।साथ ही दो दो लाख रुपया का डिमांड किया गया और सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा लिया गया। सभी ने मिलकर एक लाख 60 हजार रुपये लिए।

## युवती ने कीटनाशक का सेवन कर की आत्महत्या



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पतरा टोली निवासी 27 वर्षीय शाहिना खातून ने मंगलवार की रात कीटनाशक का सेवन कर लिया वहीं सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया परिवार के सभी लोग रात्रि में खाना पीना खाकर अपने-अपने कमरे में सोने चले गए इसके बाद रात्रि करीब 2:30 बजे शाहिना के चिल्लाने की आवाज सुनाई पड़ी परिवार के सभी लोग उसके कमरे में गए तो देखा कि वह उल्टी कर रही है पूछताछ करने पर उसने सलफास खाने की बात बताई तत्काल उसे इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई वही परिजनों ने बताया शाहिना का कुछ दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी वहीं बुधवार की अपराह्न शव का पोस्टमार्टम पर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामला दर्ज कर आगे कार्रवाई में जुट गयी है।

## भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** बस स्टैंड रायडीह के समीप बुधवार को भाजपा रायडीह मंडल का चुनावी कार्यालय का उदघाटन रायडीह मंडल प्रभारी सुजीत कुमार नंदा और मंडल कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर राय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व वैदिक रीति रिवाज से पंडित युगल किशोर पांडेय ने पूजा पाठ सम्पन्न कराया।जबकि यजमान पूजा में मनोहर राय बैठे थे।उसके बाद उपस्थित कार्यकताओं के बीच प्रसाद और लड्डू का वितरण किया गया। इस मौके पर जग नारायण सिंह, योगेंद्र सिंह, चोकेन्द्र सिंह, गजाधर सिंह, राज किशोर साहू, मांगू उरांव आदि उपस्थित थे।

## स्कूटी सवार ने सड़क पार कर रही महिला और बच्ची को मारी टक्कर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज साइंस बिल्डिंग के समीप स्कूटी सवार ने सड़क पार कर रही पालकोट निवासी जेने विभा सोरेंग और ज्योति नगर निवासी अनिल सोरेन की ढाई वर्षीय पुत्री एंजेलिना सोरेन को जोरदार टक्कर मार दिया। दोनों घर के समीप किराना दुकान कुछ सामान खरीदने गए थे। घटना के बाद स्कूटी सवार तीन युवक भी गिरकर घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां घायल महिला बेहोशी की हालत में थी। उसके सिर में चोट लगी थी। इलाज के उपरांत उसे आईसीयू वार्ड में रखा गया। लेकिन स्थिति खराब होने पर डॉक्टर से रिम्स रेफर कर दिया वहीं ढाई वर्षीय बच्ची का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया गुमला की ओर से तीन युवक स्कूटी में तेज गति से चलते हुए महिला व बच्ची को जोरदार टक्कर मार दिया। बताया जाता है कि सभी युवक शराब के नशे में पूरी तरह से धूत थे। इतना तक की बड़ी मुश्किल से उन्होंने अपना नाम पता सरना टोली निवासी प्रकाश कुजूर और तिर्रा निवासी बंटी साहू बताया। वही एक अन्य युवक का पता नहीं चल पाया है।

## लूट कांड के अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना की पुलिस ने खटवा नदी के समीप लूट कांड के प्राथमिक अभियुक्त घाघरा निवासी 30 वर्षीय इम्तियाज आलम पिता स्वर्गीय गफ्फार खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी और उसके तीन साथी बाइक सवार को रोक कर मोबाइल और पैसा का लूट किए थे। जिनमें से तीन अभियुक्त फरार हैं। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। यह घटना 20 दिसंबर 2023 को किया गया था।

## असामाजिक तत्वों की शरारत से फसल राख

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थान क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु ग्राम निवासी स्व0 रघुनाथ महतो का पुत्र गांसा महतो के गेंहू खेत में असमाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दिया गया। जिससे किसान का फसल जल कर राख हो गया। वही इस घटना में किसान को लगभग 30 से 40 हजार का आर्थिक नुकसान होने की बात बताई जा रही है। विदित हो कि किसान के गेहूं फसल में आग लगने से नुकसान के साथ परिवार का भरण पोषण करने का समस्या उतपन्न हो गयी है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 03 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# पलामू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा कल

## ऐतिहासिक होगी पीएम की चुनावी जनसभा : अमित



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को पलामू में चुनावी सभा करेंगें। उसे लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। पार्टी के नेता-कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से जुटे हुए है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कही। वे हुसैनाबाद शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चार मई को चियांकी हवाई अड्डे पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसे ऐतिहासिक बनाने के लिऐ भाजपा परिवार पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जाकर लोगों को आमंत्रित करेगी। वहीं, हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा कि देश की जनता विकास के नाम पर तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहती है। हुसैनाबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम भारी मतों से आगे रहेंगे। वहीं, भाजपा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने कहा कि विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी की जनसभा को सफल बनाने और लोकसभा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर पूरी ताकत से लगे हुऐ है। इस बार हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से रिकार्ड मत मिलेगा। पिछली बार से अधिक मतों से पलामू लोकसभा से वीडी राम चुनाव जीतेंगे। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, अशोक सिंह, कर्नल संजय सिंह, रामप्रवेश सिंह,संतोष सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता आदि थे।

## बीड़ओ ने शहर के दो बूथों का किया भौतिक सत्यापन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र के सभी बूथों पर विधि व्यवस्था को लेकर स्थानीय पदाधिकारी सक्रिय हैं। मतदाताओं की सुविधा व निर्भिक होकर मतदान करने की तैयारी जोरों पर है। इसी क्रम में हुसैनाबाद आईओ सह बीइओ नरेश राम ने शहर के बूथ संख्या 116 कन्या मध्य विद्यालय व बूथ संख्या 125 प्लस टू बालिका उवि का निरीक्षण किया। इस दौरान बिजली, पंखा, रैम्प, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, शौचालय, पीने का पानी आदि का भौतिक सत्यापन गया। जिसमें उक्त सारी व्यवस्था उपलब्ध पाया गया। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने की बात कही। मौके पर प्लस टू बालिका उवि के प्रधानाध्यापक प्रेम प्रकाश सिंह, कन्या मवि के प्रभारी प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी, संकुल साधन सेवी विनय कुमार सिंह,सहायक अध्यापक अविनाश कुमार सिन्हा, दिग्विजय कुमार सिंह, अजय कुमार और विनय कुमार आदि मौजूद थे।

## प्रभारी प्रधानाध्यापक का निधन, शोक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत के बरवाबांध स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह शिक्षक नेता देवनारायण पांडेय उर्फ मोहन पांडेय का मंगलवार की रात निधन हो गया। जिससे क्षेत्र के शोक की लहर है। परिजनों के मुताबिक रेहला स्थित आवास पर मंगलवार की दोपहर उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। उन्हें तत्काल विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां देर शाम निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी और दो बेटी छोड़ गए हैं। बुधवार को रेहला कोयल नदी तट पर उनका दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके चचेरे भाई बबलू पांडेय ने दी। अंतिम यात्रा में झारखंड सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश नेता प्रदुम्न कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे आदि मौजूद थे।

## प्रथम महापौर ने चैनपुर-शाहपुर में घूम-घूम कर भाजपा को वोट देने की अपील की

# वीडी राम को वोट देकर भारी मतों से जीतायें : अरुणा शंकर

**चार मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को लेकर लोगों को कियाआमंत्रित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पंजाबी ढोल नगाड़े के साथ चैनपुर बाजार एवं मोहल्ले का भ्रमण कर महिलाओं, व्यवसायों व युवाओं को चार मई की सुबह आठ बजे हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की सभा में आने का निमंत्रण दिया। साथी ही 13 मई को पलामू से भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के पक्ष में मतदान कर विजयी बनाने की अपील की। आमंत्रण यात्रा में प्रथम महापौर के साथ शहर एवं चैनपुर के सैकड़ों व्यवसायियों एवं महिलाओं का हुजूम था। सभी लोगों ने गर्म जोशी से प्रथम महापौर का स्वागत किया। इस अवसर पर अरुणा शंकर ने कहा कि चैनपुर, शाहपुर का प्यार मुझे मायके की याद दिलाता है। हर चैनपुर-शाहपुर की महिला मुझे मां की तरह प्यार करती है। भाई-भाई की तरह और बहने दीदी की तरह प्रयार करती है। इसी लिए मैं भी उसी अधिकार से अपने बड़े भाई वीडी राम जी के लिए अपने मायके में वोट मांगने आई हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि इस बार हमें सांसद नहीं अपने बड़े भाई को पिछली बार से ज्यादा वोट दिला कर मंत्री बनाना है, ताकि क्षेत्र का चौमुखी विकास हो सके और हमारे युवा भाई, बहनों को रोजगार के अवसर मिल सके। प्रथम महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल में पारित कि गई कई योजना में से एक चैनपुर में भी शहर के गांधी उद्यान की तरह सूर्य मंदिर तालाब का सुंदरीकरण, माताओ, बहनों को छठ करने के लिए शानदार घाट, बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों के लिए पार्क एवं सुबह शाम टहलने के लिए ट्रैक बनने जा रहा है। टेंडर हो चुका है। चुनाव के बाद कार्य शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर काशी प्रसाद कमलापुरी, विजय प्रमुख, आनंद प्रसाद, अरविंद प्रसाद, चंदू गुप्ता, विजय माल्या, प्रदीप प्रसाद, श्याम कश्यप, कृष्णा सोनी, लक्ष्मी साह, अखिलेश आदि उपस्थित थे।



अरुणा शंकर का फूलों का माला पहनाकर स्वागत करती महिलाएं।

# अंतरजातीय विवाह से नाराज भाई ने संतोष को मारी थी गोली

**छतरपुर पुलिस ने संतोष प्रसाद गोली कांड का किया उद्भेदन, दो गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र स्थित खाटिन गांव में खैनी विक्रेता संतोष साव को गोली मारने के मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान आशुतोष सिंह उर्फ बूटा और रोशन सिंह के रूप में हुई है। उसके पास से दो देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के अलावा मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जबकि एक अन्य फरार आरोपी की गिरफ्तार के लिए छापामारी कर रही है। छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई है। यह घटना 29 अप्रैल की बताई जा रही है। उधर, आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर व्यवसायियों में भारी आक्रोश था। बतातें चलें कि संतोष प्रसाद को तीन हमलावरों ने 29 अप्रैल को छतरपुर थाना के पास, बालिका मध्य विद्यालय के समीप पीछे से दो गोली मारी थी। संतोष साव छतरपुर स्थित अपना खैनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। इस घटना के बाद पूरा छतरपुर शहर आक्रोशित हो गया था। घटना के अगले दिन व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद रखी थी और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन किया था। अपराधियों की गिरफ्तारी शीघ्र नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन और चुनाव बहिष्कार करने की धमकी भी दी गयी थी। उधर, आशुतोष की बहन ने संतोष प्रसाद के बेटे के साथ अंतजातीय र्तीय विवाह किया है। इसको लेकर आशुतोष और उसका परिवार काफी गुस्से में था। वह अपने बहनोई की हत्या करना चाहता था। इसके लिए उसने अपने रिश्तेदारों से संपर्क किया और उनकी मदद ली। 29 अप्रैल को वह संतोष प्रसाद के बेटे को ही मारना चाहता था, लेकिन संयोग से उस दिन वह नहीं, उसके पिता संतोष प्रसाद दुकान पर थे। फिर भी पारिवारिक क्षति करने की नीयत से आशुतोष ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर संतोष प्रसाद को गोली मारी और सभी फरार हो गये। आशुतोष की बहन से ही पुलिस को सुराग मिला था।



## तृतीय चरण के चुनाव प्रशिक्षण की तैयारी पूरी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** निष्पक्ष व त्रुटि रहित मतदान के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशिरंजन के आदेशानुसार मतदानकर्मियों को तृतीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण शुक्रवार से शुरू होगा जो छह मई तक मेदिनीनगर हेरिटेज स्कूल में दिया जाना है। साथ ही गिरिवर प्लस 2 उच्च विद्यालय में सूक्ष्म प्रेक्षकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसकी सफलता के लिए समाहरणालय के डीआरडीए ब्लॉक 'सी' सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों एवं जिला प्रशिक्षकों के लिए अभ्यास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेंद्र पाठक ने अपडेट किया।

## थाना से सटे व्यवसायी भी अब सुरक्षित नहीं: आनंद शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने गुरुवार को बैठक कर जिले में बढ़ते अपराधिक घटना, व्यवसाईयों की हत्या एवं गोली चलाकर व्यवसाईयों को भयभीत करते हुए पैसा भयदोहन करने की घटना की निंदा की है। उन्होंने छतरपुर निवासी संतोष गुप्ता पर गोली चलाने की घटना की निंदा करते हुए कहा कि इन दिनों हरिहरगंज एवं छतरपुर में व्यवसाईयों की हत्या और गोली चालन की घटना आम होते जा रही है। फिर भी प्रशासन मौन है। ना उद्भेदन कर पा रहा है और ना ही अपराध को नियंत्रित कर पा रही है। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही और अपराधी पकड़े नहीं जाएंगे, अपराध नहीं रुका तो मैं 15 मई के बाद खुद फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर की टीम को लेकर हरिहरगंज एवं छतरपुर जाऊंगा और सभी व्यवसाईयों से मिलकर कहूंगा कि अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर उसकी चाबी पलामू डीसी को सौंप दें। जब कानून व्यवस्था सुधर जाएगा तब हम व्यवसाई अपने प्रतिष्ठानों को खोलेंगे। आनंद शंकर ने पलामू एसपी से मांग की कि अपराधियों को 15 मई तक अवश्य पड़कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। व्यवसाईयों पर अपराध चेंबर बर्दाश्त नहीं करेगा। कहा कि रघुवर राज में यही प्रशासनिक पदाधिकारी थे जहां व्यावसायी खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे थे। मेदिनीनगर से रात 12 बजे भी रांची के लिए बस चलने लगी थी लेकिन सरकार बदलने के साथ ही दिनदहाड़े घटनाएं घट रही है थाना से सेट व्यवसायी भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रधानमंत्री ने 10 वर्षों का कार्यकाल गरीब कल्याण के नाम समर्पित किया : अजय दुबे



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। सभी पार्टी व प्रत्यासी मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। गुरुवार को युवा भाजपा नेता अजय दूबे के नेतृत्व में विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से निवर्तमान सांसद सह पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इससे पहले बुधवार की शाम को तिसीबार ग्राम पंचायत में चुनावी चौपाल लगाया गया। जिसमें काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। चौपाल में अजय दूबे ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना 10 वर्षों का कार्यकाल गरीब कल्याण के नाम समर्पित कर दिया। हर वर्ग के लोगों की भलाई के लिए योजनाएं चलाई। जिला कार्यसमिति सदस्य शंभू शरण सिंह ने निवर्तमान सांसद सह पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम की उपलब्धियां गिनाई। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी सिंह, विनय चौबे, बैजनाथ सिंह, मुनी देवी, शशी कुमार सिंह, बबिता देवी, सुमन देवी, पूनम देवी, अनीता देवी, शर्मिला देवी, उर्मिला देवी, मीणा देवी, नीरा देवी, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मण पासवान, राम ब्यास विश्व कर्मा, अजय चंद्रवंशी, शंभू लाल, संतोष राम, अर्जुन मेहता और बद्री मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

### हुसैनाबाद व हैदरनगर में चुनाव के बहिष्कार को लेकर माओवादियों ने लगाया पोस्टर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने हुसैनाबाद व हैदरनगर थाना क्षेत्र के सुदूर गांवों में लोकसभा चुनाव बहिष्कार संबधित पोस्टरबाजी कर आसपास के इलाके में लंबे समय के बाद अपनी उपस्थिति दर्ज कर दहशत उत्पन्न किया है। गुरुवार की सुबह हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाका महूदंड पंचायत, हैदरनगर बाजार व प्रखंड मुख्यालय से दक्षिण पहाड़ी से सटे गांव बरेवा गांव स्थित पैकस गोदाम व आंगनबाड़ी केंद्र भवन पर पोस्टर लगाया है। जिसमें लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी से नफा नुकसान का जिक्र किया गया है। पोस्टर में आरपीसी नामक संगठन बनाने का भी उल्लेख किया गया है। हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने बताया कि नक्सवाद और उग्रवाद समेत कई विंदुओं पर क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। माओवादी अंतिम सांसे गिन रहे है। उनकी पोस्टरबाजी से लोकसभा चुनाव पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। पोस्टरबाजी के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई की जा रही है। वहीं, हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के सुदूरवर्ती क्षेत्र में पुलिस की ओर से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से निर्भिक होकर मतदान करने व आगामी पांच वर्षों के लिये मनचाहा प्रत्याशी चुनने की अपील की है।

### धनबाद डीसी व एसएसपी ने किया निरसा के संवेदनशील बूथ बैदपुर-मदनपुर का निरीक्षण



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** धनबाद डीसी माधवी मिश्रा एवं एसएसपी हरदीप पी जनार्दन ने लोकसभा चुनाव को लेकर निरसा के संवेदन शील बूथ बैदपुर एवं मदनपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ इंद्रलाल ओहदार एवं मुखिया मौजूद थे। डीसी ने मुखिया को आदेश दिया कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित करें एवं अपने मतों का प्रयोग करने के लिए लोगों को समझाएं, ताकि लोग अपने मतों का प्रयोग कर एक सुंदर एवं सशक्त सरकार देश के प्रदान करें। अपने मताधिकार के उपयोग को भी अच्छी तरह समझे। मतदान के दिन बूथों पर पानी की व्यवस्था, पंक्ति में खड़े लोगों के लिए पंडाल की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, शौचालय की साफ सफाई की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही शांतिपूर्ण मतदान के लिए लोगों को सुबह से अपने मत का प्रयोग करने को कहा। मौके पर निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, निरसा पुलिस मौजूद थे।

### विद्यार्थी परिषद ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाया जागरूकता अभियान




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद की ओर से मेदिनीनगर नगर मंत्री रामाशंकर पासवान की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के छात्रों के बीच, मेदिनीनगर स्थित रिवर फ्रंट पर रंगोली बनाकर जागरूक किया गया। साथ ही शहर के व्यवसायियों के बीच मतदान करने का लोगों से निवेदन किया गया। कार्यक्रम के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यार्थी परिषद पलामू जिले के सभी प्रखंडो में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगी। उक्त अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे ने कहा कि राष्ट्र के उत्थान के लिए राष्ट्र को पुनः विश्व गुरु बनाने, नेशन फर्स्ट वोटिंग मस्ट के स्लोगन को ध्यान में रखते हुए हम सभी सशक्त सरकार बनाने को लेकर पूरे जिले में इस वर्ष अधिकतम मतदान केंद्रो पर अधिकतर मतदान को लेकर कार्यकर्ता पूरे जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं। परिषद के कार्यकर्ता आम जनता से आग्रह कर रहे हैं कि मतदान के दिन अपने मत का प्रयोग निश्चित रूप से करें। उक्त अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गीतांजलि कुमारी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि हम सत प्रतिशत मतदान करेंगे। यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व हैं। हम सभी परिषद के कार्यकर्ता मिलकर पूरे जिले में आम जनों से मतदान करने हेतु आग्रह करेंगें। उक्त अवसर पर परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नितीश दूबे, अभिषेक कुमार रवि, अभय वर्मा, विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी, गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव, उपाध्यक्ष कौशल मिश्रा, महिला महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष सुरभि ठाकुर, अंकित लाल, रोहित गुप्ता, अपराजिता कुमारी, राहुल कुमार चेरो, ऋषिकांत कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स

2 रांची-2

मतदाता जागरूकता को लेकर क्रिक जॉर्नो और रांची जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग की ओर से एक दिवसीय दिवा-रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता हुआ, जिसमें जॉर्नो स्टोर्मस विजेता बना।

## मतदाता जागरूकता को लेकर कैनवास बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

# जॉर्नो स्टोर्म्स बना विजेता, राकेश सिंह बने मैन ऑफ द सीरीज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** क्रिक जॉर्नो और रांची जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग की ओर से आयोजित एक दिवसीय कैनवास बॉल दिवा रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जॉर्नो स्टोर्म्स की टीम ने जीत लिया है। खिताबी मुकाबले में जॉर्नो स्टोर्म्स ने जॉर्नो ब्लास्टर्स को 15 रन से हरा दिया। मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मुख्य स्टेडियम में किया गया, जिसमें 8 टीमों ने हिस्सा लिया।

जॉर्नो स्टोर्म्स के कप्तान राकेश सिंह को शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। जबकि जॉर्नो ब्लास्टर्स के मनोज सिंह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, जॉर्नो ब्लास्टर्स के ही प्रिंस श्रीवास्तव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक, जॉर्नो स्टार्म्स के शिव को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और जॉर्नो स्टोर्म्स के संदीप नाग को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इससे पहले पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी, पूर्व रणजी खिलाड़ी सरफराज अहमद, अजातशत्रु, एसपी गौतम और मोनू सिंह ने जिला स्वीप कोषांग के प्रभारी सह रांची डीडीसी दिनेश कुमार यादव व अन्य अधिकारियों के साथ गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का आधिकारिक आगाज किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों व उपस्थित खिलाड़ियों को आगामी 25 मई को मतदान करने की शपथ भी दिलायी गयी।







### फ्रेंडली मैच में क्रिक जॉर्नो 11 ने स्वीप 11 को हराया

प्रतियोगिता के दौरान मतदाता जागरूकता के मूल संदेश के साथ क्रिक जॉर्नो-11 और स्वीप-11 के बीच एक फ्रेंडली मैच भी खेला गया, जिसमें क्रिक जॉर्नो-11 ने स्वीप-11 को आसानी से हरा दिया। स्वीप-11 के दिनेश कुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, मोनू को मैन ऑफ द मैच और राकेश सिंह को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। बतातें चलें कि क्रिक जॉर्नो खेल के प्रति जुनूनी पत्रकारों की एक निबंधित संस्था है, जिसकी पहल पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

## राष्ट्रवाद व विकास का एक मात्र विकल्प भाजपा ही है : रूपा




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर विस क्षेत्र में भाजपा ने लोकसभा चुनाव का अपना प्रचार वाहन बुधवार को रवाना किया। बीमोड़ पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, विस सह संयोजक अनुज पांडेय व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने संयुक्त रूप से पार्टी का झंडा दिखाकर रवाना किया। रूपा सिंह ने कहा कि देश में राष्ट्रवाद और विकाश का एकमात्र विकल्प भाजपा ही है। विपक्षी पार्टियां तो टुकड़े टुकड़े गैंग की समर्थक है। अनुज पांडेय ने पार्टी प्रत्यासी सह सांसद वीडी राम के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में ऐतिहासिक कार्य हुआ है। मौके पर सोशल मीडिया प्रभारी उपेंद्र तिवारी, रेखा सिंह, विकास चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने धनबाद लोस से किया नामांकन, उमड़ी भीड़

# भाजपा को मतदाताओं से वोट मांगने का भी अधिकार नहीं है: चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेससी प्रत्यासी अनुपमा सिंह ने बुधवार को धनबाद लोकसभा केंद्र से नामांकन दाखिल किया। इसके बाद गोल ग्राउंड में चुनावी सभा की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल हुए। उन्होंने चिलचिलाती गर्मी में भी पहुंची लाखों कार्यकर्ताओं-समर्थकों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा ति आज पूरे देश में अलग ही माहौल है। 2014 से हमें सिर्फ जुमले की सरकार ही देखने को मिली है। यह लोकतंत्र पर हमला है, जो हमें बर्दाश्त नहीं है। धनबाद मजदूरों का है, यहां असंगठित मजदूर हैं। आज मजदूर दिवस के अवसर पर अनुपमा सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया है। राजेंद्र बाबू ने मजदूरों की लड़ाई लड़ी है। यह उस परिवार की बेटी है जो हमेशा से मजदूरों को हक दिलाने के लिए संघर्ष करता रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को तो वोट मांगने का भी अभी अधिकार नहीं है। आज भाजपा नेताओं ने जिस गांव को गोद लिया उसमें एक ईंट भी नहीं रखी गई है। यही उनका परिचय है। तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपाई और खुद पुरधानमंत्री आज मोदी की गारंटी की बात कर रहे हैं। पर वे लोग कभी महंगाई और मजदूरों के हित की बात नहीं करते हैं। 10 सालों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दम आसमान छू रहे हैं।


मंच पर प्रत्याशी अनुपमा सिंह और मथुरा महतो के साथ मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के जितने भी भ्रष्टाचारी हैं उसे भाजपा वाशिंग मशीन में डालकर स्वच्छ छवि वाला बनाने पर तुली है। हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया, तब जाकर यह लोकतंत्र बना है। जिस पर भाजपा कुठाराघात कर रही है। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, मजदूर हित पर हमेशा काम किया है। और भाजपा की सरकार ने सिर्फ झूठ की खेती बोया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता भाजपा से एक-एक उपेक्षा का भाजपा से बदला लेगी और इस बार के लोकसभा चुनाव में सबक सिखाएगी। कहा कि महागठबंधन की लहर पूरे देश में है। मतदाता मिलकर आइएनडीआइए महागठबंधन के प्रत्यासियों के समर्थन में मतदान कर जितायें। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि देश में भेदभाव की राजनीति कर भाजपा मूल मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। कहा कि धनबाद मजदूरों का क्षेत्र है। यहां के मजदूरों के बीच से ही कोई दिल्ली जाएगा तभी मजदूर हित में काम होगा। कहा कि भाजपा विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ही एक-एक कर बड़े व इमानदार नेताओं को झूठे मामलों में फंसाकर जेल में डाल रही है। पर ऐसा कर आवाज को दबा नहीं पायेगी। जनता सब देख रही है और लोकसभा चुनाव में इसका उपयुक्त जवाब देगी। झारखंड में सभी 14 लोकसभा सीट मुख्यमंत्री चंपाई सोरेने के नेतृत्व में आइएनडीआइए गठबंधन जीतेगी। वहीं, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने कहा कि आपने देखा होगा कि रांची में उलगुलान महारैली में कितनी भीड़ हुई थी। बिल्कुल आइएनडीआइए गांठबंधन जीतेगी। प्रदेश के लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन के साथ जो हुआ उससे पूरा देश आक्रोश में है। मुझे विश्वास है कि झारखंड की सभी 14 सीटे आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्यासी जीतेंगें। इस मौके पर सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख, आलमगीर आलम, मथुरा महतो, पूर्णिमा सिंह, अनूप सिंह, एके झा, अखलाल अहमद, संतोष सिंह, रशीद राजा अंसारी, श्वेता सिंह, लखी सोरेन, मन्नू आलम, कुमार गौरव, तारकेश्वर यादव, मुमताज कुरैशी, डीएन सिंह, सागर मंडल, नीलम मिश्रा, सुल्तान अहमद, रामगोपाल भावनिया, शमशेर आलम, मदन महतो, अभिजीत राज, आमिर हाशमी, सीता राणा, राजू दास, प्रीतम रवानी, गजेन्द्र सिंह, गजेंद्र सिंह, जहीर अंसारी और प्रभात सरोलिया आदि मौजूद थे।

## भाजपा ने 10 साल में विकास के नाम पर जनता से किया छलावा : चंद्रेश शुक्ला



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हाउसिंग क्लोनी में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर कांग्रेस के महासचिव चंद्रेश शुक्ला ने भाजपा के खिलाफ जमकर जुबानी हमला बोला। कहा कि भाजपा ने धनबाद में 10 सालों से विकास के नाम पर सिर्फ लोगो से छलावना ही किया है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के नाम पर विभिन्न परियोजनाओं की घोषणा की, लेकिन वास्तविकता में कुछ भी कम नहीं हुआ। उन्होंने देश की संपत्तियों को बेचने और जांच एजेंसियों का हलत इस्तेमाल का भी आरोप लगाया।

## बाल विवाह की खबर पाते ही हरकत में आयी पुलिस, रास्ते से बैरंग लौटी बारात

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर काम कर रही सामाजिक संस्था सहयोगिनी की शिकायत पर चंदनकियारी थाना अंतर्गत बरमसिया ओपी क्षेत्र से एक नाबालिग का विवाह होने से रोक दिया गया। सहयोगिनी संस्था ने बाल कल्याण समिति को लिखित सूचना दी कि चास के झालबरदा बस्ती की रहने वाली एक नाबालिक का बाल विवाह एक मई को होने वाला है। उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बाल कल्याण समिति की न्यायिक बैंच ने बाल विवाह निषेध पदाधिकारी सह चंदनकियारी के बीडीओ को पत्र लिखकर अविलंब बाल विवाह रोकने को कहा। जिसकी प्रति बोकारो डीसी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी को दिया गया। बीडीओ, पुलिस एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम पहुंच गई और शादी पर रोक लगा दिया। हालांकि परिजनों की ओ्र से शादी की सभी तैयारी पूरी कर ली गई थी और घर में मेहमानों की भीड़ लगी हुई थी। बाल विवाह रोकने के लिए पहुंची टीम को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। बालिका को कूक के समग्र प्रस्तुत भी किया गया। इसके बाद बालिका की माता ने सीडब्ल्यूसी के नाम लिखित पत्र देकर कहा कि जब तक बालिका की उम्र 18 वर्ष नहीं हो जाती है, तब तक विवाह नहीं करेगी। वहीं, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष शंकर रवानी, सदस्य प्रीति प्रसाद, रेणु रंजन, प्रगति शंकर, मो रजी अहमद ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए बाल विवाह को रोक दिया। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि बोकारो जिले में बाल विवाह के खिलाफ 150 गांव में 251000 लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण करवाया गया है।

## सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता को 25 हजार घूस लेते सीबीआइ ने दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र के सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता आरपी पांडेय को बुधवार की शाम छह बजे उनके कुमारधुबी स्थित आवास से कुछ दूर स्थित भाग्यलखी कोलियरी के समीप हरियाजाम के एक कर्मी से घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। सीबीआई की टीम ने आरपी पांडे को रातभर मुगमा गेस्ट हाउस में रखकर पूछताछ करने के बाद गुरुवार की सुबह अपने साथ धनबाद ले आई। हालांकि इस पूरे मामले में न तो सीबीआइ के अधिकारी ना ही शिकायतकर्ता ने ही कुछ बताया। उधर, गुरुवार की सुबह भी सीबीआई के अधिकारी आरपी पांडे के आवास पर आते जाते रहे। वहीं, घटना के बाद आरपी पांडे के हरियाजाम कोलियरी कार्यालय को भी सील कर दिया था। हालांकि गुरुवार की सुबह जांच के बाद आफिस को खोल दिया गया। उधर, क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है कि हरियाजाम



कोलियरी में कार्यरत संजीव सिन्हा नामक कर्मी का तबादला सेंट्रलपुल रेलवे साईडिंग में करवाने का सौदा एक लाख रुपया में तय हुआ था। उसी कड़ी में बुधवार को संजीव सिन्हा 25 हजार रुपया पहली किश्त देने कुमारधुबी कोलियरी उनके आवास पर पहुंचा था। लेकिन इससे पूर्व उसने इसकी शिकायत सीबीआई से कर दी थी। इसके बाद ही सीबीआई ने अभिकर्ता को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। जैसे ही उक्त व्यक्ति ने अभिकर्ता को पैसा दिया सीबीआइ ने रंगे हाथ पकड़ लिया। करीब डेढ़ घंटे तक उनसे पूछताछ की और घर की जांच की। इस संबंध में पूछे जाने पर सीबीआई के अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया। सीबीआइ की टीम सुबह 9 बजे आरपी पांडेय को लेकर धनबाद रवाना हो गई। घटना से ईसीएल के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। हालांकि कोई भी अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहा हैं। बताया जाता है कि सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता आरपी पांडेय कुछ माह पूर्व पदभार ग्रहण किया था । इसके पूर्व मुगमा क्षेत्र के बड़मुरी, कुमारधुबी, लख्खीमाता श्यामपुर बी कोलियरीयों में पदस्थापित रह चुके हैं। गौरतलब हो कि आरपी पांडेय नौ महीने बाद सेवानिवृत होने वाले थे। एक सप्ताह पहले ही बेटी की शादी के बाद बुधवार को डियूटी ज्वाइन किया था। बतातें चलें कि मुगमा एरिया में सीबीआई के चढ़ने वाले अभिकर्ता आरपी पांडेय तीसरे अधिकारी हैं। जो रिश्वत लेते पकड़े गए हैं।

## मतदाता जागरूकता को लेकर नप ने निकाली प्रभात फेरी

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नगर परिषद की ओर से मतदाता जागरूकता को लेकर प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रमिक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार ने किया। कहा कि लोकतंत्र का महापर्व सामने हैं। 25 मई को मतदान होना है। शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत संतोषजनक नहीं है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन स्वीप कोषांग द्वारा लगातार जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## मजदूर व किसान देश की ताकत-धरोहर उनके लिए काम करता रहूंगा : ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर बुधवार को कोयलांचल स्टील कामगार यूनियन के महासचिव एवं भाजपा सदस्य रवि चौबे, सेल/बोकारो, बियाडा, चासनल्ला आदि जगहों पर मिठाइ बांटकर व अंग वस्त्र देकर सभी मजदूरों के साथ खुशी मनाई गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्यासी ढुल्लू महतो भी उपस्थित हुए। उनके साथ बोकारो विधायक बिरंची नारायण, भाजपा नेता रोहित लाल सिंह और सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र चौबे ने भी मजदूरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ढुल्लू महतो ने कहा कि मैं खुद मजदूर परिवार से हूं। जो आप सभी के आशीर्वाद और अपने मेहनतकश भाई-बहनों के बेहतर कल के लिए लड़ने के लिए खड़ा हूं। क्योंकि मैं उनका व उनके परिवार का दर्द महसूस कर सकता हूं। उन्होंने मजदूरों को आश्वासन दिया कि चुनाव आते-जाते रहेंगे लेकिन इस मेहनतकश मजदूर वर्ग के प्रति काम, समर्पण और स्नेह हमेशा बना रहेगा। मजदूरों के न्याय के लिए हमेशा मौजूद रहूंगा। वहीं, हरेंद्र चौबे ने सांसद प्रत्याशी व बोकारो विधायक से मजदूरों को चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाने के लिए बोकारो जनरल अस्पताल में ईएसआईसी चिकित्सा सुविधा देने की अपील की। इस पर केएसकेयू के महासचिव रवि चौबे ने बोमनजी पेस्टनजी वाडिया, पंडित बिंदेश्वरी दूबे, दत्तोपंत ठेंगड़ी, पीएन त्रिपाठी, राजेंद्र सिंह, समरेश सिंह आदि को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मजदूरों के मसीहा डॉ जी संजीवा रेडी को भी नमन किया।

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा**
*Phone- 06541-223994,*
*E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com*

**"आम सूचना"**

लोक सभा आम निर्वाचन–2024 के सफल संचालन हेतु सामान्य जन के चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार के शिकायतों के समाधान हेतु 24x7 कार्यरत् जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत एवं जानकारी हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या–06541–253219 मोबाईल नं0–9117619352 एवं Voter Helpline Number - 1950 (Toll Free No.) पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
PR 324312 Election(24-25)#D –सह–उपायुक्त, चतरा

**समाहरणालय रामगढ़ (वाहन कोषांग)**

प्रेस विज्ञप्ति
लोकसभा आम चुनाव– 2024 परिवहन कोषांग, रामगढ
आवश्यक सूचना

सभी वाहन मालिको को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु अधिग्रहित वाहनो को दिनांक 15.05.2024 अथवा इसके पूर्व आवश्यकतानुसार किसी भी तिथि को जमा करते समय निम्नांकित कागजातों के साथ समर्पित करना सुनिश्चित करेगें:–

1. स्व– अभिप्रमाणित बैंक खाता की छायाप्रति।
2. वाहन का निबंधन प्रमाण–पत्र (RC)
3. वाहन चालक का ड्राईविंग लाईसेंस
4. वाहन चालक एवं सह–चालक का मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति।

विदित हो कि लोकसभा आम चुनाव 2024 सर्वाधिक प्राथमिकता प्राप्त कार्य है जिसके लिए आवश्यक वाहनों का अधिग्रहण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अन्तर्गत किया गया है। किसी भी परिस्थिति में त्रुटिरहित तरीके से ससमय चुनाव का कार्य पूर्ण करवाना बाध्यकारी है, जिसमें वाहन अधिग्रहण से संबंधित किसी भी आदेश के आलोक में अथवा आवश्यकतानुसार किसी भी तिथि के अनुसार वाहन जमा करने के आदेश में लापरवाही या उक्त आदेश के अवमानना को चुनाव अपराध के रूप में लिया जाएगा एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 के अंतर्गत एक वर्ष की कैद, फाईन अथवा दोनो के साथ–साथ भारतीय दंड संहिता 1860 तथा मोटर वाहन अधिनियम 1988 के सुसंगत धाराओं के तहत वाहन मालिकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।
इसे अत्यावश्यक समझे।

ह०/–
नोडल पदाधिकारी, वाहन कोषांग
–सह–जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़
PR 324306 Election(24-25).D

**समाहरणालय सिमडेगा**
dprosimdega@yahoo.in
**(डाक मतपत्र कोषांग)**

**आदेश**

11–खुँटी (ST) लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 70–सिमडेगा विधान सभा एवं 71–कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र के वैसे मतदाता जो मतदान की तिथि (13.05.2024) को आवश्यक सेवाओं (AVES) में संलग्न रहने के कारण अपने मतदान केन्द्र पर मताधिकार के प्रयोग से वंचित मतदाताओं को डाक मतपत्र के द्वारा समाहरणालय सिमडेगा सभा कक्ष में संचालित Postal Voting Centre (PVC) पर निम्नानुसार मतदान की सुविधा प्रदान की जायेगी :–

| क्र0 सं0 | Postal Voting Centre का नाम | मतदान की तिथि | मतदान का समय | नोडल पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला समाहरणालय सिमडेगा सभा कक्ष। | 07.05.2024 से 09.05.2024 | सुबह 9:00 AM से 5:00 PM तक | C.O T.Tangar -7979086484<br>मिथुन कुमार, लिपिक<br>शांता कुमारी तिर्की, लिपिक–8809129897<br>अंगद कुमार विनायक, लिपिक<br>अनिता सोरेंग, कम्प्युटर आपॅरेटर |

अतः उक्त परिपेक्ष में Postal Voting Centre (PVC) में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेश दिया जाता है वे उपर्युक्त तालिका में अंकित तिथि एवं समय के अनुसार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, सिमडेगा
PR 324279 Simdega(24-25)#D

### मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने दाखिल किया नामांकन, उमड़े कार्यकर्ता-समर्थक

# रोजगार, एम्स अस्पताल व हवाईअड्डा पहली प्राथमिकता: जगदीश रवानी

**कहा- मासस की जीत से ही होगा धनबाद कोयलांचल का चौमुखी विकास**

## धनबाद के मतदाता एकजुट हों और भाजपा को उखाड़ फेंकें : अरूप चटर्जी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने गुरुवार को हजारों समर्थकों की मौजूदगी में डीसी कार्यलय पहुंच कर नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, केंद्रीय सचिव बबलू महतो और मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो भी शामिल थे। वहीं, नामांकन रैली में बोकारो, चंदनक्यारी, सिंदरी, झरिया, निरसा और धनबाद से सैकड़ों बाइक, तीन पहिया व चार पहिया वाहनों में भरकर मासस कार्यकर्ता जिला परिषद मैदान पहुंचे एंव उक्त स्थान से खुले जीप में मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी,


नामांकन पत्र दाखिल करने जाते मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी। साथ में अरूप चटर्जी।

पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, बबलू महतो, पवन महतो, रुस्तम अंसारी सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए सिटी सेंटर पहुंचे जहां से पैदल मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी के नेतृत्व में धेया रानी तालाब होते हुए मेमको मोड़ पहुंचे। वहां सर्वप्रथम शहीद मनिंद्र नाथ मंडल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद पूर्व विधायक आनंद महतो, अरूप चटर्जी, बबलू महतो आदि के साथ डीसी कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद बाहर निकल कर पत्रकारों से बातें करते हुए मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने केंद्र की भाजपा सकार के खिलाफ जमकर जुबानी हमला बोला। देश को आर्थिक गुलामी की ओर धकेलने का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि वर्तमान में देश व समाज को सशक्त बनाने के लिए युवाओं के पास डिग्री तो है, लेकिन नौकरी नहीं है। धनबाद के तीन बार के सांसद पीएन सिंह की खामियां को छुपाने के लिए प्रत्याशी बदल दिया गया। एम्स, हवाई अड्डा दूसरे क्षेत्र में चला गया। बैंक मोड़ का फ्लाई ओवर सकृंत है। उसकी आवाज उठाने वाले सांसद संसद भवन में सो रहे थे। उन्होंने कहा कि मासस की जीत से ही धनबाद कोयलांचल का चौमुखी विकास होगा। वहीं, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि इस बार का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। खास कर धनबाद लोकसभा क्षेत्र की आम जानता के लिए, क्योंकि धनबाद से कई महत्वपूर्ण योजनाएं दूसरे क्षेत्र चले गए हैं। इस बार मोदी सरकार को देश की गद्दी से बाहर करना होगा। कहा कि धनबाद के मतदाता एकजुट होकर भाजपा को उखाड़ फेंकें। इस मौके पर मासस जिला अध्यक्ष बिन्दा पासवान, महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, दिलीप तिवारी, दिल मोहम्मद, बादल बाउरी, संतु चटर्जी, सबुर गोराई, राणा चटराज, गणेश महतो, हेमलता देवी, अंजू चटर्जी, काशीनाथ मंडल आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर परिषद रामगढ़।**

आदेश

रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्रांतर्गत सभी निवासियों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत किसी भी प्रकार के भवन निर्माण करते समय अग्निशमन तथा अन्य वाहनों के सुगमता पूर्वक आवगमन हेतु भवन के सामने 20 फीट चौड़ाई का सड़क होना अनिवार्य है।

अतः नगर परिषद रामगढ़ क्षेत्र के सभी भू–स्वामियों तथा भवन निर्माताओं को निदेश दिया जाता है कि किसी प्रकार का भवन निर्माण कार्य करने के पूर्व यह सुनिश्चित करें कि भवन के सामने 20 फीट चौड़ी सड़क मौजुद हो। भवन के सामने 20 फीट से कम चौड़ी सड़क होने की स्थिति में भू–स्वामी तथा भवन निर्माता निर्धारित चौड़ाई के सड़क हेतु अपने भवन के निर्माण के पूर्व भवन के सामने आवश्यक स्थान (Front Set Back) छोड़ना सुनिश्चित करें।

इस निदेश का अनुपालन नहीं करने पर इस कार्यालय द्वारा उक्त भवनों के भू–स्वामियों तथा भवन निर्माताओं के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने हेतु स्वतंत्र होगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी भू–स्वामियों तथा भवन निर्माताओं की होगी।

प्रशासक
नगर परिषद रामगढ़।
PR 324270 District(24-25)D

न्यूज रील्स

## सीएम नवीन पटनायक ने कंटाबांजी विधानसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक कंटाबांजी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। नवीन का यह दूसरा निर्वाचन क्षेत्र है। हिंजिली के बाद उन्होंने आज कंटाबांजी से अपना नामांकन दाखिल किया। हेलीकॉप्टर से टिटिलागढ़ पहुंचने के बाद नवीन ने अपना नामांकन दाखिल करने के लिए उप-कलेक्टर के कार्यालय तक एक शोभा यात्रा निकाला।

## बीजेपी ने 6 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीजेपी ने 6 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया। बीजेपी ने घषिपुरा, वोगराई, भंडारीपोखरी, बरी, बारबाटी-कटक और बेगुनिया के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। घषिपुरा से डॉ शंभुनाथ राउत, वोगराई से आशीष पात्र, भंडारीपोखरी से सुधांशु नायक, बरी से उमेश चंद्र जेना, बारबाटी-कटक से डॉ पूर्णचंद्र महापात्र और बेगुनिया से प्रकाश चंद्र रणबिजुली को उम्मीदवार बनाया है।

# जिंदल स्टेनलेस ने 5,400 करोड़ रुपये के रणनीतिक निवेश और क्षमता को बढ़ाकर 4.2 एमटीपीए करने की घोषणा की

- इंडोनेशिया में 1.2 एमटीपीए क्षमता वाली स्टेनलेस स्टील मेल्ट शॉप के लिए संयुक्त उद्यम में 49% हिस्सेदारी
- जाजपुर, ओड़िशा में डाउनस्ट्रीम क्षमता का विस्तार
- मुंद्रा, गुजरात में क्रोमेनी स्टील्स में 54% इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस ने दुनिया में सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील निर्माताओं में शुमार होने के उद्देश्य के साथ अपनी मेल्टिंग और डाउनस्ट्रीम क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रमुख विस्तार और अधिग्रहण योजनाओं की घोषणा की। कंपनी ने स्टेनलेस स्टील में वैश्विक नेतृत्व हासिल करने के लिए करीब 5,400 करोड़ रुपये की तीन स्तरीय निवेश रणनीति का ऐलान किया। जिंदल स्टेनलेस ने इंडोनेशिया में 12 लाख मैट्रिक टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) निर्माण क्षमता वाली स्टेनलेस स्टील मेल्ट शॉप (एसएमएस) स्थापित और संचालित करने के लिए संयुक्त उद्यम में हिस्सेदारी ली है। इसमें 700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने के साथ ही कंपनी की मेल्टिंग क्षमता 40 प्रतिशत बढ़कर 4.2 एमटीपीए हो जायेगी। कंपनी ने मेल्टिंग क्षमता में वृद्धि की प्रक्रिया के तहत ओड़िशा के जाजपुर में अपनी डाउनस्ट्रीम लाइनों के विस्तार के लिए लगभग 1,900 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। इसके अलावा कंपनी ने रेलवे साइडिंग, स्थिरता संबंधी परियोजनाओं और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन जैसी बुनियादी ढांचा सुविधाओं की प्रगति के लिए लगभग 1,450 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं।

जिंदल स्टेनलेस के निदेशक मंडल से मंजूरी प्राप्त ऐतिहासिक फैसलों को लेकर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक, अभ्युदय जिंदल ने कहा, इन अधिग्रहणों और निवेशों के साथ हमने अग्रणी कंपनियों में शुमार होने के लिए एक स्पष्ट विकास योजना तैयार की है। कार्यकारी निदेशक और ग्रुप सीएफओ, अनुराग मंत्री ने कहा, यह निवेश विशेष रूप से हमारी डाउनस्ट्रीम कोल्ड रोल्ड क्षमताओं को संतुलित करने में योगदान देकर इन्हें वैश्विक मानकों के करीबले जायेगा। इंडोनेशिया में उत्पादन का वैकल्पिक मार्गखुलने से कच्चे माल को लेकर जोखिम में कमी आएगी। हम इन निवेशों को आंतरिक संसाधनों और ऋण के संयोजन के माध्यम से वित्तपोषित करेंगे, जबकि उत्तोलन (लीवरेज) अनुपात पर करीबी नजर रखेंगे। इस अवसर पर, सीइओ और पूर्णकालिक निदेशक, तरुण खुल्बे ने कहा, इंडोनेशिया में अपस्ट्रीम सुविधाओं में निवेश एक जल्द काम कर दिखाने वाला मॉडल है, जिसकी साइट पर मौजूदा औद्योगिकी पार्क सुविधाओं को देखते हुए अगले 24 महीने में संचालन शुरू होने की उम्मीद की जा सकती है। लॉजिस्टिक्स और ऊर्जा लागत इंडोनेशिया को ऐसे निवेशों के लिए और अधिक अनुकूल बनाती है। इसके अलावा, इंडोनेशिया सरकार ने निकेल अयस्क के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है औरवह दीर्घकालिक कर छूटों के माध्यम से डाउनस्ट्रीम सुविधाओं में निवेश को बढ़ावा दे रही है। क्रोमेनी का अधिग्रहण हमारे अलग-अलग उत्पादों में कोल्ड रोल उत्पादों को विस्तार देने की हमारी रणनीति के अनुरूप है।

# वेदांता एल्यूमिनियम ने पेश की अनूठी सोशल मीडिया कैम्पेन कॉमिकअल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अगर आप यह सोचते हैं कि धातु व खनिजों के बारे में भला हंसने-मुस्कुराने को क्या है तो एक बार फिर सोचिए। बिजनेस-टू-बिजनेस की बनी-बनाई परिपाटी को त्यागते हुए भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने एक अनोखी सोशल मीडिया कैम्पेन लांच की है जिसका शीर्षक है कॉमिकअल। इस कैम्पेन के लिए एल्यूमिनियम की बहुमुखी विशेषताओं को पुनः प्रासंगिक बनाया गया है। काबिले गौर है कि भविष्य की धातु कहलाने वाले





एल्यूमिनियम को दिलचस्प तरीकों से दशार्या गया है। **इस कैंपेन को इन लिंक्स पर देखा जा सकता है** कौन जानता था कि कई अत्याधुनिक एप्लीकेशंस में उच्च गुणवत्ता वाली शीर्ष परफॉरमेंस देने वाली धातु का एक हल्का-फुल्का पक्ष भी है (जी हां बिल्कुल)। एल्यूमिनियम अपनी उच्च शक्ति-भार अनुपात के लिए मशहूर है जिसका मतलब है कि भले ही यह वजन में हल्का हो किंतु मजबूती के मामले में यह खूब भारी है। और दिलचस्प बात यह है कि अब एल्यूमिनियम की ताकत का हास्य भरा पहलू भी लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है और इसका श्रेय जाता है वेदांता एल्यूमिनियम को। इस विशेष कैंपेन के अंतर्गत कंपनी ने आकर्षक सोशल मीडिया पोस्ट की श्रृंखला रची है जो इस बात की गारंटी देती है कि सोशल मीडिया प्रयोक्ता इसे दोबारा देखना चाहेंगे। इस श्रृंखला में चतुराईपूर्ण व्यंग्य और विनोदपूर्ण हास्य के संग एल्यूमिनियम की विलक्षण दुनिया पर प्रकाश डाला गया है। उदाहरण के लिए, बीती रात के बचे खाद्य पदार्थ को एल्यूमिनियम फॉइल में कुशलता से लपेटा गया है और साथ में शीर्षक दिया गया है फॉइल्ड अगेन! जी हां, कंपनी का यह हास्य भी वैसा ही मजबूत है जैसा एल्यूमिनियम है, बेशक यह कैम्पेन इतना सक्षम है कि एल्यूमिनियम को देखने का लोगों का नजरिया बदल देगी। यह कैंपेन वेदांता एल्यूमिनियम के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स - लिंक्डइन, फेसबुक, ट्विटर व इंस्टाग्राम-पर लाइव है। इस आनंद से वंचित न रहें-फॉलो करें, लाइक करें और इन्हें अपने दोस्तों व परिजनों के संग शेयर करें। वेदांता एल्यूमिनियम आमंत्रित करती है अपनी ऑडियेंस को कि वे इन पोस्ट का इस्तेमाल हास्य और जानकारी फैलाने के लिए करें।

## धर्मेंद्र प्रधान ने संबलपुर लोकसभा सीट के लिए समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को भाजपा की ओर से संबलपुर लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। हजारों समर्थकों के साथ वह अपना नामांकन दाखिल करने के लिए संबलपुर उप-कलेक्टर के कार्यालय पहुंचे। आठमलिक के पूर्व विधायक रमेश साए और प्रणब प्रधान ने उनके प्रमुख समर्थकों के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ अपना नामांकन दाखिल करने से पहले मां समलेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। धर्मेंद्र प्रधान पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले वे विभिन्न राज्यों से राज्यसभा के सांसद के रूप में चुने गये थे। यह पहली बार है जब वह संबलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

## भुवनेश्वर में विस्तारा के विमान की आपातकालीन लैंडिंग, ओलावृष्टि के कारण विंडशील्ड में दरार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नयी दिल्ली विस्तारा के एक विमान बुधवार को भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर उड़ान भरने के तुरंत बाद आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। सूचना मिला है कि उड़ान दोपहर करीब 1:45 बजे भुवनेश्वर से रवाना हुई थी और विमान ने प्राथमिकता के आधार पर 10 मिनट बाद वापस उतरने के लिए सहायता मांगी थी। खबरों के अनुसार बुधवार को ओडिशा के कई हिस्सों में हुई ओलावृष्टि के कारण विस्तारा की उड़ान की विंडशील्ड के साथ कक पिट पर दरार आ गयी। इस संबध में भुवनेश्वर हवाई अड्डे के निदेशक प्रसन्न प्रधान ने बताया कि विंडशील्ड के साथ आर कुछ हिस्सों को भी कुछ नुकसान हुआ है। घटना के बाद उड़ान बिना किसी सहायता के सुरक्षित रूप से उतर गयी। रिपोट्र्स के मुताबिक, फ्लाइट में करीब 170 से 180 यात्री सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सभी यात्री हवाई अड्डे पर इंतजार कर रहे हैं और यात्रियों को ले जाने के लिए दूसरी उड़ान की व्यवस्था की गयी है। जरूरी मरम्मत के बाद ही फ्लाइट रवाना होगी। यह हवाई अड्डे पर एक सामान्य लैंडिंग थी।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

# सम अस्पताल ने विश्व टीकाकरण सप्ताह मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विश्व टीकाकरण सप्ताह 2024 बाल चिकित्सा विभाग और भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी, चिकित्सा विज्ञान संस्थान की भुवनेश्वर शाखा और भुवनेश्वर शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा प्रबंधित सभी अस्पतालों के संयुक्त सहयोग से पिछले 24 से 30 अप्रैल तक एक सप्ताह के लिए मनाया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल के बाल रोग विभाग की प्रमुख प्रो (डॉ) ममतादेवी महांति ने किया, जबकि ओपीडी, बाल रोग वार्ड और नवजात बाल रोग वार्ड में बच्चों के माता-पिता के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और बताया गया कि टीकाकरण बच्चों को विभिन्न संक्रमणों से कैसे बचाता है। बच्चों और बुजुर्गों दोनों में टीकाकरण के महत्व के बारे में आईएमएस और सम अस्पताल के स्नातक छात्रों को जागरूक करने के लिए स्नातकोत्तर छात्रों और नर्सिंग अधिकारियों के बीच एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी प्रकार शिशु रोग विभाग में प्रशिक्षुओं के बीच पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 30 अप्रैल को सामुदायिक चिकित्सा विभाग के साथ साझेदारी में एक अंतर-विभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में लगभग 100 डॉक्टरों और नर्सों ने भाग लिया। दोनों विभागों के संकायों ने टीकाकरण के नवीनतम रुझानों के बारे में जानकारी प्रदान की।

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र का निवल लाभ चौथी तिमाही में 45% बढ़कर 1,218 करोड़ हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने निवल ब्याज आय और गैर-ब्याज आय में सुदृढ़ वृद्धि और अपेक्षाकृत लोअर टैक्स प्रावधान के चलते 840 करोड़ की तुलना में 1,218 करोड़ के निवल लाभ के साथ वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में वर्ष-दर-वर्षआधार पर45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। बैंक ने वित्तीय वर्ष 24 के लिए 10 अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर पर 1.40 के लाभांश की भी घोषणा की और वित्तीय वर्ष 25 में इक्विटी जारी करने के साथ ही 7,500 करोड़ की पूंजी जुटाने को मंजूरी दी। निधु सक्सेना, प्रबंध निदेशक और सीईओ ने कहा कि बैंक पिछली लगभग 15 तिमाहियों में प्राप्त किए गये लाभप्रदता और दक्षता मापदंडों को बनाये रखेगा, यद्यपि बैंक कासार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच अगले एक वर्ष में अपनी रैंकिंग (व्यवसाय के आकार के अनुसार) में एक पायदान की वृद्धिऔर 2-3 वर्षों में दो पायदान की वृद्धि करने के साथ उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण बैंक बनने का लक्ष्य है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ कहा कि बैंक की पूंजी का वर्तमानस्तर अगले एक वर्ष की ऋण वृद्धि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है तथा बैंक सेबी के 75 प्रतिशत की न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंड को पूरा करने के लिए उचित समय पर बाजार के अवसरों का लाभ उठायेगा और यह पूंजी पर्याप्तता अनुपात को बेहतर बनाने में भी सहायक होगा।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
TOYS
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
- All Computer Courses
- Vocational Courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate
- Yearly Career Guidance
- Seminar in your City

FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

# महाप्रबंधक ने कटक और भुवनेश्वर रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की प्रगति की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) महेश कुमार बेहेरा ने कटक और भुवनेश्वर दोनों रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया और रेलवे स्टेशनों में चल रहे पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बेहेरा ने रेलवे अधिकारियों को काम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं को समय पर पूरा करने पर जोर देने के साथ लक्ष्यों को पूरा करने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की बात कही। पुनर्विकास परियोजना का उद्देश्य भुवनेश्वर और कटक स्टेशनों को विश्व स्तरीय यात्री सुविधाओं के साथ शहर के आकर्षण का केंद्र बनाने और यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को बढ़ाने के दृष्टिकोण को साकार करना है। बेहेरा द्वारा कटक और भुवनेश्वर रेलवे स्टेशनों के दोनों तरफ के प्रवेश द्वारों और चलने वाले क्षेत्रों के साथ-साथ पुनर्विकास कार्यों की प्रगति के गहन मूल्यांकन के प्रदर्शन के संबंध में टिप्पणियां की गयी हैं। पुनर्विकास में पहुंच मार्गों के साथ दो/तीन/चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग, पिकअप और ड्रॉप पॉइंट, एंबुलेंस, वीआईपी वाहनों के लिए पार्किंग आदि जैसी सुविधाएं होंगी, जिसमें चौड़ी पहुंच वाली सड़कें, प्रतीक्षा कर रहे यात्रियों के लिए एयर कॉनकोर्स, फुट ओवर ब्रिज, एकीकृत यात्री सुविधाएं शामिल होंगी।

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
- परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
- छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
- अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
- रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट

Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**